

पश्चिम एशिया : उड़ानों में जोखिम के साथ बढ़ी लागत भी - 12



तेल की आपूर्ति पर दबाव कम करने के लिए लागू करें वर्क फ्रॉम होम हवाई यात्रा घटाएं - 12



भारत से जुड़ी कोई गुप्त गतिविधि अथवा कार्रवाई अब कनाडा में नहीं - 13



हर्षित राणा आईपीएल 2026 के पूरे टूर्नामेंट से बाहर - 14


आज का मौसम
27.0° अधिकतम तापमान
17.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.12
सूर्यास्त 06.20

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया 11:56 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 21 मार्च 2026, वर्ष 36, अंक 43, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## युद्ध से महंगा हुआ तेल...औद्योगिक डीजल 22 और प्रीमियम पेट्रोल दो रुपये लीटर बढ़ा

### वैश्विक तेल कीमतों में आए उछाल के बीच हुई वृद्धि, सामान्य तेल की कीमतों में बदलाव नहीं

- दिल्ली में प्रीमियम पेट्रोल अब 101.89 रुपये, औद्योगिक डीजल 109.59 रुपये हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रीमियम या उच्च श्रेणी के पेट्रोल की कीमत में शुक्रवार को दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई, जबकि औद्योगिक उपयोगकर्ताओं को बेचे जाने वाला थोक डीजल लगभग 22 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। यह वृद्धि पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक तेल कीमतों में आए उछाल के बीच हुई है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं होगा।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रीमियम 95-ऑक्टेन पेट्रोल की कीमत 99.89 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 101.89 रुपये कर दी गई है। इसके साथ ही, दिल्ली में थोक या औद्योगिक डीजल की कीमतें 87.67 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 109.59 रुपये कर दी गई हैं।

ईरान युद्ध तेज होने के कारण अंतर्राष्ट्रीय तेल की कीमतें गुरुवार को 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं, जो बाद में घटकर करीब 108 डॉलर प्रति बैरल पर आ गईं। दिल्ली में एक लीटर सामान्य पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये बनी हुई है, जबकि इसी श्रेणी का डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। सामान्य पेट्रोल की ऑक्टेन रेटिंग आमतौर पर 91-92 होती है और यह मानक इंजनों के लिए उपयुक्त है। यह रोजमर्रा की जरूरतों के लिए सही है। दूसरी ओर, प्रीमियम पेट्रोल की ऑक्टेन रेटिंग 95-98 होती है, जो इसे अधिक बेहतर इंजनों के लिए आदर्श बनाती है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। प्रीमियम श्रेणी में कुछ वृद्धि की सूचना मिली है, जो (देश में बेचे जाने वाले) कुल पेट्रोल का मुश्किल से 2 से 4 प्रतिशत हिस्सा है। आम आदमी के लिए कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है।



### 64 पैसे टूटा रुपया, सबसे निचले स्तर 93.53 प्रति डॉलर पर बंद



**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को 64 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 93 .53 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने के बीच विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल से घरेलू मुद्रा दबाव में है। मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण निवेशकों का भरोसा कम होने से रुपये में करीब एक प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने साथ ही कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बढ़ते जोखिम ऊर्जा लागत को बढ़ा रहे हैं, जिससे व्यापार घाटा बढ़ सकता है और मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 92 .92 पर खुला। कारोबार के दौरान गिरता हुआ यह 93 के स्तर से नीचे चला गया। अंत तक इसमें गिरावट जारी रही और यह 93 .53 (अस्थायी) प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 64 पैसे की गिरावट है।

### जोमैटो ने बढ़ाया फूड डिलीवरी शुल्क, 14.90 रुपये प्रति ऑर्डर किया



**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर खाना पहुंचाने वाले मंच जोमैटो ने उपयोगकर्ताओं से लिए जाने वाले मंच शुल्क में 2 .40 रुपये की बढ़ोतरी कर इसे 14 .90 रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया है। यह पहले 12 .50 रुपये था। उसकी प्रतिद्वंद्वी स्विगी अपने उपयोगकर्ताओं से जीएसटी सहित 14 .99 रुपये मंच शुल्क ले रही है। जानकारों के मुताबिक शुल्क में यह बढ़ोतरी अखिल भारतीय स्तर पर उन सभी बाजारों में की गई है, जहां जोमैटो परिचालन करता है। इसने पिछली बार सितंबर 2026 में मंच शुल्क बढ़ाया था। इस बीच, तीसरी सबसे बड़ी फूड डिलीवरी कंपनी मैजिकपिन ने फिलहाल मंच शुल्क में बढ़ोतरी से इनकार किया है।

## हवाई हमलों में ईरानी सेना के प्रवक्ता जनरल अली मोहम्मद नैनी की मौत

- ईरान ने कुवैती तेल रिफाइनरी पर हमला किया, इजराइल ने तेहरान पर की बमबारी

तेहरान/दुबई, एजेंसी



ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने शुक्रवार तड़के अमेरिकी-इजराइली हवाई हमलों में अपने प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी के मारे जाने की पुष्टि की है। यह हमला उनके उस बयान के कुछ ही मिनटों बाद हुआ जिसमें उन्होंने चल रहे युद्ध के बावजूद मिसाइल उत्पादन जारी रहने की बात कही थी। गत 28 फरवरी को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के बाद से ईरान के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ चल रहे अभियानों की श्रृंखला में यह एक और बड़ी घटना है।

ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिकी और इजराइली यह समझने में असमर्थ हैं कि ईरान के पास स्थापित राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संस्थानों के साथ एक मजबूत ढांचा है। ईरान ने शुक्रवार तड़के कुवैत की तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमला किया और इजराइल में हमलों की चेतावनी के रूप में सायरन बजने लगे। वहीं, फारसी नववर्ष के अवसर पर तेहरान में इजराइली हमलों से भयावह विस्फोटों की आवाज सुनाई दी। कुवैत ने कहा, मीना अल-अहमदी तेल रिफाइनरी पर दो बार ड्रोन हमलों के कारण आग लग गई। यह रिफाइनरी ईरान के एक अन्य हमले में पहले ही क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, जिसकी क्षमता प्रतिदिन 7,30,000 बैरल तेल शोधित करने की है।

### अमेरिका तीन अतिरिक्त युद्धपोत व 2500 मरीन सैनिक कर रहा तैनात

**दुबई।** अमेरिकी सेना पश्चिम एशिया में तीन अतिरिक्त युद्धपोत और 2,500 अतिरिक्त मरीन सैनिकों की तैनाती कर रही है। एक अधिकारी ने पुष्टि की कि यूएसएस बॉक्सर और दो अन्य पोतों के साथ ही 11वीं 'मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट' के लगभग 2,500 मरीन सैनिक अपने गृह बंदरगाह सैन डिएगो से रवाना हो चुके हैं और पश्चिम एशिया की ओर जा रहे हैं। दो अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने जहाजों की तैनाती किए जाने की पुष्टि की। तीनों अधिकारियों ने संवेदनशील सैन्य अभियानों पर चर्चा करने के लिए नाम उजागर न करने की शर्त पर बात की।

### रियाद में हुए मिसाइल हमले में सीतापुर के युवक की गई जान

**सीतापुर।** महमूदाबाद के बघाईन गांव में उस वक्त मातम पसर गया, जब सऊदी अरब के रियाद में हुए मिसाइल हमले में एक भारतीय युवक की जान चली गई। 26 वर्षीय रवि गोपाल रियाद की एक प्लास्टिक फैक्ट्री में काम करते थे। हृदयविदारक घटना तब हुई जब रवि अपनी पत्नी रितु से वीडियो कॉल पर बात कर रहे थे। उसी दौरान तेज धमाका हुआ और संपर्क टूट गया। अगले दिन साथियों ने उनकी मौत की पुष्टि की। घर की गरीबी दूर करने के लिए रवि पिछले साल सितंबर में विदेश गए थे। उनके पीछे वृद्ध माता-पिता, पत्नी और एक चार साल का बेटा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और उन्होंने सरकार से पार्थिव शरीर को वतन लाने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर रोष है कि घटना के दो दिन बाद भी कोई प्रशासनिक अधिकारी पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने नहीं पहुंचा।

### सूचना

सभी सुधी पाठकों, अभिकर्ताओं और विज्ञापनदाताओं को ईद पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 21 मार्च (शनिवार) को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 23 मार्च (सोमवार) को प्रकाशित होगा।

– संपादक

### ब्रीफ न्यूज

#### अनिल अंबानी से दूसरे दिन भी पूछताछ

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एसबीआई की शिकायत पर शुक्रवार को आरकॉम और अनिल अंबानी के खिलाफ दर्ज 2,929 करोड़ के धोखाधड़ी मामले के संबंध में लगातार दूसरे दिन भी पूछताछ की। अंबानी सुबह करीब 10 बजे एजेंसी के मुख्यालय पहुंचे। सीबीआई ने बैंक द्वारा कंपनी को जारी की गई ऋण निधि में धन के कथित हेरफेर, गबन और अन्य अनियमितताओं के संबंध में बृहस्पतिवार को उद्योगपति से जवाब मांगा था।

#### ईशा फाउंडेशन के खिलाफ मानहानिकारक सामग्री हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक तमिल मीडिया प्रतिष्ठान को सद्गुरु जगदीश वासुदेव के ईशा फाउंडेशन के खिलाफ प्रकाशित कुछ मानहानिकारक सामग्री को हटाने का निर्देश दिया है। फाउंडेशन ने 2024 में पत्रिका नक्कीरन और उसके संपादक के खिलाफ मानहानि के आरोप में याचिका दायर की थी जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने 19 मार्च को अंतरिम आदेश पारित किया।

## आंधी-बारिश व ओलावृष्टि का कहर, वज्रपात से पांच की मौत



- लखनऊ समेत कई जिलों में फसलों की तबाही, सीएम ने दिए राहत के निर्देश
- 50 जिलों में 80 किमी प्रति घंटा तक चली हवा, राजधानी में भी गिरे ओले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** पश्चिमी विक्षोभ के असर से उप्र में मौसम ने अचानक विकराल रूप ले लिया। तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि ने कई जिलों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। इस दौरान वज्रपात से पांच लोगों की मौत हो गई। लखनऊ, अयोध्या, बाराबंकी और कानपुर समेत कई जिलों में ओले गिरने से खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसल को बड़ा नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को मौके पर जाकर नुकसान का सर्वे और किसानों को राहत देने के निर्देश दिए हैं।

सबसे दर्दनाक घटनाएं ग्रामीण इलाकों में सामने आईं। बहराइच के हरदी क्षेत्र के बदनपुरवा गांव में किसान मुनऊं (पुत्र जलील) सरसों की फसल देखने जाते समय वज्रपात की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। प्रयागराज के सोरांव में राम बहादुर (50) की बिजली गिरने से जान चली गई, जबकि बहादुरपुर क्षेत्र में किसान संग्राम यादव (60) की मौत हो गई और उनका बेटा गंभीर रूप से घायल है, दो गायों की भी मौत हुई। बलरामपुर के धुसाह गांव में तीरथराम वर्मा (32) और मिर्जापुर के पड़री क्षेत्र में हरिशंकर (70) की भी वज्रपात से मौत हो गई। वहीं उन्नाव, सुल्तानपुर और अन्य जिलों में कई लोग झुलसे, जिनका इलाज चल रहा है। राजधानी लखनऊ में भी हालात बिगड़े रहे। तेज हवा व ओलावृष्टि से शहर के कई हिस्सों में बिजली व्यवस्था ठप हो गई। गोमतीनगर, चिनहट, आशियाना, बीकेटी समेत कई इलाकों में हजारों उपभोक्ता 1 से 4 घंटे तक बिजली संकट से जूझते रहे।

#### लखनऊ में ओलावृष्टि

- राजधानी में भी ओलावृष्टि, सुबह नौ बजे अंधेरा
- छह हजार से ज्यादा उपभोक्ता बिजली संकट से प्रभावित
- कई इलाकों में एक से चार घंटे तक बिजली गुल
- तेज हवा से पोल और तार क्षतिग्रस्त

#### अगले 24 घंटे का पूर्वानुमान

- गरज-चमक के साथ बारिश जारी रहने की संभावना
- 40-70 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवा
- कई स्थानों पर ओलावृष्टि और वज्रपात का खतरा
- तापमान में 2-3C और गिरावट संभव
- 24-48 घंटे बाद मौसम सामान्य होने के आसार

## सरल आयकर कानून के लिए नियम अधिसूचित, एक अप्रैल से होंगे प्रभावी

- इसमें वेतनभोगियों के लिए मकान किराया भत्ते पर बढ़े हुए कर लाभ का प्रावधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने शुक्रवार को आयकर अधिनियम, 2025 के लिए नियमों को अधिसूचित कर दिया। इसमें वेतनभोगियों के लिए मकान किराया भत्ते पर बढ़े हुए कर लाभ का प्रावधान है, लेकिन मकान मालिक-किरायेदार के संबंधों का खुलासा करना अनिवार्य कर दिया गया है। आयकर नियम, 2026 उस सरल प्रत्यक्ष कर कानून को लागू करेंगे, जिसे पिछले साल संसद ने मंजूरी दी थी। यह एक अप्रैल से प्रभावी होगा।

राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में कहा गया, इन नियमों को आयकर नियम, 2026 कहा जा सकता है। संसद ने 12 अगस्त, 2025 को छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 को बदलने के लिए एक नया आयकर विधेयक पारित किया था। यह कोई नई कर दर लागू नहीं करता है, बल्कि केवल भाषा को सरल बनाता है। इस अधिनियम ने अनावश्यक प्रावधानों और पुरानी भाषा को हटा दिया है और आयकर अधिनियम, 1961 की 819 धाराओं को घटाकर 536 और अध्यायों की संख्या 47 से घटाकर 23 कर दी है।

### संत की शरण में मुर्मू



वृंदावन में ब्रज प्रवास के दूसरे दिन शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संत प्रेमानंद जी महाराज से राधा केली कुंज आश्रम में 27 मिनट तक बातचीत की। इस दौरान आध्यात्म और समाज से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। प्रेमानंद महाराज ने उन्हें नाम जप को जीवन का मार्ग बताया।

## एक ही मामले में पर्ल्स ग्रुप की सर्वाधिक 22,000 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** ईडी ने चंडीगढ़ स्थित पीएसीएल (पर्ल्स ग्रुप) के खिलाफ धनशोधन की जांच के दौरान जब्ती की नई कार्रवाई की है और इस मामले में कुल 22,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। यह आंकड़ा एजेंसी द्वारा एक ही मामले में अब तक की सबसे बड़ी जब्ती है। पीएसीएल पर 48,000 करोड़ रुपये की पोंजी योजना में गड़बड़ी का आरोप है। ये 126 अचल संपत्तियां पंजाब और दिल्ली में स्थित हैं। ईडी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि इन संपत्तियों को जब्त करने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया गया है।

## नव संवत्सर पर बदला राममंदिर का धर्म ध्वज



- 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा हुआ था ध्वजारोहण वर्ष में दो बार बदला जाएगा ध्वज

**अयोध्या।** नव संवत्सर पर राममंदिर के 201 फिट ऊंचे स्थापित धर्म ध्वज को पहली बार बदलते हुए वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नवीन ध्वज आरोहित किया गया। विवाह पंचमी के मुहूर्त पर 25 नवंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा राम मंदिर के शिखर पर रेशम के धागे से बने ध्वज का आरोहण किया गया था।

ध्वज को खासतौर पर अहमदाबाद में बनाया गया था। इस केसरिया रंग के ध्वज में कोविदार वृक्ष, सूर्य और ॐ अंकित किया गया है। राम मंदिर ट्रस्ट के आमंत्रित सदस्य व धार्मिक समिति के सदस्य गोपाल जी राव ने शुक्रवार को बताया कि पहली बार जिस तरह 25 नवंबर को सेना के जवानों ने आधुनिक तकनीकी का प्रयोग करते हुए ध्वज को चढ़ाने का कार्य किया था। उसे पूरी दुनिया देखा था। इसी तरह नव संवत्सर के शुभ मुहूर्त पर नए ध्वज को आरोहित किया गया है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्रा ने कहा कि राम मंदिर के इस ध्वज की मर्यादा और व्यवस्था को देखते हुए वर्ष में दो बार बदले जाने का निर्णय लिया गया है।

## 43 पुलिस उपाधीक्षक बने अपर पुलिस अधीक्षक

- गृह विभाग ने जारी किया प्रोन्नति का आदेश और सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रांतीय पुलिस सेवा (पीपीएस) के 43 पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी) को पदोन्नत करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के पद पर प्रोन्नति प्रदान कर दी है।

गृह विभाग (अनुभाग-1) की ओर से जारी शासनादेश के तहत यह निर्णय लिया गया। शासनादेश के अनुसार, वेतनमान 15,600-39,100 ग्रेड पे 6,600 से वेतनमान 67,700-2,08,700 (लेवल-11) में पदोन्नति दी गई है। यह प्रोन्नति चयन वर्ष 2025-26 की रिक्तियों के सापेक्ष प्रदान की गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी अधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से वास्तविक प्रोन्नति का लाभ मिलेगा, जबकि वित्तीय लाभ नियमों के अनुसार देय होगा। सूची में राजेश कुमार तिवारी, अवनीश चंद्र श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कृष्ण, धर्मेंद्र कुमार यादव सहित कुल 43 अधिकारियों के नाम शामिल हैं। सरकार ने निर्देश दिया है कि सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यभार ग्रहण कर इसकी सूचना पुलिस मुख्यालय और शासन को उपलब्ध करानी होगी।

## केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को मिली जान से मारने की धमकी




**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद उनकी सुरक्षा की समीक्षा की गई। इस मामले में दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि फोन करने वाले का पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में पता चला है। कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी को 18 मार्च को सुबह करीब 11 बजे एक अज्ञात नंबर से धमकी भरा फोन आया।

संबोधन | संघ प्रमुख ने कहा– धार्मिक असहिष्णुता, जबरन धर्म परिवर्तन और श्रेष्ठता एवं हीनता के विचार अब भी मौजूद

## स्वार्थ और वर्चस्व की चाह दुनिया में संघर्षों की जड़ : भागवत

- नागपुर में एक सभा में बोले- स्थायी शांति एकता, अनुशासन व धर्म के पालन से ही प्राप्त की जा सकती

नागपुर, एजेंसी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया में संघर्षों की जड़ स्वार्थ एवं वर्चस्व की चाह है तथा स्थायी शांति केवल एकता, अनुशासन और धर्म के पालन से ही प्राप्त की जा सकती है।

भागवत ने नागपुर में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया 2,000 वर्षों से संघर्षों के समाधान के लिए विभिन्न विचारों के साथ प्रयोग करती रही है लेकिन उसे खास सफलता नहीं मिली। उन्होंने कहा कि धार्मिक असहिष्णुता, जबरन धर्म परिवर्तन और श्रेष्ठता एवं हीनता के विचार अब भी मौजूद हैं।

आरएसएस प्रमुख ने शहर में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के विदर्भ प्रांत कार्यालय की आधारशिला रखने के बाद इस सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का प्राचीन ज्ञान सिखाता है कि सभी जुड़े हुए हैं और एक हैं। उन्होंने संघर्ष से सौहार्द और सहयोग की ओर बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान भी धीरे-धीरे इसी समझ की ओर बढ़ रहा है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि दुनिया में संघर्षों की जड़ स्वार्थ एवं वर्चस्व की चाह है और स्थायी शांति केवल एकता, अनुशासन और धर्म के पालन से ही हासिल की जा सकती है।

भागवत ने आचरण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि धर्म केवल शास्त्रों तक सीमित नहीं रह सकता बल्कि यह लोगों के व्यवहार में भी दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के पालन के लिए निरंतर अभ्यास की जरूरत होती है और इसमें अक्सर व्यक्तिगत कठिनाई भी झेलनी पड़ती हैं।

### भारत का विश्वास मानवता में

भागवत ने कहा कि भारत मानवता में विश्वास करता है जबकि अन्य देश अस्तित्व के लिए संघर्ष और ताकतवर के टिके रहने के सिद्धांत को मानते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया को संघर्ष नहीं, बल्कि सौहार्द की जरूरत है। भागवत ने कहा कि जारी संघर्षों के बीच दुनिया भर से आवाजें उठ रही हैं कि केवल भारत ही युद्धों को समाप्त कर सकता है क्योंकि यह देश का स्वभाव है। उन्होंने कहा कि लड़खड़ाती दुनिया को धर्म की बुनियाद देकर उसमें संतुलन बहाल करना भारत की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, भारत के लोग मानवता के नियम का पालन करते हैं, लेकिन बाकी दुनिया जंगल के नियम का पालन करती है। लड़खड़ाती दुनिया को धर्म की बुनियाद देकर उसमें संतुलन बहाल करना हमारा काम है।

# 300 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मिली मंजूरी

## 19 इकाइयों को 35 करोड़ सब्सिडी, प्रदेश के कई जिलों में लगेंगी इकाइयां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को गति देने के लिए कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय एम्पावर्ड कमेटी (एसएलईसी) की शुक्रवार को हुई 17वीं बैठक में करीब 300 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में 19 परियोजनाओं के लिए 35 करोड़ रुपये की सब्सिडी स्वीकृत की गई, जिससे प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

बैठक में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि अब तक स्वीकृत 600 करोड़ रुपये में से 318.64 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। कुल 353 निवेशकों को अनुदान हस्तांतरित किया गया है, जिनमें 100 इकाइयों को दूसरी और 253 इकाइयों को पहली किस्त जारी की गई है। चालू वित्तीय वर्ष में 300 करोड़ रुपये के बजट के सापेक्ष 19 जनवरी 2026 तक 168.66 करोड़ रुपये (56.22%) का भुगतान किया जा चुका है, जबकि शेष भुगतान प्रक्रिया में है।

बैठक में अमरोहा, मेरठ, कानपुर नगर, गोरखपुर, अयोध्या, लखीमपुर खीरी, बुलंदशहर, एटा, कौशांबी और रामपुर समेत कई जिलों के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। रेडी-टू-ईट उत्पाद, हेल्दी स्नैक्स, पैकेज्ड फूड और कृषि आधारित इकाइयों की स्थापना से स्थानीय किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

बैठक में थर्ड पार्टी निरीक्षण एजेंसी के प्रतिनिधि एनएल साहू (वाइस प्रेसिडेंट), राजमिथिलेश कुमार (वरिष्ठ सलाहकार) और ई. श्याम कटारे (मैकेनिकल इंजीनियर) उपस्थित रहे। उत्कृष्ट सत्यापन कार्य के लिए इन्हें सम्मानित भी किया गया। झांसी में पीनट प्रोसेसिंग यूनिट को बढ़ावा देने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल को भी प्रशस्ति पत्र दिया गया।

- फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को नई रफ्तार किसानों को सीधा लाभ



### इन जिलों को फायदा

अमरोहा, मेरठ, कानपुर नगर, गोरखपुर, अयोध्या, लखीमपुर खीरी, बुलंदशहर, एटा, कौशांबी, रामपुर

### ये होगा असर

* किसानों को उत्पाद का बेहतर दाम
* फूड प्रोसेसिंग से वैल्यू एडिशन
* रोजगार के अवसर
* प्रदेश बनेगा टेक्सटाइल/फूड हब की दिशा में मजबूत

### राज्य की प्रगति का पैमाना लोगों का बेहतर स्वास्थ्य : राज्यपाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि किसी भी राज्य की प्रगति उसके नागरिकों के स्वास्थ्य और जीवन सुरक्षा से आंकी जाती है। स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। राज्यपाल ने शुक्रवार को वृंदावन धाम स्थित रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम चैरिटेबल अस्पताल के कैंसर ब्लाक के लोकार्पण कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ शामिल हुईं।



# 1,228 नर्सिंग अधिकारियों को कल मिलेंगे नियुक्ति पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए योगी सरकार 22 मार्च को 1,228 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में 492 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे, जबकि 736 अभ्यर्थियों को प्रदेश के 13 राजकीय मेडिकल कॉलेज और 2 संस्थानों में जनप्रतिनिधियों द्वारा लाइव कार्यक्रम के दौरान पत्र सौंपे जाएंगे।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अमित कुमार घोष के अनुसार, चिकित्सा शिक्षा विभाग में रिक्त पदों को भरने के लिए यह भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई है। लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा चयनित इन अभ्यर्थियों की तैनाती आगरा, कानपुर, प्रयागराज, मेरठ, झांसी, गोरखपुर, अंबेडकरनगर, कन्नौज, आजमगढ़, जालौन, सहारनपुर, बांदा और बदायूं के मेडिकल कॉलेजों के साथ जेके कैंसर संस्थान व हृदय रोग संस्थान, कानपुर में की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग की सचिव एवं महानिदेशक डॉ. सारिका मोहन ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों में 1,097 महिलाएं और 131 पुरुष शामिल हैं।

बता दें कि प्रदेश की भाजपा सरकार का लक्ष्य इस वर्ष डेढ़ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देना है। इसी क्रम में विभिन्न विभागों में भर्ती प्रक्रिया जारी है।

**आयोजन**

- मुख्यमंत्री आदित्यनाथ लोकभवन में अभ्यर्थियों को देंगे नियुक्ति पत्र

## यूपी-टीईटी का कार्यक्रम घोषित, आवेदन 27 से

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग ने यूपी शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी-टीईटी) 2026 का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। आयोग की ओर से जारी विज्ञापन 25 मार्च से आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा, जबकि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 27 मार्च से शुरू होगी। आयोग के उप सचिव संजय कुमार सिंह के अनुसार, इस बार अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) अनिवार्य किया गया है। अभ्यर्थियों को पहले ओटीआर पूरा करना होगा, उसके बाद ही वे आवेदन कर सकेंगे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सलारपुर विकास खण्ड देवा-बाराबंकी**

पत्रांक मेमो- ग्रा0 पं0 वि0 कार्य-2025-26 दिनांक- 20/03/2026

**अल्पकालीन निविदा टेंडर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सलारपुर विकासखंड देवा बाराबंकी में निविदा वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना से उक्त निर्माण कार्य कराया जाना हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | लम्बाई | स्वीकृत लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | डामर रोड से कमलेश , राकेश व उर्मिला के खेत तक इंटरलाकिंग और भूमिगत नाली निर्माण कार्य | 180 मीटर | 904873 रुपए |

भट्ठा ईट, इंटरलाकिंग ईट ,सीमेंट पाईप ,सीमेंट ,मौरंग, बालू, लोकल बालू तथा अन्य सामग्री की आपूर्ति करने हेतु बिक्री कर में पंजीकृत सप्लायर से निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। निविदा बंद लिफाफे में स्वीकार की जाएगी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार प्रधान /सचिव को निहित होगा जिसके लिए कोई कारण स्व सूचित नहीं किया जायेगा। निविदा समय मात्र 7 दिन का होगा,जो 27/03/2026 को खुलेगा।

नियम व शर्तो का विवरण निम्नवत हैं ।
(1) प्रत्येक कार्य के लिए 03 निविदाएं होना आवश्यक है।
(2) सामग्री की मात्रा / गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जाएगी ।
(3) सरकारी ग्रांट आने पर भुगतान किया जाएगा
(4) जी.एस.टी. का भुगतान जो दर से सम्मिलित है , आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा तथा आयकर हेतु भुगतान से पूर्व आपूर्ति की गयी सामग्री के अनुसार जमा का चालान ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

सुमन सिंह
प्रधान
ग्राम पंचायत सलारपुर
विकास खण्ड देवा बाराबंकी

यशवंत सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत सलारपुर
विकास खण्ड देवा बाराबंकी



**कार्यालय ग्राम पंचायत सलारपुर विकास खण्ड देवा-बाराबंकी**

पत्रांक मेमो- ग्रा0 पं0 वि0 कार्य-2025-26 दिनांक- 20/03/2026

**अल्पकालीन निविदा टेंडर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सलारपुर विकासखंड देवा बाराबंकी में निविदा वर्ष 2025-26 में पंचम / पंद्रहवा वित्त योजना से निम्न निर्माण कार्य कराया जाना हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | लम्बाई | स्वीकृत लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | बृजेश के घर के पास सोकफिट निर्माण | 4.5 / 4.5 मीटर | 0: 766 लाख |
| 2 | दीपक सिंह के घर से नीतू के घर तक भूमिगत नाली निर्माण | 125 मीटर | 2 .95 लाख |
| 3 | ओमप्रकाश के घर से तालाब तक भूमिगत नाली निर्माण | 70 मीटर | 1.42 लाख |
| 4 | लवकुश यादव के घर से होलिका दहन तक भूमिगत नाली निर्माण | 76.50 मीटर | 1.92 लाख |
| 5 | राजू के घर इशहाक के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण | 56 मीटर | 1.70 लाख |
| 6 | बबलू मिश्रा के घर से प्रदीप यादव के घर तक इंटरलाकिंग एवं भूमिगत नाली निर्माण | 20 मीटर | 1.38 लाख |
| 7 | जाबिर बाबा के घर से फकीर आलम के घर तक इंटरलाकिंग एवं भूमिगत नाली निर्माण | 14.30 मीटर | 1.20 लाख |
| 8 | जितेन्द्र के घर से रोहित के घर तक इंटरलाकिंग एवं भूमिगत नाली निर्माण | 51.50 मीटर | 2.78 लाख |

ग्राम पंचायत में सामग्री की आपूर्ति करने हेतु बिक्री कर में पंजीकृत सप्लायर से निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। निविदा बंद लिफाफे में स्वीकार की जाएगी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार प्रधान /सचिव को निहित होगा जिसके लिए कोई कारण स्व सूचित नहीं किया जायेगा। निविदा समय मात्र 7 दिन का होगा,जो 28/03/2026 को खुलेगा।

**नियम व शर्तो का विवरण निम्नवत हैं।**
(1) प्रत्येक कार्य के लिए 03 निविदाएं होना आवश्यक है।
(2) सामग्री की मात्रा / गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जाएगी ।
(3) सरकारी ग्रांट आने पर भुगतान किया जाएगा
(4) जी.एस.टी. का भुगतान जो दर से सम्मिलित है , आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा तथा आयकर हेतु भुगतान से पूर्व आपूर्ति की गयी सामग्री के अनुसार जमा का चालान ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

सुमन सिंह
प्रधान
ग्राम पंचायत सलारपुर
विकास खण्ड देवा बाराबंकी

यशवंत सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत सलारपुर
विकास खण्ड देवा बाराबंकी


## इलेक्ट्रिक पोल के तार में खराबी के कारण ढाई घंटे रुकी रही अप पंजाब मेल एक्सप्रेस

**रानीगंज, (प्रतापगढ़) :** वाराणसी-लखनऊ रेल मार्ग पर स्थित गौरा रेलवे स्टेशन के करीब इलेक्ट्रिक पोल के तार ओएचई में खराबी आने पर पंजाब मेल एक्सप्रेस करीब ढाई घंटे तक खड़ी रही। खराबी दूर होने पर यहां से ट्रेन रवाना की गई। इस दौरान यात्रियों को परेशानी भी उठानी पड़ी। हावड़ा से अमृतसर जाने वाली पंजाब मेल अप एक्सप्रेस ट्रेन शुक्रवार को गौरा रेलवे स्टेशन पर करीब साढ़े ग्यारह बजे पहुंची तो यह ट्रेन वहां खड़ी हो गई। इसी दौरान उधर बनारस जा रही मुंबई सेंट्रल-बनारस स्पेशल 09183 ट्रेन भी गौरा रेलवे स्टेशन पर क्रॉसिंग के चक्कर मे रुकी रही, जिससे इसके यात्री भी हैरान हुए। पंजाब मेल ट्रेन गौरा रेलवे स्टेशन के समीप स्थित रेलवे फाटक तक खड़ी रहने के कारण आने जाने वाले ग्रामीणों को भी परेशानी हुई क्योंकि फाटक बंद होने से करीब ढाई घंटे तक यहां से लोगों का आवागमन नहीं हो सका। इससे लोगों को परेशानी हुई। समस्या दूर होने पर पंजाब मेल सहित स्पेशल ट्रेन को यहां से दोपहर करीब दो बजे रवाना किया गया। वहीं अधीक्षक अमलेश कुमार ने बताया कि अप पंजाब मेल ट्रेन गौरा रेलवे स्टेशन पर करीब 11:30 बजे आई तो इलेक्ट्रिक सर्किट पोल के तार ओएचई में खराबी के कारण ट्रेन रुक गई। खराबी दूर होने पर करीब दो बजे ट्रेन रवाना हुई।

## सवर्ण भाजपा के मूल वोटर, खिसक गये तो खत्म हो जाएगा ब्याज : पूर्व सांसद

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** पूर्व सांसद एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर हरिवंश सिंह शुक्रवार को बेल्हा पहुंचे। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास का दावा करती है। दूसरी ओर यूजीसी कानून द्वारा सर्व समाज को बांटने का कुत्सित प्रयास किया है। 22 फीसदी सवर्ण समाज भाजपा के मूल वोटर है। यह खिसक गये तो मूलधन के बगैर ब्याज अपने आप समाप्त हो जायेगा। जिससे भाजपा चन्द सीटों पर सिमट कर रह जायेगी। माननीय सर्वोच्च न्यायालय में इसकी सुनवाई चल रही है। कहा कि मेरे कार्यकाल में जो भी विकास कार्य शुरू हुए थे, उसको पूर्ण कराने के लिये प्रयासरत रहेगें। प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन के सौन्दर्यीकरण के लिये काफी धनराशि आवंटित हुई थी। जिसमें स्वचालित सीढ़ी निर्माण के लिये धनराशि आवंटित हुई थी, किन्तु सात वर्ष बीत जाने के बाद भी जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते अभी तक निर्माण अधर में है। निरीक्षण के उपरान्त रेलमंत्री से मुलाकात करके स्वचालित सीढ़ी निर्माण का प्रयास करेगें। बढ़ती बेरोजगारी पर उन्होने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिये सरकार पांच लाख रूपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करा रही है। जिले के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिये अपने स्तर से प्रयास करूंगा। जौनपुर में एक विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रयासरत हूँ। इसका लाभ प्रतापगढ़ के अलावा आस -पास छात्र-छात्राओं को भी मिलेगा।



पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह।

## वृद्धाश्रम में 80 बुजुर्गों के दांतों की हुई जांच

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) प्रतापगढ़ की टीम ने गुरुवार को वृद्धा आश्रम महुली में निशुल्क दंत शिविर लगाया। अध्यक्षता डॉ. सीमा खंडेलवाल ने की। आईडीए सेक्रेटरी डॉ. इम्तियाज अली ने बताया कि शिविर में 80 बुजुर्गों का डेंटल चेकअप कर उन्हें पेस्ट और दवा वितरण किया गया। इस दौरान आईडीए प्रदेश मेंबर डॉ. अजय सिंह एवं डॉ. अनवर अहमद ने बताया कि मुंह और दांतों की ठीक से सफाई न होने से बदबू, मसूड़े से खून, पायरिया सहित कई गंभीर समस्याएं हो जाती हैं। शिविर में सेवा देने वालों डॉ. शिवानी सिंह, डॉक्टर एकता द्विवेदी डॉ. अभिजीत सिंह, डॉ हिमांशु त्रिपाठी व डॉ. शमशुद दोहा शमशेर आदि शामिल रहे।

## रविवार को भी खुलेंगे रजिस्ट्री कार्यालय

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में राजस्व के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए रविवार को भी जिले के रिजस्ट्री कार्यालय खुले रहेंगे। सहायक आयुक्त स्टांप यादवेंद्र द्विवेदी ने बताया कि रविवार को जमीन, घर के बैनामे के साथ अन्य कार्य होंगे।

## उचित दर विक्रेता ने किया राशन घोटाला निलंबन के बाद एफआईआर दर्ज

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** लालगंज तहसील के ग्राम पंचायत काछा में राशन वितरण में बड़े घोटाले का मामला सामने आया है। शिकायत पर क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला की जांच में उचित दर विक्रेता संतोष कुमार यादव द्वारा गंभीर अनियमितताएं मिलीं। जांच रके आधार पर डीएम के अनुमोदन के बाद एसडीएम लालगंज ने 26 फरवरी को विक्रेता की दुकान का अनुबंध निलंबित कर दिया। निर्देश दिया गया कि वह शेष खाद्यान्न एवं ई-पॉस मशीन सम्बद्ध विक्रेता को सौंपे। हालांकि, निलंबित विक्रेता द्वारा निर्धारित मात्रा के सापेक्ष काफी कम खाद्यान्न ही उपलब्ध कराया गया। पूर्ति निरीक्षक के निरीक्षण में दुकान पर स्टॉक शून्य मिला। पूछताछ में विक्रेता द्वारा खाद्यान्न न होने की बात कही गई। इससे बड़ी मात्रा में खाद्यान्न की कालाबाजारी सामने आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्ति निरीक्षक ने डीएम को रिपोर्ट भेजी। 18 मार्च को एफआईआर दर्ज करने की अनुमति प्रदान की गई। थाना जेठवारा में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत विक्रेता संतोष कुमार यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उक्त जानकारी जिलापूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने दी है।


































# अमृत विचार क्लासीफाइड

**विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैं शशि देवी साहू पत्नी जय करन साहू निवासी मकान नं0 190 EWS जरौली फेज 2 कानपुर नगर उपरोक्त प्रापर्टी का मूल आवंटन पत्र (1476/स./स जोन 3/KDA/2001-02 दिनांक 06.11.2001) कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। मो0-9956211101

**सूचना**

मो. **नफीश पुत्र मो. हाशिम निवासी L90 आवास एवं विकास कल्याणपुर कानपुर नगर** उपरोक्त प्रापर्टी का मूल किराया किश्त अनुबंध पत्र कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा विधान जाएगा। मो.9793893593

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र कृदय श्रीवास्तव (Kriday Srivastava) का नाम बदलकर शौर्य श्रीवास्तव हो गया है। भविष्य में मेरे पुत्र को शौर्य श्रीवास्तव के नाम से जाना व पहचाना जाए। **पिता- यश श्रीवास्तव, 126/K न्यू विकास नगर, जेल रोड, रायबरेली**

**सूचना**

मेरे पुत्र की पॉलिसी संख्या 239 571 416 में उसका घरेलू नाम आदित्य कुमार दर्ज हो गया है जबकि आधार व अन्य अभिलेखों में मेरे पुत्र का सही नाम आदी (Aadi) है। मेरा पुत्र आदित्य कुमार और आदी दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। मैं **आदित्य कुमार पुत्र श्यामलाल निवासी बाईपास रोड लालगंज रायबरेली।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्रों सजय कुमार व अजय कुमार एवं विजय कुमार के गलत व्यवहार के कारण उनसे सम्बंध समाप्त कर लिया है और उन्हें अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है ! उनके द्वारा किये लेन देन से मेरा व मेरे परिवार का सरोकार नहीं है - **राजाराम पुत्र स्व0 नन्हें लाल, निवासी 355/218. कुरियाना हरिजनबस्ती, आलमनगर, राजाजीपुरम लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAMMAD HABIB था से बदलकर MOHMMAD HABEEB रख लिया है। अब मुझे MOHMMAD HABEEB के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ABBAS ALI ADD-BHAWANI GARH DIST-RAEBARELI-229308(U.P.)

**सूचना**

मैं **अनुराग पुत्र श्री विनोद कुमार, निवासी-16/273, सेक्टर-16, इन्दिरानगर, जिला लखनऊ, उ0प्र0- 226016** का हूँ । मेरे पुत्र देवांश गुप्ता के आधार कार्ड सं0- 3268 1396 9302 में मेरा नाम अनुराग अंकित है, जो सत्य एवं सही है। जबकि पुत्र के अंकपत्र में पिता का नाम अनुराग गुप्ता अंकित है, जो त्रुटिपूर्ण है। अतः मेरे पुत्र के सभी दस्तावेजों में मेरा सही एवं सत्य नाम अनुराग लिखा पढ़ा एवं समझा जाये।

**सूचना**

मैं **नीरज वर्मा निवासी- 599/232 हसनगंज चरही डालीगंज, निराला नगर लखनऊ**, मेरे पुत्र का वास्तविक व सही नाम नैतिक वर्मा है। जबकि स्कूल के दस्तावेज मे पुत्र का नाम त्रुटिवश दिव्यांश वर्मा दर्ज हो गया है जो कि गलत है, अतः पुत्र का सही नाम नैतिक वर्मा, दिव्यांश वर्मा के स्थान पर दर्ज किया जाय।

**Public Notice**

I, RAJJAB ALI S/O MR. SUBRATI, R/O-KAMMARPUR, SADULLAH NAGAR, BALRAMPUR, UP, HEREBY INFORM EVERYONE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO RAJAB ALI SHAH, AND HENCEFORTH I SHOULD BE KNOWN, IDENTIFIED, AND ADDRESSED AS RAJAB ALI SHAH.

**Public Notice**

I, RIJWAN AHMAD S/O MR. ABDUL QAYOOM, R/O-KAMMARPUR, SADULLAH NAGAR, BALRAMPUR, UP, HEREBY INFORM EVERYONE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO RIZWAN AHMAD, AND HENCEFORTH I SHOULD BE KNOWN, IDENTIFIED, AND ADDRESSED AS RIZWAN AHMAD.

**सूचना**

मेरा ए एन एम रजिस्ट्रेशन नंबर 8894 व डिप्लोमा नंबर 2240 वास्तव में कहीं खो गया है। काफी खोज करने पर भी नहीं मिल सका है। **रामकान्ती पत्नी राम दिनेश कुशवाहा निवासी ग्राम - अतरधनी थाना - बांगरमऊ, जिला - उन्नाव उ. प्र. मोबाइल नंबर - 8957800767**

**मैं अवधेश नारायण तिवारी पुत्र स्व0 ओंकार नाथ तिवारी, निवासी 15/150, से0 15, इन्दिरा नगर, लखनऊ का निवासी हूँ मेरा नाम अवधेश नारायण अंकित हो गया है जबकि वास्तविक नाम अवधेश नारायण तिवारी है। यह कि अवधेश नारायण व अवधेश नारायण तिवारी दोनों नाम शपथी के ही है।**

**सूचना**

मैं दिलीप पुत्र कैलाश नाथ व दिलीप कुमार सोनी हम दोनो एक ही व्यक्ति हैं अतः हमें दिलीप कुमार सोनी के नाम से ही जाना जाये। **दिलीप कुमार सोनी गैसड़ी तहसील तुलसीपुर जिला बलरामपुर**

**सूचना**

मैंने अपना नाम सौरभ कुमार से बदलकर सौरभ कुमार श्रीवास्तव कर लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जायेगा। **सौरभ कुमार श्रीवास्तव, निवासी बभनी कानूनगो तहसील व जिला गोंडा**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड 14816873M में मेरे पुत्र हर्ष पाण्डेय की जन्मतिथि 07 अक्टूबर 2006 तथा अविरल पाण्डेय की जन्मतिथि 15 सितंबर 2012 त्रुटिवश अंकित हो गया है जबकि सही जन्मतिथि हर्ष पाण्डेय का 07 अक्टूबर 2009 एवं अविरल पाण्डेय का 15 सितंबर 2014 है यही पढ़ा एवं समझा जाए। **प्रार्थी अरविंद कुमार पाण्डेय पुत्र स्व मेवाराम पाण्डेय ग्राम व पोस्ट साबुकपुर तहसील टांडा थाना हंसवर जनपद-अंबेडकर नगर**

**सूचना**

मैं **बहादुर राम पुत्र स्व0 दशरथ राम निवासी- 636/90ए, प्रगतिनगर, इन्दिरानगर, लखनऊ, उ0प्र0**, मेरे पुत्री का नाम Spring Dale School Indra Nagar Lucknow मे Aavya नाम त्रुटिवश लिख गया है। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक व सही नाम Aavya Singh है। अपने पुत्री का नाम Spring Dale School Indra Nagar Lucknow के दस्तावेजों में Aavya के स्थान पर Aavya Singh दर्ज किया जाय।

**सूचना**

मैं FASEEH BEGUM **पत्नी मोहम्मद अज़हर अली निवासिनी-4सी इज्मा पैलेस 6ए जॉपलिंग रोड, नियर दैनिक जागरण चौराहा, राम मोहन राय वार्ड, हज़रतगंज जी0पी0ओ0 लखनऊ उ0प्र0** 226001 सबको सूचित करती हूँ कि मैने अपना नाम बदल कर FASEEHA BEGUM रख लिया है आज से मुझे FASEEHA BEGUM नाम से ही जाना पहचाना और लिखा जाये।

**सूचना**

मैं MOHHMMAD AZHAR ALI पुत्र **जहीर अली निवासी-4सी इज्मा पैलेस 6ए जॉपलिंग रोड, नियर दैनिक जागरण चौराहा, राम मोहन राय वार्ड, हज़रतगंज जी0पी0ओ0 लखनऊ उ0प्र0 226001**, सबको सूचित करता हूँ कि मैने अपना नाम बदल कर MOHAMMAD AZHAR ALI रख लिया है आज से मुझे MOHAMMAD AZHAR ALI नाम से ही जाना पहचाना और लिखा जाये।

# चांद का हुआ दीदार, गले मिले रोजेदार

## एक-दूसरे को दी बधाई, जिले में 325 स्थानों पर अदा की गयी अलविदा की नमाज, मांगीं दुआएं

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शुक्रवार शाम ईद का चांद देखने के बाद एक-दूसरे को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। बच्चे, बूढ़े और जवान सभी में इसे लेकर उल्लास दिखा। बारिश से हुई बाधा के बीच घरों में पकवान बनाने की तैयारी और खरीदारी का दौर देर रात तक चलता रहा। वहीं दिन भर ईदगाहों व मस्जिदों की सफाई का सिलसिला भी जारी रहा।

शुक्रवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 325 स्थानों पर अलविदा की नमाज पढ़ी गई। इनमें से कुछ स्थानों पर दो शिफ्ट में नमाज अदा हुई। वहीं, 24 जगहों पर संवेदनशीलता देखते हुए पुलिस के साथ पीएसी बल भी तैनात किया गया। शनिवार सुबह साढ़े 8 बजे से 10 बजे के बीच ईद की नमाज अदा की जाएगी। उसके बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद उल फितर की बधाई देंगे। बता दें कि आज अलविदा जुमा के बाद कल ईद का त्योहार है। शुक्रवार को बारिश की बाधा के बीच शहर सहित ग्रामीण इलाकों के बाजारों में ईद के त्योहार को लेकर खरीदारी होती रही। महिलाएं एवं बच्चे तैयारियां में मशगूल रहे। पर्व को लेकर कपड़े की दुकान, ज्वेलरी, जूते चप्पल आदि दुकानों पर ईद का उत्साह देखा गया। किराने की दुकान पर खान पान की चीजें जमकर बिकीं। बाजार में महिलाओं की भीड़ खरीदारी में जुटी रही। लखनवी कुर्ता पायजामा, सूट, इत्र, लच्छा, सिंवई की बिक्री कई दिनों से चल रही थी। धनोखर, घंटाघर, नगरपालिका मार्केट में परिधानों के अलावा श्रृंगार प्रसाधनों की खरीदारी होती रही। ग्राहकों की आमद से बारिश के चलते मुरझाए दुकानदारों के चेहरे खिले दिखे। ईदगाह कमेटी के सदर उमेर किदवई ने बताया कि एक महीने का रोजा रखने वाले रोजेदारों को ईद के दिन अल्लाह इनाम देते हैं। बताया कि पूरे इख्लाश व पाबंदी के साथ रोजा रखने वालों के सारी गुनाहों को अल्लाह माफ कर देते हैं। ईद आपसी भाईचारे का पर्व है। लोग ईद के नमाज अदा करने के साथ ही आपसी दुश्मनी व भेदभाव बुलाकर एक-दूसरे को सेवई की मिठास की तरह रिश्ते को मीठा करते हुए माफ करते हैं। उधर शुक्रवार शाम चांद की तस्दीक होते ही लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।


नमाज पढ़ते रोजेदार। ● अमृत विचार


ईद को लेकर खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

## मामूली विवाद में मां और बेटियों को पीटा

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** रामनगर थाना क्षेत्र के जोगामऊ गांव में मामूली बात को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पीड़िता प्रीति कुमारी ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि 17 मार्च की सुबह उसकी मां गौरा घर के सामने झाड़ू लगा रही थीं, तभी पड़ोसी राकेश पुत्र शुखरू ने जमीन और सफाई को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि बात बढ़ने पर राकेश ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से गौरा की पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर जब प्रीती कुमारी और उसकी बहन फूलकुमारी बीच-बचाव करने पहुंचीं तो आरोपित राकेश के साथ पुनवासी और रामप्रसाद ने मिलकर दोनों बहनों के साथ भी मारपीट की और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पीड़िता के अनुसार, इस घटना में उसे और उसकी बहन को गंभीर चोटें आई। वहीं, शाम करीब 7 बजे आरोपितों ने दोबारा घर के पास आकर गाली-गलौज करते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

## किरन, कन्हैयालाल, मनोज व सत्य प्रकाश बने अध्यक्ष


कार्यकारिणी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय द्वारा विकासखंड बंकी, देवा, हरख व पूरेडलई में किया गया। बंकी ब्लॉक से किरन विश्वकर्मा को ब्लॉक अध्यक्ष और अरुणेंद्र दीक्षित को ब्लॉक मंत्री बनाया गया। हरख ब्लॉक से कन्हैयालाल मिश्रा को अध्यक्ष, देवा ब्लॉक से सत्य प्रकाश तिवारी को अध्यक्ष व अभिजीत श्रीवास्तव को मंत्री का दायित्व सौंपा गया। पूरेडलई ब्लॉक में मनोज मिश्रा को अध्यक्ष, प्रमोद सिंह को मंत्री, तेज नारायण जायसवाल को कोषाध्यक्ष और अवधेश यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय ने कहा कि संगठन हमेशा शिक्षकों के मान-सम्मान, अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए संघर्षरत रहा है। कार्यक्रम में उमा नाथ मिश्रा, दिलीप तिवारी (जिला आईटी सेल/मीडिया प्रभारी), श्याम किशोर बाजपेई, राजेश श्रीवास्तव, जय कुमार, ललित पाण्डेय, ओमकार वर्मा, विकास वैश्य, सुषमा पटेल, निधि शुक्ला, वंदना श्रीवास्तव, कार्यालय प्रभारी संजय पाण्डेय सहित कई शिक्षक व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 75 वरिष्ठ नागरिकों को बनाया जा रहा आत्मनिर्भर


प्रशिक्षण प्राप्त करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** फेयरडील ग्रामोद्योग सेवा समिति द्वारा संचालित एवं समाज कल्याण विभाग से अनुदानित भूहेरा सफेदाबाद स्थित वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कौशल विकास प्रशिक्षण की शुरुआत की गई है। यह पहल सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार और समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित योजना के अंतर्गत की जा रही है। शुक्रवार से शुरू हुए इस प्रशिक्षण के दूसरे दिन 75 वरिष्ठ माता-पिता को जूट कार्य, लिफाफा निर्माण, सिलाई-कढ़ाई के साथ-साथ अगरबत्ती और मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का संचालन फेयरडील ग्रामोद्योग सेवा समिति के प्रबंधक द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं जुटाकर किया जा रहा है।

# बेमौसम बारिश संग गिरे ओले

**बाराबंकी, अमृत विचार :** दिनोदिन गर्म होते जा रहे मार्च माह के मध्य में मौसम ने अचानक ऐसी करवट ली कि एसी, पंखे तक बंद हो गए। शुक्रवार सुबह दस बजे बादलों ने तेज हवा के साथ जमकर बारिश की तो जिले में कई जगहों पर ओलावृष्टि भी हुई। बेमौसम बारिश का विपरीत असर फसलों पर पड़ा।

गुरुवार तक दिन का तापमान 35 डिग्री पार कर गया था। दिन में झुलसा देने वाली गर्मी तो रात घिरते ही हल्की ठंड का अहसास हो रहा था। शुक्रवार की सुबह मौसम के तेवर अचानक बिगड़ गए, दस बजे तक आसमान पर छाए काले बादलों से दिन में ही अंधेरा हो गया। वहीं तेज हवा के साथ बारिश होने लगी। करीब आधे घंटे बाद बारिश थमी पर छींटे पड़ते रहे। बारिश के बाद मार्गों पर कीचड़ तो नालियों का पानी उफना गया। हालांकि गर्मी से परेशान शहरियों को बारिश से खासी राहत मिली। ग्रामीण इलाकों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। तेज हवाओं ने मौसम पलट कर रख दिया। इस बारिश के असर से यातायात भी नहीं बच सका। दिन में ही वाहनों की हेडलाइट जल गई तो बेहद कम रफ्तार में गाड़ियां दूरी तय करती नजर आईं। देवा क्षेत्र उच्च विद्यालय विद्यालय मुजीबपुर परिसर के पास शुक्रवार सुबह बिजली गिरने से विद्यालय में बिजली उपकरण जल गए। परीक्षा दे रहे छात्रों में हड़कंप मच गया प्रधानाध्यापिका मीरा सिंह ने बताया कि घटना के बाद बच्चे डर गए थे।


बारिश के बीच जाता बाइक सवार।


बनीकोडर में गिरे ओले। ● अमृत विचार

### बारिश, ओलावृष्टि से चिंतित हुए किसान

बेमौसम बारिश किसानों के लिए आफत से कम नहीं रही। सरसों और आलू की फसलों को लेकर किसानों चिंता व्याप्त हो गई। इस समय सरसों की फसल कटाई के अंतिम दौर में है। सैकड़ों किसानों ने पहले ही अपनी फसल काटकर उसे खेतों और खलिहानों में सुखाने के लिए रख दिया था। बेमौसम बारिश उनकी मेहनत पर पानी फेरती दिखी। जानकारों के अनुसार, कटी हुई सरसों के भीगने से उसकी गुणवत्ता पर गंभीर असर पड़ता है। यही हाल आलू का रहा। बारिश से किसानों के कदम ठिठक गए।

## खाद्य विभाग की टीम ने लिये 4 नमूने

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नवरात्रि पर्व को देखते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डा. शैलेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में शुक्रवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सघन छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुट्टू आटा, सिंघाड़ा आटा, साबूदाना, मखाना आदि की जांच की गई। विभिन्न क्षेत्रों से कुल 4 नमूने लिये गये। 12 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान सुधीर किराना स्टोर गल्ला मंडी से साबूदाना, जनता किराना स्टोर हरख से कुट्टू का आटा, सागर फैमिली मार्ट अयोध्या रोड से किशमिश तथा सुशील किराना स्टोर गल्ला मंडी से हल्दी पाउडर के नमूने लिए गए। कार्रवाई में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पाण्डेय के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार, भगौती प्रसाद, पल्लवी तिवारी, डा. अंकिता यादव और सलिल सिंह शामिल रहे।

## 2081 विद्यालयों में से 507 निपुण घोषित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गनेशपुर में डायट प्राचार्य की अध्यक्षता में शिक्षक संकुलों की जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रथम सत्र में हैदरगढ़, त्रिवेदीगंज, सिद्धौर, बनीकोडर, दरियाबाद, फतेहपुर व निंदूरा ब्लॉकों के 330 शिक्षक संकुल शामिल हुए। द्वितीय सत्र में सूरतगंज, सिरौलीगौसपुर, रामनगर, बंकी, नगर क्षेत्र, देवा, हरख व पूरेडलई ब्लॉकों के 355 शिक्षक संकुलों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ। कार्यशाला में एसआरजी अवधेश कुमार पाण्डेय ने शिक्षक संकुल बैठकों के प्रभावी संचालन, सार्वजनिक भाषण गतिविधियों तथा शैक्षिक सत्र 2026-27 के लक्ष्यों व माइलस्टोन निर्धारण प चर्चा की। नोडल प्रवक्ता जितेंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि 27 जनवरी से 4 फरवरी के बीच डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा 'निपुण लक्ष्य ऐप' के माध्यम से कराए गए आंकलन में 2081 विद्यालयों में से 507 विद्यालय निपुण घोषित किए गए हैं। बैठक में आईसीटी व स्मार्ट क्लास के जरिए डिजिटल कंटेंट के उपयोग, वार्षिक परीक्षा की तैयारी, समय प्रबंधन, प्रभावी अध्ययन तकनीक, मॉडल प्रश्नपत्रों के अभ्यास और परीक्षा तनाव प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। साथ ही 'इको क्लब फॉर मिशन लाइफ', स्पोर्ट्स, गणित, विज्ञान, जियोग्राफी व डिजिटल इनिशिएटिव क्लबों के गठन एवं आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर प्रवक्ता अमित कुमार राय, राम प्रकाश यादव, लालचंद, आनंद कुमार यादव, राहुल कुमार सिंह, अभिसारिका वर्मा एवं जहीर अहमद समेत सभी बीईओ, एआरपी व शिक्षक संकुल उपस्थित रहे।

## बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा व देखभाल पर जोर



केंद्र पर मौजूद जिला समन्वयक, बच्चे व कार्यकत्री। ● अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** आंगनबाड़ी केंद्र पूरे किन्हौली प्रथम में आयोजित अभिभावक-आंगनबाड़ी बैठक में रॉकेट लर्निंग संस्था ने सहभागिता की। बैठक का उद्देश्य अभिभावकों को 3 से 6 वर्ष के बच्चों की प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के प्रति जागरूक करना था। जिला समन्वयक हितिक शर्मा ने बच्चों के मानसिक विकास में इस आयु वर्ग की अहमियत बताते हुए ग्रेजुएशन डे, भावनाओं की पहचान, भावगीत और बालगीत जैसी गतिविधियों का परिचय कराया। डिजिटल माध्यमों जैसे व्हाट्सएप ग्रुप और वीडियो के जरिए अक्षर ज्ञान और गिनती सिखाने पर भी जोर दिया गया। कार्यकत्री नीलम ने डिजिटल टूल्स से बच्चों की सीखने में रुचि बढ़ने की जानकारी दी। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों के अभिभावकों को प्रोत्साहित किया गया।

## चूल्हे पर खाना नहीं बनाऊंगी कह विवाहिता ने छोड़ा ससुराल

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** घर की दहलीज लांघ चुकी घरेलू गैस की किल्लत दाम्पत्य जीवन में खटास भरने लगी है। ऐसी ही एक घटना में घर में खाना न बनने पर पति ने सवाल किया तो गैस सिलेंडर खत्म होने का जवाब मिला, इधर पति ने चूल्हे पर खाना बनाने की सलाह क्या दी कि दोनों के बीच कहासुनी हुई। पति के सोते ही पत्नी दुधमुंहे के साथ मायके चली गई।

घरेलू गैस के संकट से शायद ही कोई जूझा न हो, पर घुंघटेर थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर को लेकर हुआ विवाद कुछ अलग ही है। खाना बनाने को लेकर हुए मामूली विवाद के बाद पत्नी अपने 5 माह के मासूम बेटे को लेकर घर से लापता हो गई। मामला ग्राम बौधनी मजरे खटौली का है। यहां के निवासी अनिल कुमार औद्योगिक क्षेत्र उमरा में नाइट ड्यूटी करते हैं, वह 16 मार्च की सुबह करीब 8 बजे घर लौटे तो पत्नी सुमन देवी (29) से खाना न बनने का कारण पूछा। इस पर पत्नी ने गैस खत्म होने की बात कही। पति ने इतना कहा कि गैस नहीं मिल रही है, चूल्हे पर खाना बना लो। बस इतना सुनते ही आग बबूला पत्नी ने चूल्हे पर खाना बनाने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। थकान के कारण अनिल अपने कमरे में सोने चले गए। आरोप है कि इसी दौरान पत्नी घर से करीब एक हजार रुपये लेकर अपने 5 माह के बेटे के साथ कहीं चली गई। शाम करीब 4 बजे जब अनिल की नींद खुली तो पत्नी और बच्चा घर पर नहीं मिले। आसपास तलाश करने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद उन्होंने थाना घुंघटेर में गुमशुदगी की तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन दिनों गैस सिलेंडर की किल्लत और बढ़ती महंगाई के चलते कई घरों में विवाद देखने को मिल रहे हैं।

## तीन लोग लापता गुमशुदगी दर्ज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन लोग लापता हो गए। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। पहला मामला थाना दरियाबाद क्षेत्र का है। यहां मोहम्मद यूनुस के अनुसार उनका पुत्र मोहम्मद खालिद (40) 17 मार्च की सुबह बाइक से घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। दूसरा मामला थाना रामसनेही घाट क्षेत्र का है। यहां सीमा देवी ने बताया कि उनके पति सुरेन्द्र 18 मार्च की सुबह 2 हजार रुपये लेकर पिपरमिंट का बेसार लेने गए थे, लेकिन उसके बाद घर नहीं लौटे। तीसरा मामला थाना सुबेहा क्षेत्र का है। यहां मायावती के अनुसार उनका 17 वर्षीय पुत्र शिव कुमार 18 मार्च की शाम घर से कहीं चला गया और वापस नहीं आया। परिजनों ने रिश्तेदारों व आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। तीनों मामलों में संबंधित थानों में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है।

## कार्यों में गुणवत्ता का करें पालन

- विधानसभा उप समिति की बैठक में दिये गये दिशा-निर्देश

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधानसभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति 2025-26 की प्रथम उप समिति के द्वितीय अध्ययन भ्रमण के तहत कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में शुक्रवार को बैठक हुई।

बैठक में उपसमिति संयोजक मनीषा अनुरागी, विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह, विधायक सुरेश यादव और भाजपा जिलाध्यक्ष रामसिंह वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जल निगम नगरीय की पांच निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए पाइपलाइन कार्यों में गुणवत्ता और मानकों के पालन के निर्देश दिए गए। यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि. निर्माण इकाई-14 लखनऊ के कार्यों की समीक्षा में निर्माण गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर दिया गया। यूपीपीसीएल के 27 कार्यों में से 21 पूर्ण होने और शेष निर्माणाधीन परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। तहसील नवाबगंज के खसपरिया स्थित मत्थेश्वर महादेव मंदिर के पर्यटन विकास कार्य की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। जल जीवन मिशन ग्रामीण के अंतर्गत 849 पेयजल परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति, ट्रांसफार्मर बदलने और बिल संबंधी समस्याओं के समाधान पर जोर दिया गया। किसानों के लिए निर्धारित समय पर बिजली उपलब्ध करानेखराब ट्रांसफार्मरों को बदलने तथा विद्युत चोरी पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। संयोजक मनीषा अनुरागी ने कहा कि सभी अधिकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। अंत में डीएम शशांक त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में सीडीओ अन्ना सुदन, एडीएम निरंकार सिंह, सीएमओ डॉ. अवधेश यादव आदि मौजूद रहे।


बैठक में दिशा निर्देश देतीं संयोजक व सदस्य। ● अमृत विचार

## संचारी रोग अभियान को लेकर बैठक


बैठक करते बीडीओ। ● अमृत विचार

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** एक अप्रैल से 31 अप्रैल तक चलने वाले दस्तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए बीडीओ देवेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजर्षि त्रिपाठी, पशु चिकित्सक डॉ. बी.आर. पाटिल, बीईओ संजय कुमार, पुष्टाहार और कृषि विभाग के अधिकारियों को कार्यक्रम में सहयोग देने का अनुरोध किया गया।

## संत प्रेमानंद महाराज का मना जन्मोत्सव


जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा।

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** संत श्री प्रेमानंद महाराज के जन्मोत्सव और संत कीर्तन कार्यक्रम पर शुक्रवार को सुमेरगंज क्षेत्र भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। सुमेरगंज दुर्गा मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा भिटरिया स्थित छोटी हनुमान गढ़ी होते हुए पुन: सुमेरगंज के श्री बूढ़े हनुमान जी मंदिर पर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लेते रहे। जय श्री राम और राधे-राधे के उद्घोष पूरे क्षेत्र में गुंजायमान रहे। मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में पिंटू सोनी, दिनेश तिवारी, बलराम शुक्ला, अनुराग गुप्ता, दिवाकर बाबा, अमित कसौधन, आलोक गुप्ता (सभासद) और अरविंद गुप्ता सहित कई गणमान्य लोगों ने विशेष योगदान दिया।

## धूमधाम से मनाया गया हिन्दू नववर्ष

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नगर कार्यकारिणी द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर हिन्दू नववर्ष धूमधाम से मनाया गया। स्वयंसेवकों ने लोगों को अभिनन्दन कार्ड देकर नववर्ष का महत्व बताया। सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रचारक रवि प्रताप ने डॉ. केशवराम बलिराम हेडगेवार के राष्ट्रभक्ति का वर्णन किया। अध्यक्षता प्राचार्य वीरेन्द्र कुमार वर्मा ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ संघ पदाधिकारी रामनाथ सोनी, धनीराम गुप्ता, आशीष सोनी, अमर श्रीवास्तव, अशोक सिंह, रामसूरत और मनोज सोनी आदि मौजूद रहे।

## साध्वी मनोदात्यसिता श्री का स्वागत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** पूर्व भारत की धरती का दर्शन करने के लिए पश्चिम बंगाल से प्रारंभ हुई धार्मिक यात्रा आस्था का केंद्र बनी हुई है। यात्रा झारखंड, पटना, अयोध्या, श्रावस्ती, रतनापुरी और कम्पिलपुर से होकर राजस्थान की ओर अग्रसर है। यात्रा का नेतृत्व साध्वी मनोदात्यसिता कर रही हैं। साध्वी का आगमन सुमेरगंज, भिटरिया स्थित दिगंबर जैन मंदिर में हुआ, जहां सकल दिगंबर जैन समाज ने उनका स्वागत किया। मंदिर परिसर जय जिनेन्द्र के उद्घोष से गूंज उठा। इस अवसर पर आदेश जैन, शशांक जैन, रूपेश जैन, श्री हंस जैन, पवन जैन, नरेश जैन, हर्षित जैन और आलोक जैन सहित दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आयोजन

'खेल से खुशी : स्पोर्ट्स फॉर चेंज' पहल के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

# खेल संस्कृति को बढ़ावा देने पर दिया गया जोर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख मिनी स्टेडियम में 'खेल से खुशीः स्पोर्ट्स फॉर चेंज' पहल के अंतर्गत सीआईआई फाउंडेशन के सहयोग से ताराश्री फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में फाउंडेशन की प्रतिनिधि ईप्शा सिंह और संस्थापक विभा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए पहल की जानकारी दी। ताराश्री फाउंडेशन की फेलोशिप प्रोग्राम की बालिकाओं ने 'अरमान हूं मैं' गीत प्रस्तुत कर सभी को भावुक कर दिया। सीआईआई फाउंडेशन के सीईओ सुनील मिश्रा ने अपने संबोधन में लड़कियों की शिक्षा और खेलों के महत्व पर जोर देते हुए 2036 में भारत में ओलंपिक आयोजन की संभावनाओं का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर खेल सुविधाओं का उद्घाटन किया गया।

गणपति एग्रो के निदेशक अतुल कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी आकांक्षा गुप्ता, खंड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा और क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी समृद्धि यादव ने खेलों के जरिए सर्वांगीण विकास और बालिकाओं को प्रोत्साहन देने की बात कही। सीआईआई फाउंडेशन की ओर से सर्वानी और युक्ति ने खेल संस्कृति को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में तारा मेमोरियल टेबल टेनिस चैंपियनशिप आयोजित हुई, जिसमें विजेता और उपविजेता को ट्रॉफी तथा अन्य प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए।

खिलाड़ियों को बैडमिंटन, क्रिकेट और टेबल टेनिस की स्पोर्ट्स किट भी वितरित की गई। अंत में भरत जैन ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बीके जैन, डॉ. स्नेह लता, अंकुर माथुर, श्रीकांत, शाशवत, रुमा गोयल, जया, अनीता, सुनीता यादुवंशी, कुसुम सहित लगभग 40 युवा उपस्थित रहे।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि, फाउंडेशन की संस्थापक व अन्य। ● अमृत विचार



जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते एएसपी। ● अमृत विचार

## मिशन शक्ति के तहत निकाली गयी जागरूकता रैली

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मिशन शक्ति द्वितीय चरण के तहत महिला पुलिस कर्मियों एवं अधिकारियों द्वारा सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश देते हुए बाइक रैली निकाली गई। शुक्रवार को जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह स्कूटी रैली रिजर्व पुलिस लाइन से प्रारम्भ होकर कम्पनी बाग, बस अड्डा, पटेल तिराहा, नाका होते हुए पल्हरी पहुंची, जहां से वापस होकर उसी मार्ग से होते हुए पुलिस लाइन में समाप्त हुई। रैली का उद्देश्य समाज में महिलाओं को उनके कानूनी और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार, क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पन्त, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार, यातायात प्रभारी रामयतन आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक की संदिग्ध हालात में मौत आत्महत्या की चर्चा

**उन्नाव, अमृत विचार।** आसीवन थाना क्षेत्र के बीजीमऊ गांव के मजरा पहाड़पुर गनिवासी निवासी संतू (40) पुत्र चिंताराम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। लोगों में चर्चा रही कि पारिवारिक विवाद के चलते युवक अपने कमरे में साड़ी के फंदे से लटक गया। इससे युवक की मौत हो गई। परिजनों ने फंदा काटकर शव नीचे उतार कर पुलिस को इसकी सूचना दिए बिना अंतिम संस्कार कर दिया। पति की मौत से पत्नी शांती देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। एसओ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया मामला उनकी जानकारी में नहीं है।

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** बिहार थानाक्षेत्र के गोबरहा निवासी संध्या (24) गौरव शुक्रवार शाम अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सुमेरपुर पीएचसी लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर पर थानाक्षेत्र के पोखरी गांव निवासी मायके पक्ष के लोग पहुंचे और ससुरालियों पर आरोप लगाए। नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव ने भी जांच की। एसओ राहुल सिंह ने बताया कि मायके पक्ष से अभी तहरीर नहीं मिली है। शनिवार को पोस्टमार्टम होगा। तभी मौत का कारण स्पष्ट होगा। संध्या की शादी 4 साल पहले हुई थी। पति गौरव आगरा में जेसीबी चालक है। पत्नी की मौत की खबर मिलने पर वह घर के लिए निकला है।

# ईद पर्व: बाजारों में आधी रात हुई खरीदारी, घरों में होती रही तैयारी

## 30वें रोजे का इफ्तार होते ही ईद की खुशियों से सराबोर हुए रोजेदार, दुआ को उठे हाथ



ईद के लिए चूड़ियां खरीदतीं महिलाएं। अमृत विचार



कपड़ों की दुकान पर लगी भीड़। अमृत विचार



ईद की नमाज के लिए टोपी खरीदते लोग। अमृत विचार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ईदुल फितर को लेकर रोजेदारों के चेहरे खिले रहे थे, क्यों कि उन्हें 30 रोजे रखने पर खुदा की तरफ से तोहफा जो हासिल होने वाला था। 30वें रोजे का अफ्तार करते ही हर एक निगाहें ईद के चांद का दीदार करने के लिए आसमान पर जा टिकी और जैसे ही चांद नज़र आया। दुआ के लिए हाथ उठ गए। उधर ईद को ले कर आधी रात तक बाज़ार में खरीददारी होती रही, वहीं घरों में तैयारियां शुरू हो गई। शनिवार को ईदुल फितर है। इससे पहले 29 वें रोज़े की ईद हुई थी। 30 वें रोज़े का अफ्तार करते ही रोजेदारों ने ईद के चांद का दीदार करते हुए मुल्क की सलामती के लिए, दुआ मांगी, उनके चेहरे खिले हुए थे। होते भी क्यों नहीं क्यों कि उन्हें खुदा की तरफ से 30 रोजे रखने का तोहफा जो हासिल होने वाला था। शुक्रवार को आधी रात तक बाज़ारों में खरीददारों की भीड़ आती-जाती रही। कहीं सेवईं और अचकन और जूती की ज़िद करते दिखाई दिए। घरों में तरह-तरह के पकवान बनाने की तैयारियां हो रही थी तो दूसरी तरफ बच्चियां हाथों पर मेंहदी लगवाने के लिए एक घर से दूसरे घर आती-जाती रही। वहीं टीम अंजुमन इस्लामियां ईदुल फितर की नमाज़ की तैयारियों में मशगूल दिखी। मोहम्मद खालिद व जनरल सेक्रेटरी हफीज़ अहमद खां ईदगाह में चुस्त-दुरुस्त बंदोबस्त में जुटे रहे।

**ईदगाह में 7:30 और जामा मस्जिद में 8:15 बजे होगी ईद की नमाज:** अंजुमन इस्लामियां के सदर एडवोकेट मोहम्मद खालिद ने बताया है कि ईदगाह में ईदुल फितर की नमिज़ सुबह 7:30 बजे होगी, जहां नमाज़ से पहले मौलाना अफ्ज़ारुर्रहमान तकरीर करेंगे और जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती आफताब आलम मज़ाहिरी नमाज़ अदा कराएंगे, वहीं जामा मस्जिद में मुफ्ती वकील अहमद कासिमी सुबह 8:15 बजे ईद की नमाज़ अदा कराएंगे।

# बैठक में लड़खड़ाते मिले जिम्मेदार

संवाददाता हरदोई

**अमृत विचार।** डीएम एसआईआर की समीक्षा बैठक ले रहे थे। बैठक के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी टड़ियावां से जब जिलाधिकारी ने पूछा तो वह सही से खड़े नहीं हो पाए और लड़खड़ाने के साथ-साथ लड़खड़ाती जुबान से जवाब सुन डीएम आग बबूला हो गए। आनन-फानन बीईओ को जांच के लिए मेडिकल कालेज भेजा गया। बताते चलें कि कलेक्ट्रेट में एसआईआर की समीक्षा बैठक चल रही थी। बैठक के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी टड़ियावां अनिल कुमार झा जब जवाब देने के लिए खड़े हुए तब वह सही से खड़े नहीं हो पाए। पड़ोस बैठे अधिकारी ने उन्हें सहारा दिया। जब प्रश्न का उत्तर वह देने लगे तब उनकी जुबान भी लड़खड़ा रही थी, इतना सुनते ही डीएम अनुनय झा का गुस्सा बेकाबू हो गया। तत्काल सीएमओ डा. भावनाथ पांडेय को उनका चिकित्सीय परीक्षण कराने को कहा गया। आनन फानन सरकारी गाड़ी उन्हें मेडिकल कालेज लेकर चली गई, जहां उनका सैंपल लिया गया।

### आरोपी को बचाने की चल रही कवायद

डीएम के सामने ऐसी हालत में होने के बावजूद विभागीय अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग के लोग आरोपी को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रथम दृष्टया जांच में तेज खुशबू का इत्र लगे होने की बात कही। प्रश्न यह उठता है कि जब वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिस ब्रीथ एनालाइजर से इस बात का पता लगा लेती है कि शराब पीये है कि नहीं तो फिर आरोपी बीईओ की जांच ब्रीथ एनाइलाजर से क्यों नहीं की गई? चर्चा यह भी है कि अपने अधिकारी के खासमखास होने के कारण आरोपी बीईओ दो-दो ब्लाकों के खंड शिक्षा अधिकारी का पद संभाले हुए हैं। इसका खुलासा डीएम के सामने खुद हो गया। फिर भी चेहते को बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों से मिलकर उन्हें बेदाग साबित करने में लगे हुए हैं।

### समाजसेवी ने बीमारी से ग्रसित लोगों को दी मदद

**बीघापुर, उन्नाव, अमृत विचार।** सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के गांव मेहंदीनगर निवासी विजय बहादुर सिंह के 3 वर्षीय बेटा अर्थ जन्म से हृदय की गंभीर बीमारी से पीड़ित है। उसका ऑपरेशन होना था। ऑपरेशन में आ रही आर्थिक परेशानी की जानकारी पर समाजसेवी प्रदेश सपा प्रवक्ता अंकित सिंह परिहार ने आर्थिक सहायता कर ऑपरेशन सुनिश्चित करवाया है। इसी प्रकार ब्लॉक बीघापुर के गांव दलपत खेड़ा निवासी अंतिमा सिंह के ऑपरेशन के व्यय का प्रबंध कर के कानपुर के एक निजी अस्पताल से सकुशल ऑपरेशन करवाया है। अंकित सिंह परिहार ने अस्पताल में जमा धनराशि की रसीद परिजनों को सौंपते हुए शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

# गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने पीटा

**शाहाबाद, हरदोई।** नमाज के दौरान शोर शराबा करने और गाली गलौज करने का विरोध करने पर दबंगों ने हमला कर आधा दर्जन लोगों को पीट कर घायल कर दिया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी दरमियानी निवासी समीम खान पुत्र सल्लन खान के अनुसार 14 मार्च को शाम 6:30 बजे उसका पुत्र मोहसिन मस्जिद में नमाज पढ़ रहा था। मस्जिद में कुछ बच्चे शोरगुल कर गाली-गलौज कर रहे थे। मोहसिन ने बच्चों को शोरगुल करने से मना किया तो राजू पुत्र मुख्तार खान निवासी गढ़ी खुर्द ने मोहसिन को मारना पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान उसकी पत्नी फरमाइशा, पुत्रियां निंदा, अनम, नसरा तथा छोटा पुत्र साद आ गया तो रिजवान, तंजिल खां, अदनान एवं कैफ खां मिलकर सभी को मारा पीटा जिससे उन्हें काफी चोटें आई हैं। इसके अतिरिक्त किचन का सारा सामान और बर्तन तोड़ दिए। घटना के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय ने बताया जांच-पड़ताल की जा रही है।

# नपा की लापरवाही से नौनिहालगंज में व्यापारियों का जीना हुआ दुश्वार

संवाददातात बांगरमऊ, उन्नाव

**अमृत विचार।** नौनिहालगंज बाजार में नाला किनारे महीनों से जमा कचरे के ढेर ने व्यापारियों व राहगीरों का सांस लेना दूभर कर दिया है। नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के कारण अब यह समस्या एक बड़े स्वास्थ्य संकट का रूप ले चुकी है। कचरे के इन ढेरों के ठीक बगल में मीट, मछली और परचून की दर्जनों दुकानें संचालित हो रही हैं। खाने-पीने की वस्तुओं की बिक्री वाली इन दुकानों पर प्रतिदिन हजारों लोग पहुंचते हैं लेकिन उठती हुई तेज दुर्गंध और मक्खियों के भिनभिनाने के कारण ग्राहक दुकानों पर रुकने के बजाय वहां से भागने को मजबूर हैं। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि बदबू के चलते उनका व्यापार ठप होने की कगार पर है। लोगों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका के सफाईकर्मी हफ्तों तक कूड़ा उठाने नहीं आते। लंबे समय से नालों की सफाई न होने से गंदा पानी और कचरा सड़कों तक फैल रहा है। कूड़े के ढेर में दिनभर आवारा पशु बैठे रहते हैं, जिससे गंदगी और अधिक फैल रही है। इस मुद्दे पर प्रमुख समाजसेवी और वरिष्ठ अधिवक्ता रामपाल यादव ने कहा कि सरकार के स्वच्छता अभियान के बड़े-बड़े दावे केवल कागजों तक ही सीमित हैं, जबकि नौनिहालगंज बाजार की जमीनी हकीकत प्रशासन की पोल खोल रही है। उन्होने चेतावनी दी है कि यदि नगर पालिका प्रशासन ने अविलंब कचरा नहीं हटवाया तो वे विरोध-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।



नौनिहालगंज में लगा कूड़े का ढेर।

# बस की टक्कर से स्कार्पियो सवार ठेकेदार की गई जान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सवारियां लेकर फर्रुखाबाद जा रही बस ने स्कार्पियों में ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे उस पर ठेकेदार की मौत हो गई। शुक्रवार की शाम बिल्हौर-कटरा हाई-वे गंगा एक्सप्रेस-वे की पुलिया पर दर्दनाक हादसा होना बताया गया है। पुलिस जांच कर रही है। बताया गया है कि कोतवाली शहर के राधा नगर निवासी 38 वर्षीय रक्षविजय सिंह उर्फ बागी पुत्र सर्वदमन सिंह पेशे से ठेकेदार था, शुक्रवार की शाम को रक्षविजय सिंह हरियावां थाने के रारा निवासी अमित कुमार, संजय कुमार और कोतवाली देहात के दानियाल गंज निवासी विवेक कुमार के साथ स्कार्पियो से वापस घर लौट रहा था, जैसा कि बताते है कि रक्षविजय सिंह उर्फ बागी नगर पंचायत पाली के परिषदीय स्कूलों का सौंदर्यकरण करा रहे थे, उसी बीच हाई-वे पर गंगा एक्सप्रेस-वे की सतौथा पुलिया के पास हरपालपुर से सवारियां ले कर फर्रुखाबाद जा रही निजी बस ने सामने से टक्कर मार दी, टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि स्कार्पियो और बस दोनों हाई-वे से खाईं में उतर गए। हादसे में ठेकेदार रक्षविजय सिंह उर्फ बागी की मौत हो गई, जबकि अमित कुमार, विजय कुमार व संजय कुमार को सीएचसी हरपालपुर से मेडिकल कालेज के लिए रिफर किया गया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

# कोटेदार के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

**सफीपुर, उन्नाव।** विकासखंड सफीपुर के गांव गौरी में आयोजित ग्राम चौपाल में सीडीओ कृतिराज ने जन समस्याओं की सुनवाई की और सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी। चौपाल में लापरवाही मिलने पर सीडीओ ने अफसरों को कार्यप्रणाली सुधारने की चेतावनी दी। इस दौरान उनके संज्ञान में आया कि गांव के कोटेदार ने अब तक एक भी आयुष्मान कार्ड नहीं बनाया है। इस पर उन्होंने तत्काल कोटेदार के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। वहीं, गांव निवासी पूनम ने अपनी सास विद्यावती की वृद्धावस्था पेंशन न मिलने की शिकायत की। इस पर सीडीओ ने खंड विकास अधिकारी को मौके पर सत्यापन कर तत्काल पेंशन स्वीकृति के निर्देश दिए।



बैठक में मौजूद लोगों को संबोधित करतीं सीडीओ कृतिराज। अमृत विचार

सीडीओ ने उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां बच्चों से संवाद कर उन्हें लेखन सामग्री बांटी। विद्यालय भवन में ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए विद्युतीकरण कार्य का जायजा लेते हुए निर्देश दिया कि कार्य को स्वीकृत आंगणन के अनुसार ही गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की चर्चा करते हुए कृति राज ने ग्रामीणों को योजनाओं के लाभ गिनाए। उन्होंने महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। साथ ही नेडा अधिकारी को गांव में कैंप लगाकर सोलर लाइटों का प्रचार-प्रसार करने और पात्र ग्रामीणों के घरों पर लाइट लगवाने की जिम्मेदारी सौंपी।



जेसीबी से हटवाई जाती रेलवे ट्रैक के किनारे खड़ीं झाड़ियां। अमृत विचार

### रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ियों की सफाई शुरू

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** गर्मी नजदीक आते ही रेलवे ने सुरक्षा को देखते हुए सरैयां से सहजनी क्रॉसिंग के बीच ट्रैक किनारे झाड़ियों की सफाई शुरू करवा दी है। शुक्रवार को कर्मियों ने रेलवे लाइन के दोनों ओर उगी घास व खरपतवार को जेसीबी से हटाने का कार्य किया। बीते वर्ष तक गर्मियों में इसी क्षेत्र में अराजकतत्वों द्वारा झाड़ियों में आग लगा दी जाती थी। जिससे कई बार एक्सप्रेस व अन्य ट्रेनें प्रभावित होती थीं। ट्रैक के पास धुआं व आग के कारण रेल संचालन बाधित होता था और यात्रियों को परेशानी होती थी। इसे देखते हुए इस बार रेलवे प्रशासन पहले से सतर्क है। सफाई कार्य के लिए एक जेसीबी व करीब एक दर्जन मजदूर लगाए गए हैं। जो लगातार झाड़ियां हटाने में जुटे हैं। रेल कर्मियों का कहना है कि झाड़ियों की सफाई से आग लगने की घटनाओं पर रोक लगेगी और ट्रेनों का संचालन सुचारू बना रहेगा। इससे यात्रियों को भी राहत मिलेगी। उधर, रेलवे पुल पर प्रस्तावित मरम्मत कार्य को लेकर विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अगले माह जर्जर ट्रफ बदलने के लिए मेगा ब्लॉक लिया जाना है। इसके तहत शुक्रवार को डाउन लाइन पर गिट्टियां हटाने का कार्य शुरू हुआ। कानपुर की ओर से पहुंचे गैंगमैन की टीम ने ट्रैक किनारे जमा गिट्टियां हटाकर कार्य की शुरुआत की।

## बैडमिंटन स्पर्धा में नैंसी रहीं अव्वल

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला क्रीड़ा अधिकारी मंजू शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को जिला स्तरीय खेल बैडमिंटन महिला/पुरूष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नितिन यादव ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रशिक्षक आशीष पाल ने पटका पहनाकर तथा विनय ने बैच लगाकर व जिला क्रीडाधिकारी ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में महिला वर्ग में नैन्सी शर्मा प्रथम स्थान, आराध्या गुप्ता द्वितीय व अद्रिका मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता डबल में अद्रिका मिश्रा, नैन्सी शर्मा ने प्रथम स्थान व आरजू, कुसुम ने द्वितीय स्थान तथा आराध्या गुप्ता, अपर्णा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# बेकाबू मोटरसाइकिल संकेतांक से टकराई, चचेरे भाइयों की गई जान

संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** रिश्तेदार के यहां आयोजित गृह प्रवेश कार्यक्रम से लौटते समय तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर संकेतांक से टकरा गई। इसमें गंभीर घायल हुए बाइक सवार चचेरे भाइयों को हाईवे की एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। ईएमओ के मेमो पर शव मोर्चरी में रखवाया गया है। अचलगंज थानाक्षेत्र के टिकौली (रावतपुर) गांव निवासी नन्हकू उर्फ फतह बहादुर (50) पुत्र नंद किशोर गांव निवासी चचेरे भाई राहुल सविता (25) पुत्र राजेंद्र प्रसाद के साथ सदर कोतवाली क्षेत्र के नवीन मंडी के पीछे इब्राहिम बाग निवासी रिश्तेदार के गोले पुत्र राम प्रकाश के यहां गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने आया था। जहां कथा समाप्त होने के बाद शुक्रवार करीब 3 बजे लौटते समय उन्नाव-लालगंज हाईवे पर अचलगंज थानाक्षेत्र के भैंसई-बेथर गांव के बीच बने ओवर ब्रिज पर उनकी बाइक सड़क पर पड़ी मिट्टी से फिसलकर डिवाइडर पर लगे संकेतांक के पोल से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाईवे की एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। राहुल अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। वह गांव में एक सैलून में कार्य करता था। बेटे की मौत से मां सुधा सदमे में है। वहीं नन्हकू मजदूरी कर परिवार पालता था। उसकी पत्नी की 10 साल पहले मौत हो गई थी। दो बेटे चुम्मी व टिल्लू हैं। पहले मां और अब पिता की मौत से दोनों बेहाल है। एसओ बृजेश शुक्ला ने बताया कि सड़क हादसे में दो लोगों की मौत की सूचना मिली है। शवों को मोर्चरी में रखवा दिया गया है।



नन्हकू।



राहुल।

### कैंप लगाकर की जा रही फार्मर रजिस्ट्री

**पुरवा उन्नाव, अमृत विचार।** किसान सम्मान निधि का लाभ पाने वाले किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए तहसील के 25 गावों में कैंप लगाए गए हैं। शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के 25 गावों समाधा, भवलिया, चमियानी, कंदरपुर, कसरौर, हिलौली, मौरांवा में लेखपाल व राजस्व निरीक्षकों द्वारा 94 किसानों की फार्मर रजिस्टरी की गई। तहसीलदार मनीष द्विवेदी ने बताया कि 25 गावों में 94 फार्मर रजिस्टरी हुई हैं। रजिस्ट्री का काम लगातार जारी है। लेखपाल व राजस्व निरीक्षक द्वारा गावों में कैंप के माध्यम से भी हो रहा है। किसान सम्मान निधि पाने वाले सभी किसानों के आधारकार्ड, खतौनी व आधारकार्ड से लिंक मोबाइल नंबर आदि कागजात लगेंगे। जिस किसान का आधार कार्ड खतौनी से लिंक नहीं होगा उसकी किसान सम्मान निधि प्रभावित हो सकती है। इसलिए सभी किसानों को जल्द से जल्द आधार कार्ड खतौनी से लिंक कराना है। कैम्प में वैकांत, प्रशांत, दिनेश, अंशु शुक्ला व राजस्व निरीक्षक बृजेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### गौ आश्रय स्थल में एसडीएम को मिलीं खामियां

**बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव टेढ़ा में संचालित गौआश्रय स्थल का शुक्रवार को एसडीएम रणवीर सिंह ने औचक निरीक्षण किया। जहां मुख्य गेट पर ताला लटकता मिला। गौआश्रय स्थल में संरक्षित गौवाशों की दशा भी दयनीय मिली। एसडीएम रणवीर सिंह शुक्रवार दोपहर अचानक भवानीखेड़ा टेढ़ा गौशाला जा पहुंचे। जहां मुख्य गेट पर ताला बंद मिला। एसडीएम ने गेट से जानवरों की दुर्दशा देखी। हल्की बूंदाबांदी के बावजूद मवेशियों के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। साफ सफाई भी ठीक नहीं मिली। एसडीएम ने मौके से ही गांव में तैनात सचिव को फोन मिलाया व व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। एसडीएम रणवीर सिंह ने बताया कि सचिव, प्रधान व केयर टेकर को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण लिया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि काम में लापरवाही किसी भी कीमत पर सहन नहीं की जायेगी। लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### जलभराव न होने से लोगों को मिलेगी राहत

**हरदोई, अमृत विचार।** नगर विधायक व मंत्री नितिन अग्रवाल ने जलभराव की समस्या मुख्यमंत्री के सामने रखी थी, जिस पर मुख्यमंत्री ने 200 .55 लाख रुपये नगर में सीवर लाइन के लिए स्वीकृत कर दिए हैं, जिसमें से लगभग आधी धनराशि नगर पालिका हरदोई के लिए प्रथम किस्त के रूप में जारी भी कर दी गई है। इस सीवर लाइन से बरसात में नगर में होने वाली जलभराव से लोगों को राहत मिलेगी और बरसात में नगर के बड़ा चौराहा, सदर बाजार, बैटगंज सहित तमाम मोहल्ले जलभराव से प्रभावित हो जाते हैं। बरसात के बाद घंटों गंदे पानी का भराव सड़कों पर रहता है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए आबकारी मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सीवर लाइन की मांग की थी जिस पर मुख्यमंत्री ने इसे स्वीकृति प्रदान कर दी।

### परिवार नियोजन को लेकर दिया प्रशिक्षण

**उन्नाव, अमृत विचार।** परिवार नियोजन सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सीएमओ कार्यालय सभागार में आशा कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक हुई। इसमें उन्हें क्षेत्र में सक्रिय रूप से काम करने व 1 अप्रैल से चयनित चिकित्सा इकाइयों पर अंतरा त्रैमासिक सब-क्यूटिनियस इंजेक्शन के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। एसीएमओ व नोडल अधिकारी (अर्बन) डॉ. हरिनंदन ने कहा कि परिवार नियोजन की सुविधाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक जरूर पहुंचनी चाहिए। उन्होंने पुरुष नसबंदी को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने पर भी जोर दिया। कहा कि इसके लिए जागरूकता बढ़ाना जरूरी है। बताया कि 1 अप्रैल से जिला महिला चिकित्सालय के साथ अचलगंज व नवाबगंज ब्लॉक की चयनित स्वास्थ्य इकाइयों पर यह नई सेवा शुरू होगी। इससे लाभार्थियों को सुविधा मिल सकेगी। बैठक में डॉ. रानू कटियार (अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर), डॉ. आरिफ (फैमिली प्लानिंग मैनेजर) सहित पीएसआई इंडिया के अनुरेश सिंह आदि मौजूद रहे।



चंपापुरवा-नेतुआ मार्ग पर होता पुलिया निर्माण का कार्य। अमृत विचार

### चंपापुरवा-नेतुआ मार्ग पर तीन पुलियों का निर्माण शुरू

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** बीते कई वर्षों में आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई चंपापुरवा-नेतुआ मार्ग की पुलियों के निर्माण अब तेजी पकड़ने लगा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा गगनी खेड़ा से नेतुआ के बीच 3 नई पुलियों का निर्माण करीब 92 लाख से कराया जा रहा है। इनमें से दो पुलियों का कार्य तेजी से चल रहा है। जबकि एक लगभग तैयार होने की स्थिति में है। बाढ़ के चलते पुरानी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे इस मार्ग पर बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया था। स्थानीय लोगों को मजबूरन सहजनी और मरहला चौराहे के रास्ते लंबा चक्कर लगाकर आना-जाना पड़ रहा था। पीडब्ल्यूडी के जेई जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि दो पुलियां 8 .5 मीटर चौड़ी बनाई जा रही हैं, जिनमें 3-3 मीटर के दो स्पैन लगाए जा रहे हैं। वहीं तीसरी पुलिया में 3 मीटर का स्पैन तैयार किया जा रहा है। एक पुलिया का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, जबकि दूसरी का स्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है और जल्द ही उस पर स्लैब डाला जाएगा। कार्य अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

## सतर्कता से मिला बिछड़ा बच्चा, मां को मिली राहत

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** ट्रेन में सफर के दौरान मां से बिछड़ा एक 10 वर्षीय बच्चा रेलवे की सतर्कता से सकुशल मिल गया। सीतापुर सिधौली निवासी ममता मिश्रा अपने बेटे अभिनय मिश्रा के साथ जयपुर बालाजी दर्शन कर लौट रही थीं। कानपुर सेंट्रल से लखनऊ जाने के लिए उन्होंने मेमो पैसेंजर ट्रेन पकड़ी। बताया गया कि ट्रेन में बैठने के बाद ममता कुछ सामान लेने नीचे उतरीं इसी दौरान उनका बेटा भी पीछे-पीछे उतर गया। अनजाने में वह वापस ट्रेन में चढ़ गईं और ट्रेन चल दी। कुछ देर बाद बेटे के गायब होने का पता चला तो उनके होश उड़ गए। ट्रेन गंगाघाट स्टेशन पहुंचने पर उन्होंने स्टेशन मास्टर विवेक को सूचना दी। तत्काल कंट्रोल रूम से संपर्क किया गया। उधर कानपुर स्टेशन पर बच्चा प्लेटफार्म नंबर दो पर बैठा मिला, जिसे जीआरपी ने सुरक्षित रखा। बाद में मां को कानपुर भेजा गया, जहां बेटे से मिलकर उन्होंने राहत की सांस ली।

## हरदोई हेरिटेज कप : जीबी पंत क्रिकेट अकादमी ने एक रन से दर्ज की जीत

**हरदोई, अमृत विचार।** सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार से हरदोई हेरिटेज कप सीजन 5 का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी मंजू शर्मा ने टॉस करके किया। पहला मैच पूल ए की टीमों कॉन्सेप्ट- 11 तथा जीबी पंत क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया।

जीबी पंत क्रिकेट अकादमी टीम ने मैच में एक रन से रोमांचक जीत दर्ज की।सौरभ रावत ने बल्लेबाजी करते हुए 24 रनों का योगदान किया तथा गेंदबाजी करते हुए दो विकेट लिए। उन्हें उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में टॉस जीबी पंत क्रिकेट अकादमी ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया। जीबी पंत क्रिकेट अकादमी की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 167 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। जीबी पंत क्रिकेट अकादमी की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए रविंद्र साहू 26 रन व सौरव रावत ने 24 रनों का योगदान किया। कॉन्सेप्ट -11 की तरफ से गेंदबाजी करते हुए रितेश, सत्यम व शास्वत मिश्रा ने दो-दो विकेट, आयुष, भोला व सोमेश अवस्थी ने एक-एक विकेट लिया व एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कॉन्सेप्ट -11 की टीम निर्धारित 20 ओवर में 165 रन ही बना सकी। जीबी पंत क्रिकेट अकादमी टीम ने मैच में एक रन से रोमांचक जीत दर्ज की।

न्यूज ब्रीफ

## जन सनुवाई में डीएम ने सुनीं 53 शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने शुक्रवार को आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में कुल 53 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि.रा. प्रियंका सिंह व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## चोर को पकड़कर पुलिस के हवाले किया

**शाहाबाद, हरदोई।** एक दुकानदार ने दूसरी बार प्रेशर कुकर चोरी कर रहे चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। चोर की हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। शाहाबाद कोतवाली के मीरा बस्ती स्थित प्रेशर कुकर दुकानदार हफीज खान पुत्र मुख्तार मोहल्ला बुध बाजार की दुकान है। 19 मार्च को दोपहर लगभग 12:30 बजे रंगीले पुत्र रामस्वरूप निवासी रामपुर हमजा थाना बेहटा गोकुल हाफिज की दुकान से प्रेशर कुकर चुरा कर जाने लगा तो हफीज ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया। आसपास की दुकानदारों के सहयोग से हफीज चोर को पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। हफीज ने बताया उक्त चोर उसकी दुकान से दो बार प्रेशर कुकर चोरी कर चुका है। इस बार वह उसकी तलाश में रहा और उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। चोर की चोरी की हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शुक्रवार को सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

# बेमौसम बारिश से गेहूं व सरसों की फसलें पलटीं

### किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें, हो सकती है आर्थिक क्षति



बारिश के बाद पलटी फसल। अमृत विचार

संवाददाता सुरसा, हरदोई

**अमृत विचार।** शुक्रवार को जिले में बेमौसम बारिश के होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें बनी हुई है। इधर किसानों की गेहूं व सरसों की फसल पककर तैयार हो चुकी है जिसके चलते जरा सी बारिश होने पर किसानों का भारी नुकसान हो सकता है। शुक्रवार को हुई बारिश से भी कुछ किसानों की गेहूं, की फसल पलट गई।

**जानमाल की सुरक्षा के प्रति रहें सचेत :** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मौसम विभाग ने ओलावृष्टि/मेघगर्जन/व्रजपात/वर्षा के प्रभाव आधारित पूर्वानुमान एवं चेतावनी जारी की है। शुक्रवार व शनिवार के मध्य जिले में ओलावृष्टि, वर्षा, आंधी तूफान, मेघ गर्जन एवं वज्रपात होने (येलो अलर्ट) की सम्भावना व्यक्त की गई हैं। जिलाधिकारी अनुनय झा के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) प्रियंका सिंह ने किसानों से अपील की कि इस ओलावृष्टि, बारिश, मेघ गर्जन एवं वज्रपात से आप को सुरक्षित करते हुए फसलों/फसल की उपज को भी सुरक्षित स्थान पर रखें, जिससे किसी प्रकार के नुकसान आदि से बचा जा सके।



सरोज यादव।



बेचे लाल राठौर।



प्रताप नारायण।



दीपांशु कुशवाहा

**बोले किसान:** सरोज यादव, बेचेलाल राठौर, प्रताप नारायण व दीपांशु कुशवाहा आदि किसानों ने बताया कि खेती करना आसान नहीं है। दिन पर दिन किसानों की समस्या बढ़ती ही जा रही है। गेहूं की बुवाई के दौरान खाद-बीज के लिए कई चक्कर लगाने के बाद मिला था। गेहूं का बीज और दिन-रात मेहनत करके अपनी फसल को बचाया था, लेकिन बेमौसम बारिश होने से किसानों की फसल सुरक्षित घर पहुंचने में दिक्कतें आ रही हैं।

**आठ किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा:** एकाएक बदले मौसम से जिले का न्यूनतम तापमान घट कर 17.4 हो गया। मौसम विभाग के अनुसार जिले में 3.2 मिलीमीटर बरसात दर्ज की गई। बादल छाए रहे। विभिन्न क्षेत्रों में बूंदाबांदी होती रही।

## शराब ठेका के पास युवक पर ईंट से किए कई वार

**संवाददाता, सुरसा, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के पचकोहरा शराब ठेका के पास गुरुवार शाम को मार्ग किनारे बैठे युवक पर हत्या के इरादे से युवक ने जानलेवा हमला किया। मृत जानकर आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। जिला अस्पताल में युवक का इलाज चल रहा है। पचकोहरा निवासी सलीम पुत्र शफ्फू टैंपो चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। गुरुवार की शाम गांव किनारे दुकान की और समान लेने गया था।इसी बीच गांव निवासी युवक ने सलीम के सिर पर इंट से हमला कर दिया, जिससे सलीम सड़क पर गिर पड़ा। आरोपी युवक ने इंट से कई वार किए। इस बीच सलीम की चिल्लाने की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी युवक सलीम को मृत जानकर मौके से फरार हो गया। परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए डॉक्टर ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया।

# सिटी मजिस्ट्रेट ने सरे बाजार ठेले वालों को मारा थप्पड़

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** फुटपाथ पर ठेला लगाकर दो जून की रोटी का बंदोबस्त करने वाले गरीबों की गरीबी सरे बाजार रौंद दी गयी लेकिन अफसोस कि सारे के सारे चुपचाप खड़े तमाशा देखते रहे और गरीबी अपनी फूटी किस्मत लिए एक कोने में सिसकती नजर आई। दरअसल बात शहर के नुमाइश चौराहे की है। शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी की अगुवाई में अतिक्रमण अभियान शुरू हुआ जिसमें नगरपालिका परिषद के ईओ, ट्रैफिक इंस्पेक्टर और पुलिस की टीम शामिल थी। वहां ठेले पर खीरा बेच रहा अधेड़ अजय और दूसरा राकेश ठेला लिए खड़े थे। जैसा बताते हैं कि अतिक्रमण विरोधी दस्ता देखकर दोनों घबरा





आप बीती सुनाते अजय और राकेश। अमृत विचार

गए और उसी घबराहट वहां से ठेला हटाने में कुछ देर हो गई। बस फिर क्या था सिटी मजिस्ट्रेट आगे बढ़े और राकेश और अजय के गाल पर जोरदार थप्पड़ जड़ दिए। इतना नहीं उन्हें खरी-खोटी भी सुना दी। बताना जरूरी है कि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विद्याराम वर्मा से तू-तड़ाक होना, मीडिया प्रभारी गंगेश पाठक से बहस या फिर बस ड्राइवर और एक छात्र की पिटाई का मामला हो सिटी मजिस्ट्रेट कई बार सुर्खियों में रह चुके हैं।



निरीक्षण करतीं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नारायण भाटिया एवं क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार। अमृत विचार

## अलविदा जुमे पर फ्लैग मार्च, ईद को लेकर बढ़ी सुरक्षा

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** रमज़ान के अंतिम शुक्रवार अलविदा जुमे के अवसर पर तथा ईद-उल-फित्र और नवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिला मजिस्ट्रेट नारायणी भाटिया एवं क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में कस्बे में व्यापक स्तर पर फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान ईदगाह, विभिन्न मस्जिदों, मंदिरों के अलावा कस्बे के प्रमुख बाजारों एवं मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील क्षेत्रों में भारी पुलिस बल के साथ गश्त की गई। इस दौरान अधिकारियों ने आम जनमानस से संवाद स्थापित करते हुए सुरक्षा का भरोसा दिलाया और शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। प्रशासनिक टीम ने ईदगाह का निरीक्षण भी किया, जहां सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित कमेटी के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने साफ-सफाई, भीड़ प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था तथा आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर पाल भी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

## किसान ने की आत्महत्या सुबह देखा गया शव



**हरदोई, सांडी।** रात का खाना खाने के बाद किसान खेत पर सोने चला गया। उसने वहीं झोपड़ी के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया है कि साण्डी थाने के पिंडारी निवासी 58 वर्षीय सुभाष पुत्र बिंदा खेती-किसानी करता था, परिवार में पत्नी रेखा के अलावा बटे सोनू, कुलदीप और एक बेटी अर्चना है। सोनू ने बताया कि उसके पिता ने गुरुवार की रात खाना खाया और उसके बाद रोज़ की तरह खेत पर बनी झोपडी में सोने के लिए चला गया। शुक्रवार की सुबह सोनू जब खेत पर पहुंचा तो उसने देखा कि उसके पिता का शव फांसी पर लटक रहा था, इसका पता होते ही वहां भीड़ लग गई, पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। फिलहाल आत्महत्या करने की वजह का पता नहीं चल सका है।



कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

## हथौड़ा गांव से निकली कलश यात्रा, श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**भरखनी, हरदोई।** हथौड़ा गांव में शुक्रवार को ग्राम प्रधान अजीत सिंह के नेतृत्व में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा ग्राम प्रधान के आवास के पास स्थित कार्यक्रम स्थल से प्रारंभ होकर अल्लाहगंज होते हुए फर्रुखाबाद के पांचाल घाट पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश रखकर शामिल हुईं और गंगा घाट पर पहुंचकर विधि-विधान से जल भरकर पूजा-अर्चना की। यात्रा के दौरान श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते नजर आए। मुख्य यजमान महेंद्र सिंह ने बताया कि इस कथा आयोजन का उद्देश्य गांव और क्षेत्र में खुशहाली, धर्म का प्रचार-प्रसार करना और आपसी भाईचारे को मजबूत करना है। कलश यात्रा में पंडित वशिष्ठ महाराज अग्रिम पंक्ति में चलते रहे। गंगा जल भरने के बाद यात्रा पुन: हथौड़ा लौटी जहां प्रमुख मंदिरों में पूजन उपरांत कथा पंडाल पहुंचकर कलश यात्रा पूर्ण हुई। पंडित वशिष्ठ जी महाराज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया।

# डिवाडर से टकराई बाइक, चालक की मौत

रफ्तार की मार


संवाददाता कछौना, हरदोई

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र हरदोई-लखनऊ नेशनल हाइवे पर डबल नहर के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी पाकर पहुंचे मौके पर परिजन रोजली पुत्र निसारअली निवासी जिगिनिया खुर्द थाना टड़ियावां ने बताया है कि याकूब अली अपनी बहन लखनऊ गये थे। वहीं से बाइक से वापस घर जिगिनिया जा रहे थे, तभी बघौली थाना के डबल नहर निकट माढिया गांव के पास नेशनल हाईवे के फ्लाई ओवर पर बाइक डिवाडर से जा टकराई जिससे बाइक चालक उछल कर फ्लाई ओवर के नीचे जा गिरा। घायल हो गया जिसको उपचार के लिए कछौना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना ले गये जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। वह एक दिन पूर्व दिल्ली से ईद के त्यौहार पर घर आया था। शुक्रवार की सुबह अपनी बहन रुकसाना लखनऊ के यहां सेवई, आदि ईद की खरीददारी करने गए थे, वहीं से वापस आते समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस ने शव को कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सड़क हादसे में घायल अधेड़ ने 7वें दिन तोड़ा दम

**हरदोई, अमृत विचार।** खेत से घर जा रहे अधेड़ को तेज़ रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी थी, जिसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां से हायर सेंटर लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गया था, वहां जवाब दिए जाने के बाद घर वाले उसे गांव उठा लाए, वहां गुरुवार की शाम 7 वें दिन उसकी मौत हो गई, मझिला पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया है कि मझिला थाने के बड़ा बिजगवां निवासी 45 वर्षीय छोटे भइया शर्मा पुत्र श्रीराम शर्मा लोहारी का काम करता था, वह अपने पांच भाइयों में सबसे छोटा था, उसने शादी नहीं की थी। बड़े भाई राधेश्याम छोटे भइया शनिवार को खेत से पैदल घर लौट रहा था, उसी बीच गांव निवासी 22 वर्षीय साहिल पुत्र गुड्डू बाइक ले कर उधर से निकला और छोटे भइया के टक्कर मार दी और दूर जा गिरा, जिससे छोटे भइया और बाइक सवार साहिल बुरी तरह ज़ख्मी हो गया, दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां से छोटे भइया हायर सेंटर लखनऊ रिफर कर दिया, जबकि साहिल का वहीं इलाज चलता रहा। उधर छोटे भइया को लखनऊ से जवाब देने के बाद घर वाले उसे गांव उठा लाए, जहां गुरुवार की शाम को उसकी मौत हो गई।

## भक्तों ने की मां ब्रम्हचारिणी की आराधना




मां की पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को मंदिरों व घरों में भक्तों ने मां ब्रम्हचारिणी का पूजन अर्चन किया। इसके बाद देवी जी को फल, मिठाई आदि से भोग लगाया गया। उसके उपरांत श्रद्धालुओं ने उपवास रखा। चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन मां श्रवण देवी मंदिर, संतोष माता मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर, फूलमती मंदिर, सिद्धबाबा मंदिर आदि में सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। यहां आने जाने वालों की भीड़ लगी रही। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों के आसपास पुलिस बल भी तैनात किया गया।

## साहित्य वातावरण से गूंजा नव कृति साहित्य मंच



काव्य संग्रह की पुस्तकें की गईं भेंट। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार।** नव कृति साहित्य मंच के तत्वावधान में कवयित्री अलका गुप्ता 'कृति' के जन्मदिन पर बुधवार को आवास विकास स्थित उनके आवास पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार चंद्र किरण अग्रवाल और संचालन कवयित्री अलका गुप्ता 'कृति' ने किया। काव्य गोष्ठी में डा.अभिराम सिंह, कवि निशानाथ अवस्थी 'निशंक', कवयित्री अक्षरा अमन मिश्रा, मीरा द्विवेदी वर्षा सहित कई साहित्यकारों ने अपनी-अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कवि निशानाथ अवस्थी 'निशंक' ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। उसी कड़ी में काव्य गोष्ठी में शामिल कवियों ने काव्य पाठ कर साहित्यिक वातावरण को समृद्ध किया। अंत में साहित्यकारों ने कवयित्री अलका गुप्ता 'कृति' के साहित्यिक योगदान को सराहा। इस दौरान अलका गुप्ता 'कृति' के हाथों सम्पादित नव कृति काव्यांजलि साझा काव्य संग्रह की पुस्तक भेंट की गई।

# सिलेंडर लीकेज होने से लगी आग, चार झुलसे

**हरदोई, अमृत विचार।** लुधियाना की लोहा फैक्ट्री में मज़दूरी कर एक कमरे में रहने वाले हादसे का शिकार हो गए। गैस सिलेंडर में लीकेज होने से आग लग गई जिसमें मां-बेटी समेत चार लोग झुलस गए। वहां इलाज कराना बस के बाहर था। इस वजह से उन्हें वहां से लाकर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। बेनीगंज कोतवाली के पुरवा बाजीराव निवासी संगम लुधियाना में लोहा फैक्ट्री में मज़दूरी करता है, जहां 20 वर्षीय पत्नी ममता, ढ़ाई साल की बेटी वैष्णवी के अलावा 21 वर्षीय भाई प्रमोद और 15 वर्षीय साले अरुण के साथ एक कमरे. में रहता था। संगम के मुताबिक बुधवार की रात उसकी पत्नी ममता खाना बना रही थी, उसी बीच सिलेंडर में लीकेज से आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई। आस-पड़ोस के लोग दौड़े और किसी तरह आग पर काबू पाया, हादसे की शिकार हुई ममता, वैष्णवी, प्रमोद और अरुण बुरी तरह से झुलस गए, उन्हे एक निजी हास्पिटल पहुंचाया गया, संगम का कहना था कि वहां का इलाज उसके बस से बाहर था, उसका बड़ा साला शिवा लुधियाना पहुंचा और वहां से चारों को उठा लाया, जिन्हे शुक्रवार को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

## हत्यारोपी पति समेत सात लोगों पर मुकदमा दर्ज

**मल्लावां, हरदोई।** अतिरिक्त दहेज न मिलने पर महिला को गला दबाकर मारने पीटने के मामले में पुलिस ने पति सहित सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। कोतवाली में दर्ज कराए में गुल्फसा निवासी पटेल नगर कुरसठ थाना माधौगंज ने बताया कि 26 दिसम्बर 2016 को मो शाहिद पुत्र इसराइल के साथ मुस्लिम रीति रिवाज़ के साथ शादी हुई थी। उसके एक लड़की और दो लडके भी है।शादी के बाद सब कुछ ठीक चला, उड़के बाद सारा ज़ेवर कब्जे में लेकर अतिरिक्त दहेज में पचास हजार नकद, स्प्लेंडर मोटर साईकिल, सोने की चैन व अंगूठी की मांग कर रहे थे ज़ब मांग पूरी न हुई तो 10 मार्च को सुबह जान से मारने का प्रयास कर मारा पीटा जिससे काफ़ी चोटे आई। परिजनों को बुलाकर मेके चली आई। पुलिस ने मोसाहिद, मो. चांद, निखत बनो, मो आसिफ, रेशमा, चांदनी, निवासीगण मकान नंबर 25 झबीले पुरवा जाजमऊ शिवांस टेनराम कानपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।

## इलियास ने लिखी इंसानियत की इबारत, नमाज छोड़कर तड़प रहे आयुष को पहुंचाया अस्पताल

**हरदोई, अमृत विचार।** घर से मस्जिद है बहुत दूर चलों यूं कर लें किसी रोते हुए चेहरे को हंसाया जाए' अलविदा की नमाज़ पढ़ने जा रहे इलियास गाजी की नजर जैसे ही सड़क किनारे तड़प रहे मासूम आयुष पर पड़ी, मस्जिद का रास्ता छोड़ कर वह उस मासूम की तरफ दौड़ पड़ा और आयुष को उठा कर सीएचसी पहुंचा कर उसकी ज़िंदगी बचाई।

इलियास का कहना है कि इंसानियत से बढ़ कर कोई दूसरी इबादत नहीं, अगर वह उस लम्हे को नज़रदाज़ कर देता तो शायद खुदा उसकी इबादत कुबूल न करता। हुआ कुछ यूं कि पिहानी कोतवाली के पतरास निवासी आकाश पुत्र भइया लाल शुक्रवार को बाइक से अपनी बहन सुदामा और भांजे आयुष को आंझी-शाहाबाद रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहा था। नेवादा के पास पहुंचते ही तेज़ रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी, जिससे



अस्पताल में आयुष को भर्ती कराते इलियास।

तीनो. बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे, उसी बीच निज़ामपुर निवासी इलियास गाजी अपने साथियों यूनुस, इस्लाम, एहसान व असलम के साथ अलविदा की नमाज़ पढ़ने जा रहा था, ने आयुष को तड़पते देखा और दौड़ कर उसे उठा लिया, उसके बाद अपने खर्चे से उन तीनों को सीएचसी पिहानी पहुंचाया, जहां शुरु किए गए इलाज कर तीनों की जिंदगी बचाई जा सकी।

## विवादों का निष्पक्ष होकर करें समाधान: डीएम

**हरदोई, अमृत विचार।** 11 फरवरी से 10 मार्च तक के लम्बित स्टार एवं भूमि विवाद सन्दर्भो सम्बन्धी समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्टेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में तहसील सदर, बिलग्राम, सवायजपुर, शाहाबाद व सण्डीला के भूमि विवादों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिये भूमि विवादों का निस्तारण शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर निष्पक्ष एवं गुणवत्ता पूर्ण करायें।

बजट जारी

ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जताया आभार

# गोंडवा में जल्द बनेगा आयुर्वेदिक अस्पताल



अभिषेक बाजपेई।



प्रताप वर्मा।



राहुल सिंह।

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम गोंडवा (गोनी) में जल्द ही आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय का नया भवन बनाया जाएगा। इसके लिए शासन ने बजट स्वीकृत कर टेंडर भी जारी कर दिया है। लंबे समय से चल रही इस मांग के पूरी होने पर ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है।

**बोले ग्रामवासी :** ग्रामवासी अभिषेक बाजपेयी ने बताया कि नये अस्पताल के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराया गया था। कोराना काल में इस अस्पताल के कारण क्षेत्र के काफी लोगों को फायदा हुआ था।

### 22 लाख 57 हजार से बनेगा 4 बेड का अस्पताल

टेंडर के अनुसार, गोंडवा गोनी में बनने वाला नया आयुर्वेदिक अस्पताल चार बेड का होगा। इसके लिए शासन की ओर से 22 लाख 57 हजार की रकम जारी की गई है। निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन को कार्यदारी संस्था नामित किया गया है। अस्पताल के लिए ग्रामसभा की ओर से पूर्व में ही जमीन दी चुकी है।

अभी तक बारिश के दिनों में यहां दवाइयां और अन्य सामान भीग जाता था।

गांव के समाजसेवी प्रताप वर्मा ने बताया कि अस्पताल की जर्जर इमारत की जगह नये भवन निर्माण के लिए लंबे लमय से मांग की जा रही थी। अस्पताल के जर्जर भवन से लोग यहां आने से कतराते भी थे। ऐसे में यहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों को रोग के बाबत समुचित उपचार नहीं मिल पाता था और मजबूरन उन्हें महंगा इलाज कराने के लिए दूसरे शहर की ओर रुख करना पड़ता था। गांव के राहुल सिंह ने बताया आयुर्वेदिक अस्पताल के पुनः सुचारु रूप से संचालित होने से सैकड़ो गाँवों के लोगो को राहत मिलेगी, और कई गांवों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

# साढ़ू के घर अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** नगला लोथू गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने शाहाबाद थाना क्षेत्र के सहोरा गांव में अपने साढ़ू के यहां फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया गया मृतक शराब पीने का आदी था। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम नगला लोथू निवासी अखिलेश 40 वर्ष पुत्र रामकृष्ण उर्फ चौहान के शाहाबाद थाना क्षेत्र के ही ग्राम सहोरा में साढ़ू लाला रहते हैं। साढ़ू के घर में शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे अंगोछा से कुंडे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। साढ़ू की पत्नी जानवर के लिए चारा लेने गई थी। घर में कोई नहीं था। चारा लेकर वापस लौटी साढ़ू की पत्नी ने जब उसे लटका देखा तो दंग रह गई। तत्काल गांव वालों को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि मृतक अखिलेश शराब का आदी था। उसकी पत्नी का पहले ही देहांत हो चुका है। मृतक के चार बच्चे हैं सूचना पाकर परिजन भी सहोरा गांव पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## भूमि अधिग्रहण के विरोध में सौंपा ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान। अमृत विचार

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** तहसील में औद्योगिक गलियारा विकसित करने के लिए प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के खिलाफ किसानों ने प्रदर्शन किया। भाकियू (टिकैत) के बैनर तले सैकड़ों किसान एकत्रित हुए और एसडीएम एन. राम को ज्ञापन सौंपकर मांगें रखीं। मंडल उपाध्यक्ष लखनऊ राज बहादुर सिंह यादव के नेतृत्व में बैफरिया, गुरौली, पुसेड़ा, पसनेर समेत कई गांवों के किसान बड़ी संख्या में तहसील पहुंचे। किसानों का कहना है कि उनकी कृषि भूमि ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है, ऐसे में बिना सहमति भूमि अधिग्रहण किया जाना उनके साथ अन्याय है। इस दौरान रामनिवास प्रधान, करन जिलेदार, परसराम बाबा, देवेंद्र सिंह, सुनील, हरी प्रसाद, रमेशचंद्र, रामनिवास, शिवकुमार, रामकुमार, जगपाल, रामाधीश, गेंदे लाल सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे। किसानों ने मांग की कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को तत्काल रोका जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### थानों की पुलिस ने दबोचे 6 वांछित व वारंटी

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थानों ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीमों ने अलग-अलग मामलों में संलिप्त कुल 6 वांछित व वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना सकरन पुलिस ने दो वारंटी मदन व अवधेश को गिरफ्तार किया। वहीं, रामपुर मथुरा पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित सूरज को दबोचा। मानपुर पुलिस ने भी दो वारंटियों अमरेंद्र व संदीप को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। उधर, महोली पुलिस ने मारपीट व अन्य धाराओं में वांछित सुधीर कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया।

### डीडीओ ने गौशाला व ब्लॉक कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**रामपुर मथुरा।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. के निर्देश पर जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्ता ने क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत चांदपुर फरीदपुर स्थित गौशाला व धर्म कांटा पहुंचकर व्यवस्थाएं परखीं। निरीक्षण के दौरान गौवंशों की संख्या और चारा-भूसा की स्थिति संतोषजनक पाई गई। इसके बाद डीडीओ सीधे विकास खंड कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने मनरेगा, आवास पटल और पंचायत ऑफिस का बारीकी से निरीक्षण किया।

### नवोदय परीक्षा में विवेक को मिली 21 वीं रैंक

**लहरपुर।** क्षेत्र के 'द मिलेनियम एकेडमी' के छात्र विवेक कुमार ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 में शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। ग्राम गदियाना निवासी विवेक ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ ऑल इंडिया 21वीं रैंक प्राप्त की है। सीमित संसाधनों के बावजूद विवेक की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक तरनजीत सिंह व शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने विवेक की सफलता को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### ग्रीन चौपाल में पर्यावरण व गौरैया संरक्षण पर जोर

**लहरपुर।** वन विभाग के तत्वावधान में क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेहड़ा कोदहरा और रैघटा मजरा पलौली में 'ग्रीन चौपाल' का आयोजन किया गया। वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह के निर्देशन में आयोजित इस चौपाल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अनीता वर्मा, धर्मेंद्र कुमार, उपवन क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार, वन दरोगा रविकांत वर्मा और वनरक्षक इंद्र वली सहित भारी संख्या में ग्रामीण व प्रगतिशील किसान मौजूद रहे। वक्ताओं ने जोर दिया कि जन-सहभागिता से ही पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है।

### खुले में मिले मृत गोवंश बजरंग दल का हंगामा

**सीतापुर/मिश्रिख।** कोतवाली क्षेत्र के पांडेय नगर बाजार स्थित सुखतला तालाब के पास गुरुवार देर शाम एक दर्जन से अधिक मृत गोवंश मिलने से हड़कंप मच गया। घटना का वीडियो वायरल होते ही बजरंग दल कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए और नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पालिका प्रशासन मृत पशुओं का उचित निस्तारण करने के बजाय उन्हें खुले में फेंक रहा है, जिससे संक्रमण और बदबू का खतरा बढ़ गया है। सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह, नायब तहसीलदार अजय कुमार और ईओ विंध्याचल की प्रदर्शनकारियों से तीखी नोकझोंक भी हुई। प्रशासन ने शवों को दफनाने के लिए जेसीबी मंगवाई, लेकिन बजरंग दल के शोभित तिवारी व अन्य कार्यकर्ताओं ने दोषियों पर कार्रवाई होने तक अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया।

### महिलाओं को किया गया जागरूक

**लहरपुर।** विकासखण्ड सभागार में शुक्रवार को प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) रामकिशोर वर्मा ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार से जोड़ने के साथ-साथ समूहों की आय बढ़ाने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में एडीओ कृषि रक्षा पंकज पटेल, एनआरएलएम के नवनीत मिश्रा, राहुल दुबे सहित अंकिता, रिंकी व भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# बूंदों के बीच नमाज-ए-अलविदा

## डीएम-एसपी रहे भ्रमणशील, तंग गलियों में पीएसी के साथ ड्रोन भी सक्रिय

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार:** आसमानी बूंदों के बीच नमाज -ए - अलविदा पढ़ी गई। दुवाओं में मुल्क की खुशहाली और अमन-चैन मांगा गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक डीएम-एसपी की अगुवाई में पुलिस और प्रशासनिक टीम सक्रिय रही। सड़क पर नमाज पढ़ने से लोगों ने दूरियां बनाए रखीं। पुराना शहर और खैराबाद की तंग गलियों में ड्रोन निगरानी करते देखे गए।

पुराने शहर में डीएम डॉ. राजा गणपति आर. ने एसपी अंकुर अग्रवाल के साथ मिलकर पहले ही अधीनस्थों को सुरक्षा का अभ्यास करा दिया था। ऐसे में अलविदा की नमाज के पहले ही पुलिस और प्रशासनिक टीम सक्रिय हो गई। नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय और आईपीएस विनायक गोपाल भोसले ने कमाल संभाली, इस बीच डीएम-एसपी ने पहुंचकर जायजा लिया। खैराबाद में थाना प्रभारी एके सिंह, तहसीलदार सदर के साथ सक्रिय रहे। यहां भी ड्रोन से निगरानी की गई। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश के बीच मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और सलामती दुआएं मांगी गईं।

### सड़क पर न पढ़े नमाज

ईदगाह के पेश-ए-इमाम मौलाना शौकत अली कासमी का कहना है कि जिस तरह से प्रशासन ने सड़क पर नमाज न पढ़ने की अपील की है। उसे हम सबको मानना चाहिए। किसी को तकलीफ न हो, इसलिए ईदगाह के साथ-साथ मस्जिदों में भी नमाज अदा की जा सकती है।



मस्जिद के बाहर मौजूद पुलिस और प्रशासनिक टीम। अमृत विचार

- शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश और बिगड़े मौसम के बीच परंपरागत रूप से सादगी से पढ़ी गई अलविदा की नमाज

### ईरान और मुल्क की सलामती के लिए करें दुआ



मुफ्ती सफ्वान



मौलाना इश्तियाक

शियाओं के धर्मगुरु मौलाना इश्तियाक ने बताया कि ईद की नमाज बेहद सादगी से और हाथों में काली पट्टी बांधकर अदा की जाएगी। उन्हें गम है ईरान के लीडर और अन्य लोगों के शहीद होने का, कहा कि पूरी दुनिया में अमेरिका और इजराइल बेकसूर, कमजोर और मासूमों पर जुल्म ढा रहा है। इसका हम सब विरोध करते हैं। शहर ईदगाह के नायब इमाम मुफ्ती सफ्वान अतहर नदवी ने बताया कि ईरान पर जिस तरह से हमले हुए है, उसका उन्हें बेहद अफसोस है। सभी लोग ईरान ही नहीं पूरी दुनिया में अमन और सुकून के लिए दुआ करें।

### चार सेक्टरों में बांटा गया जनपद

सुरक्षा के मद्देनजर जनपद चार सेक्टरों में बांटा गया है। दो सेक्टर की कमान अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह संभाल रहे हैं, जबकि बाकी के दूसरे सेक्टर में सुरक्षा का जिम्मा दुर्गेश सिंह के पास है। शहर में देर शाम तक आईपीएस विनायक गोपाल भोसले कोतवाली नगर और खैराबाद पुलिस बल के साथ सक्रिय दिखे।

| शहर की ईदगाह/ मस्जिद | समय |
|---|---|
| शहर ईदगाह | प्रातः 8:00 |
| मरकज मस्जिद कोट | प्रातः 9:00 |
| जामा मस्जिद शेखसरायं | प्रातः 7:30 |
| हकीम जी की मस्जिद | प्रातः 7:45 |
| जामा मस्जिद मिरदही टोला | प्रातः 7:00 |
| हम्जा मस्जिद मिरदही टोला | प्रातः 9:00 |
| अहमदी मस्जिद | प्रातः 7:30 |
| मस्जिद जामियां अरबिया सिटी | प्रातः 7:30 |
| मस्जिद उमराव मिल कॉलोनी | प्रातः 8:00 |
| हुसैनगंज हाइवे | प्रातः 8:00 |
| सदर बाजार मस्जिद | प्रातः 9:00 |
| लालकुर्ती (पीएसी) | प्रातः 7:30 |



मस्जिद के बाहर सुरक्षा में मुस्तैद आईपीएस विनायक गोपाल भोसले।

# बारिश ने बिगाड़ी फसलों की गणित

**कार्यालय सीतापुर।**

**अमृत विचार :** जनपद में मौसम ने अचानक करवट बदली, जिससे कहीं राहत तो कहीं भारी तबाही का मंजर देखने को मिला। दोपहर होते-होते आसमान में घने बादलों और अंधेरे ने डेरा डाल लिया, जिसके बाद तेज आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि शुरू हो गई। इस बेमौसम बरसात ने जहां तापमान में गिरावट दर्ज की, वहीं किसानों की साल भर की मेहनत पर पानी फेर दिया है।



कैलाश



सुंदरी

**खेतों में बिछ गई फसलें, बागवानी को भारी चोट :** विकास खंड परसेंडी के ग्राम सुरेपारा और मधवापुर में गेहूं व सरसों की तैयार फसलें बारिश की भेंट चढ़ गई हैं। किसान कैलाश और राम नरेश ने बताया कि खेतों में खड़ी गेहूं की फसल गिरने और कटी पड़ी सरसों के भीगने से भारी आर्थिक क्षति हुई है।



बारिश की बूंदों के बीच फसल को तिरपाल से ढककर सरसों काटती महिला किसान।

### आम की फसल पर संकट

किसान पुरुषोत्तम के अनुसार, आम के पेड़ों पर आए बौर (फूल) बारिश से झड़ रहे हैं, जिससे इस बार उत्पादन काफी घटने की आशंका है। और आलू की खुदाई के समय हुई इस बारिश ने किसानों की मुश्किल बढ़ा दी है, जिससे फसल सड़ने का डर सता रहा है।



बारिश और तेज हवाओं से आम की फसल को नुकसान।

### जनजीवन पर असर

तेज आंधी के कारण लहरपुर के मोहदीनपुर में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां पशुओं को चारा देते समय 18 फीट लंबी दीवार गिरने से 52 वर्षीय किसान कमलेश और एक गाय घायल हो गए। घायल किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां नायब तहसीलदार अशोक कुमार यादव ने लेखपालों को नुकसान के आकलन के निर्देश दिए हैं।

> फिलहाल मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है। प्रशासन ने किसानों को सतर्क रहने और कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थानों पर रखने की सलाह दी है - **घामिनी एस दास, एसडीएम सदर**

### त्योहार और ईंधन की जद्दोजहद

बारिश के बीच ईंधन की किल्लत ने आम जनता को सड़कों पर खड़ा कर दिया। ईद का त्योहार करीब होने के कारण अहमद, प्रेमा और छोटू जैसे कई ग्रामीण भीगते हुए गैस सिलेंडर के लिए कतारों में खड़े नजर आए। लोगों का कहना है कि लकड़ियां गीली होने के कारण उनके पास गैस के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।



बूंदाबादी के बीच सिलेंडर लेने पहुंचे उपभोक्ता। अमृत विचार

# कानपुर ने जीती ओपन स्टेट आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता



खुशी का इजहार करती विजेता टीम।

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** जिला खेल कार्यालय, तरणताल स्टेडियम में आयोजित ओपन स्टेट आमंत्रण पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में कानपुर ने वाराणसी को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में प्रदेश की कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया था। शुक्रवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में वाराणसी ने बस्ती को 3-0 से और दूसरे सेमीफाइनल में कानपुर ने गोरखपुर को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सुनील भारती प्रधानाचार्य, स्पोर्ट्स कॉलेज फतेहपुर ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर, संजीव कुमार सिंह व अन्य खेल प्रशिक्षक मौजूद रहे।

### पुलिस की पैरवी से तीन दोषियों को हुई सजा

**सीतापुर।** ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत सीतापुर पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते शुक्रवार को दो अलग-अलग मामलों में कोर्ट ने तीन अभियुक्तों को कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में थाना संदना पुलिस व अभियोजन पक्ष की पैरवी पर विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट ने अभियुक्त प्रदीप शुक्ला व सुनील लोहार को छेड़छाड़ व अन्य धाराओं में दोषी पाया। न्यायालय ने दोनों को दो-दो वर्ष के कारावास और 25 सौ-25 सौ रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं, एक अन्य मामले में थाना सिधौली से संबंधित गैंगस्टर एक्ट के अपराधी श्रीकान्त उर्फ धाकड़ को विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट ने 5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। दोषी पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।



गर्भवती महिलाओं को पोषण किट देते नगर पंचायत अध्यक्ष। अमृत विचार

### हरगांव मेले में गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई

**संवाददाता, हरगांव। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर विकास खंड परिसर में आयोजित नौ दिवसीय मेले के तीसरे दिन बाल विकास परियोजना की धूम रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खां एवं बीडीओ विवेक मणि त्रिपाठी ने गर्भवती महिलाओं संजी राज, प्रीति राज व अनुपमा देवी की गोद भराई कर उन्हें पोषण किट प्रदान की। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि 26 मार्च तक चलने वाले इस मेले में 31 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर मुन्नी देवी, गायत्री रस्तोगी व प्रतिमा त्रिपाठी सहित अनेक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

### ग्रामीणों की ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 20 घायल

**सीतापुर /नैमिषारण्य।** थाना क्षेत्र के कर खिला गांव के पास शुक्रवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। मुंडन संस्कार कराकर लौट रहे ग्रामीणों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली सामने से आ रही कार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे में महिलाओं और बच्चों समेत 20 से अधिक लोग घायल हो गए। रामपुरकला क्षेत्र के करीब 40 ग्रामीण मुंडन के बाद घर लौट रहे थे, तभी दोपहर करीब 4 बजे यह दुर्घटना हुई। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा ने पुलिस बल के साथ स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को ट्रॉली से बाहर निकाला। सभी को एंबुलेंस से सीएचसी नैमिषारण्य और संदना भेजा गया। पुलिस के अनुसार, प्राथमिक उपचार के बाद 15 लोगों को छुट्टी दे दी गई है, जबकि 4 गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित

**सीतापुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में डिस्ट्रिक्ट वर्किंग ग्रुप की द्वितीय बैठक का आयोजन सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में 'पापुलेशन सर्विसेज ऑफ इंडिया' और मोबियस फाउंडेशन के सहयोग से जनपद में चलाए जा रहे परिवार नियोजन कार्यक्रमों की पिछले तीन वर्षों की समीक्षा की गई। बैठक में नोडल अधिकारी डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. एमएल गंगवार, डॉ. विवेक कनौजिया, डॉ केएन मिश्रा सहित पीएफआई के बीके जैन और मोबियस फाउंडेशन के प्रभात कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी कैलाश नाथ मिश्रा ने किया। इस दौरान सभी 9 ब्लॉकों के अधीक्षक व अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे।

### भागवत कथा से महापापी को भी मिलता है मोक्ष

**लहरपुर।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर क्षेत्र के ग्राम केसरीगंज स्थित देवी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जय माता दी युवा जागरण समिति के तत्वावधान में आयोजित इस नवरात्र महोत्सव के कथा व्यास पंडित वीरेंद्राचार्य महाराज ने आत्मदेव और धुंधकारी के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से महापापी को भी मोक्ष और सद्गति प्राप्त होती है। यह कथा सभी पुराणों और ग्रंथों का सार है। इस अवसर पर विपिन गुप्ता, विशाल शुक्ला, विकास शुक्ला, रंजीत वर्मा, हिमांशु गुप्ता, शिवम गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, गोविंद तिवारी, राहुल, दीपक शुक्ला, अनूप निगम, शंभू दयाल, श्याम किशोर गुप्ता, रामकिंकर शर्मा व मोहित शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



कथा व्यास पंडित वीरेंद्राचार्य महाराज

### संस्कार भारती ने काव्य गोष्ठी के साथ मनाया नव संवत्सर

**सीतापुर।** संस्कार भारती समिति द्वारा अंबिकापुरम में भारतीय नववर्ष उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्येय गीत और डॉ. मनोज दीक्षित द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर प्रांतीय टोली सदस्य इंजी. अम्बरीष श्रीवास्तव 'अम्बर' ने अपनी पंक्तियों 'नव संवत्सर नव उमंग दे, नवोत्साह मन में आये' के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. दीक्षित ने वैश्विक शांति पर काव्य पाठ किया। महामंत्री अशोक मिश्र ने बसंत की छटा और नववर्ष के आगमन पर विचार रखे। गोष्ठी में लक्ष्मी देवी वर्मा, सुनीता यादव और तुषार मिश्र ने भी अपनी रचनाओं से समां बांधा। मुख्य अतिथि डॉ. सतीश चंद्र वर्मा ने प्रकृति पर अपनी बात रखी।

### ऑपरेशन लंगड़ा : मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार, लूट के जेवर बरामद

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध जारी 'ऑपरेशन लंगड़ा' के तहत बिसवां पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। गुरुवार तड़के ग्राम मोचकलां के पास हुई मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश इंदल गिरी पुलिस की जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने मौके से एक प्लेटिना बाइक, लूटी गई चांदी की पायल, एक तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं।



मुठभेड़ में घायल शातिर को उपचार के लिए ले जाती पुलिस।

गिरफ्तार बदमाश बिसवां में घर में घुसकर महिलाओं से लूटपाट के मामले में फरार चल रहा था। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में हुई इस घेराबंदी के दौरान बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की थी। पुलिस के अनुसार, इस गिरोह के तीन सदस्य पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम ने की बैनामों में स्टाम्प चोरी की जांच

**संवाददाता, लहरपुर।**

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम मल्लापुर और बिलरिया में भारी कीमत के लेखपत्रों में लगाई गई मालियत की शुक्रवार को जिलाधिकारी ने स्थलीय जांच की।



भूमि का स्थलीय निरीक्षण करते डीएम डॉ. राजा गणपति आर.।

जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर, सहायक महानिरीक्षक स्टाम्प जगदंबा शुक्ला, सब रजिस्ट्रार अनूप सिंह और नायब तहसीलदार अशोक यादव की टीम सबसे पहले ग्राम मल्लापुर पहुंची। यहां गाटा संख्या 841, 847 सहित कुल 10 गाटों के लेखपत्रों की जांच की गई, जिसे लखीमपुर खीरी निवासी दुर्गेश कुमार विश्वकर्मा और उत्सव शर्मा ने क्रय किया था। इसके बाद टीम ने ग्राम बिलरिया के गाटा संख्या 644 के बिक्री किए गए भागों की जांच की, जिसकी क्रेता नबीनगर निवासी राम रानी हैं। अधिकारियों ने मौके पर पैमाइश कर यह परखा कि बैनामे में दर्शाई गई जमीन की कीमत और उस पर चुकाया गया स्टाम्प शुल्क नियमानुसार है या नहीं।

### पीपर तालाब के दिन बहुरेंगे 51 लाख से होगा सौंदर्यीकरण

**लहरपुर।** नगर के मोहल्ला कटरा स्थित ऐतिहासिक पीपर तालाब अब जल्द ही नई चमक-दमक के साथ नजर आएगा। शासन ने इसके कायाकल्प के लिए 50 लाख 99 हजार रुपये की भारी-भरकम धनराशि स्वीकृत की है। शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी अनूप कुमार राय और वरिष्ठ लिपिक नीरज गौड़ ने पालिका टीम के साथ तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया।

ईओ अनूप कुमार राय ने बताया कि यह कार्य 'राज्य सेक्टर की नगरीय झील, तालाब व पोखर संरक्षण योजना' के तहत कराया जा रहा है। कुल बजट में से पहली किस्त के रूप में 25 लाख 50 हजार रुपये की राशि जारी भी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि वर्षों से उपेक्षित इस तालाब के सुंदरीकरण से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को टहलने व घूमने के लिए एक स्वच्छ और आकर्षक केंद्र उपलब्ध होगा। इस घोषणा से स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर है।

### मनरेगा ग्रामीण रोजगार की आधारशिला: डॉ. वर्मा

**बिसवां।** मनरेगा बचाओ यात्रा के पांचवें दिन शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने भोइला कला, सराय और न्योराजपुर आदि गांवों का भ्रमण कर जनता से सीधा संवाद किया। इस दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष (चिकित्सा प्रकोष्ठ) डॉ. आरपी वर्मा ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण रोजगार की आधारशिला है। पंचायती राज ने ग्रामीणों को विकास की चाबी सौंपी थी, जिसे आज अफसरों और बिचौलियों ने छीन लिया है। यह यात्रा ग्रामीणों को उनके हक के प्रति जागरूक करने का अभियान है। मजदूर नेता रोशनी गुप्त ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा मनरेगा मजदूरों की गारंटी छीनने का प्रयास कर रही है।

# सीतापुर के युवाओं को इजराइल में मिलेगा रोजगार

**संवाददाता सीतापुर।**

**अमृत विचार:** वृहद रोजगार मेला दस परिवारों के चेहरों पर खुशियों की सौगात लेकर आया। अलग-अलग स्थानों से आए दस युवा जल्द ही इजराइल में रोजगार पा सकेंगे। इसको लेकर इनकी प्राथमिक प्रक्रियाएं पूरी की गईं।

मुख्यमंत्री वृहद रोजगार मेले के तहत चयनित होने वालों में शिवकुमार, रामकेवल सिंह सहित अन्य युवा शामिल हुए। रोजगार मेले में शिवकुमार बताते हैं कि दिहाड़ी मिस्त्री हैं, लेकिन काफी समय से रोजगार की तलाश थी, अचानक आए फोन से जीवन को नया आधार मिला। कहा कि उनका इजराइल जाने के लिए चयन हो गया है। परिवार की स्थिति सुधरने की आशा है। रामकेवल सिंह कहते हैं कि रोजगार मेले ने परिवार को नया जीवन दिया है, शिविर में इससे पहले भी इलाके के कई युवाओं को रोजगार मिले हैं। मेले में 37 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। 1756 अभ्यर्थियों में से 1040 युवाओं को साक्षात्कार के लिए चुना गया है।





इजराइल के लिए चयनित श्रमिकों के साथ उपस्थित एमएलसी पवन सिंह चौहान। अमृत विचार

### यहां रोजगार के अवसर



मोहित राठौर



राजकुमार

रेडिको खेतान फैक्ट्री एचआर अजय पाण्डेय ने बताया कि फिटर और इलेक्ट्रीशियन के अलावा सिक्योरिटी गार्ड के पदों पर चयन के लिए अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है, इन्हें जल्द ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। वहीं, डॉ. रेडीज फाउंडेशन के एचआर सुधांशु श्रीवास्तव का कहना है कि उनकी कंपनी में दिव्यांगों को प्राथमिकता दी जाएगी। लखनऊ कार्यालय में कई पात्रों को साक्षात्कार के लिए बुलाया है।

### रोजगार मिले तो बने बात

खैराबाद इलाके से रोजगार मेले में आए मोहित राठौर का कहना है कि वे कृषि से एमएससी हैं। योग्यता के आधार पर रोजगार नहीं मिल रहा है।

### अतिथियों ने युवाओं से किया संवाद

रोजगार मेले में नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु के साथ एमएलसी पवन सिंह चौहान भी उपस्थित थे। दोनों ने स्टॉलों का निरीक्षण किया। बाद में अभ्यर्थियों और कंपनी कर्मचारियों से संवाद स्थापित किया।

### स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनेंगी समूह की महिलाएं

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** पिसावां विकास खंड सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के लगभग 20 समूहों की महिलाओं ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि एडीओ आईएसबी विमलेश तिवारी ने महिलाओं को कृषि, लघु उद्योग, पशुपालन और सिलाई-कढ़ाई जैसे क्षेत्रों में स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनने के गुर सिखाए। उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएं अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकती हैं। प्रशिक्षण में महिलाओं ने अपने अनुभव भी साझा किए। नेवादा की सोनी देवी और मकरेड़ा की छोटी देवी ने बताया कि कैसे उन्होंने बैंक ऋण के माध्यम से भैंस पालन शुरू कर मुनाफा कमाया। वहीं खोजेपुर की विनीता ने पाइप किराए पर देने का व्यवसाय शुरू कर अपनी पहचान बनाई है।

### ग्रीन चौपाल में पौधरोपण के लिए किया जागरूक

**लहरपुर।** पर्यावरण एवं वन संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह के निर्देशन में क्षेत्र की विभिन्न ग्राम सभाओं में 'ग्रीन चौपाल' का आयोजन किया गया। शुक्रवार को ग्राम बेहड़ा कोदहरा, रैघटा और पलौली में आयोजित इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। ग्राम बेहड़ा में आयोजित चौपाल में ग्राम प्रधान अनीता वर्मा, प्रतिनिधि अवनीश कुमार वर्मा और प्रधानाध्यापक अर्जुन लाल ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधे लगाने की शपथ दिलाई। वहीं, ग्राम पलौली में आयोजित एक अन्य चौपाल में प्रधान धर्मेंद्र कुमार और प्रधानाध्यापक राजकिशोर मिश्र ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वन विभाग की ओर से उपवन क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार, वन दरोगा रविकांत वर्मा और वनरक्षक इंद्रबली सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से 'गौरैया दिवस' के उपलक्ष्य में गौरैया संरक्षण के प्रति भी ग्रामीणों को जानकारी दी गई। इस दौरान रोजगार सेवक जितेंद्र कुमार, पंचायत सहायक मोनू कुमार और भारी संख्या में प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### पत्नी बनी मिसाल पति की सर्पदंश से बचाई जान

**शिवगढ़ :** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के कुर्मी पलिया गांव में गुरुवार को एक अनोखी घटना घटी। पुवाल लेने गए कृषक राजेंद्र कुमार (47) को अचानक एक सर्प ने डस लिया। स्थिति देखकर उनकी पत्नी राजरानी ने बिना हिचकिचाहट के चप्पल से सर्प को मार डाला और उसे पन्नी में लपेटकर पति के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंची। स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते ही डॉक्टरों ने मृत सर्प को पहचानते हुए राजेंद्र का तत्काल इलाज शुरू किया। चिकित्साधिकारी डॉ. सौरभ सिंह ने बताया कि पत्नी की सूझबूझ और साहस से समय पर इलाज संभव हो सका, जिससे गंभीर हालात टल गए। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में ध्यान आकर्षित किया और राजरानी के साहस की लोगों ने खूब प्रशंसा की।

### कार की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

**महराजगंज (रायबरेली) :** महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कंशीपुर मजरे अचली निवासी विशाल सिंह (30) अपने साथी राजेंद्र (47) के साथ महराजगंज बाजार से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में पाली गांव के पास हलोर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों बाइक सवार सड़क किनारे खाई में जा गिरे। घटना के बाद कार छोड़कर मौके से कार चालक फरार हो गया। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**छतोह (रायबरेली) :** पीएम श्री कम्पोजिट स्कूल कुंवरमऊ में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा आधिकारी विजय प्रकाश ने की। समारोह में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुशीलकुमार शुक्ला, त्रिवेणी प्रसाद, अतुल यादव, सुनीलकुमार, दल बहादुर, अजीत कुमार, विमलेशकुमार, विन्दादीन, प्रिंयका, वेद मौर्य, बासुदेव यादव, महेश तिवारी, राकेश जायसी, राजाराम यादव प्रधान, शशिलता, बृजेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### मेडिकल स्टोर संचालक के इलाज से युवक की मौत

**महराजगंज :** नया पुरवा मजरे चंदापुर निवासी एक युवक की मेडिकल स्टोर संचालक के इलाज से मौत हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं। सोमवार को नया पुरवा चंदापुर निवासी दशरथ को पेट में दर्द उठा। पहरेमऊ बाजार के एक मेडिकल स्टोर पर वह दवा लेने गया। मृतक के पिता जगदीश का आरोप है कि मेडिकल स्टोर संचालक ने उसे ग्लूकोज की बोतल चढ़ाई। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर रायबरेली के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता का आरोप है कि मेडिकल स्टोर संचालक ने उसका गलत इलाज किया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया कि घटना में मृतक के पिता की शिकायत पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जाएगी।

# मौसम के बदले मिजाज ने बढ़ाई किसानों की चिंता

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के हलोर, पुरासी, अलीपुर, जमुरावां सहित पूरे क्षेत्र में मौसम का लगातार बदलता मिजाज किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच रहा है। शुक्रवार को सुबह से ही आसमान में छाए बादल और चलने वाली तेज हवाओं ने किसानों को चिंतित कर दिया है। खासकर गेहूं और सरसों की फसल बोने वाले किसान संभावित बारिश और आंधी की आंशका से बेहद परेशान हैं। किसान सहजराम मिश्रा, प्रेमशंकर मिश्रा, इन्द्रदेव शुक्ल, रामसागर चौधरी, उमाकान्त पाण्डेय, कौशलेन्द्र सिंह, लाल सिंह, श्रवण चौधरी, तेजभान सिंह, पारसनाथ सिंह, शत्रोहन सोनी, श्यामबाबू शुक्ला, हौसिला प्रसाद तिवारी, रमाशंकर पाण्डेय, नागेन्द्र तिवारी, श्यामबहादुर, बाबूलाल, शिवप्रसाद, अयोध्या प्रसाद आदि ने बताया कि यदि मौसम इसी तरह बना रहा तो सभी प्रमुख फसलें प्रभावित होंगी। किसानों का कहना है कि गेहूं की फसल लगभग पक चुकी है।


खेत में गिरी गेहूं की फसल।

# महिला अस्पताल में खून की जांच के नाम पर वसूली, वीडियो वायरल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिला महिला अस्पताल अवैध वसूली को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में है। यहां पर इलाज और भरोसे को सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने "वसूली केंद्र" के तौर पर बेनकाब कर दिया है। महिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में खून जांच के नाम पर मरीजों से बेधड़क पैसे वसूले जाने के खेल से तमाम दावे भरभराकर औंधे मुंह गिर पड़े।

शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक व्यक्ति मरीजों से सीधे पैसे लेते नजर आ रहा है। इस दौरान न तो कोई हिचक है और न ही उसके चेहरे पर कोई डर ही नजर आ रहा है।

**● पनप रहे भ्रष्टाचार से खुली सीएमएस की कार्यशैली की पोल**

महिला अस्पताल जहां गरीब और जरूरतमंद लोग मुफ्त या सस्ती जांच की उम्मीद लेकर आते हैं, वहां उनके भरोसे को ही "कैश" में बिना किसी डर और भय के बदला जा रहा है। यह सिर्फ नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि उस व्यवस्था पर सीधा हमला है। बताते हैं कि अस्पताल में अवैध वसूली का यह खेल काफी समय से चल रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूरी ही होती रही है। शुक्रवार को वीडियो वायरल होते ही अस्पताल के अंदर हलचल तेज हो गई। "सब ठीक है" का दावा करने वाले अब बचाव की मुद्रा में हैं।


मरीजों से धन उगाही के वायरल वीडियो का स्क्रीन शॉट। अमृत विचार

चौंकाने वाली बात यह है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी अस्पताल में गड़बड़ियों और अवैध वसूली के आरोप लगते रहे हैं। शिकायतें आईं, वीडियो सामने आए, लेकिन हर बार कार्रवाई के नाम पर गुनहगारों को बचाने का कार्य किया गया। जिसके कारण महिला अस्पताल में कर्मचारियों के हौसले बुलंद होते गए और अब वे खुलेआम "रेट" तय करके वसूली भी कर रहे हैं। यहां आने वाले मरीजों की मजबूरी भ्रष्ट स्वास्थ्य कर्मियों की कमाई का जरिया बन चुकी है।

खासकर गरीब महिलाएं, जो सरकारी अस्पताल पर भरोसा करती हैं, उन्हें हर कदम पर पैसे देने के लिए मजबूर किया जाता है। जांच से लेकर इलाज तक, हर सेवा के पीछे एक अनौपचारिक "फीस" तय है। यह वीडियो सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि उस दर्द की तस्वीर है जो हर दिन जिला अस्पताल आने वाले सैकड़ों मरीज झेलते हैं।

> मुझे मामले की कोई जानकारी नहीं है। मामला संज्ञान में आने पर इसकी जांच कराई जाएगी। मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-डॉ. नवीन चंद्रा, सीएमओ, रायबरेली।**

> जिला महिला अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मी द्वारा मरीजों से धन उगाही के वायरल वीडियो का मामला संज्ञान में आया है। प्रकरण से जुड़े स्वास्थ्य कर्मी को वहां से हटाकर दूसरी जगह भेजा गया है। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए टीम गठित की गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-डॉ. निर्मला कुमारी साहू, सीएमएस, जिला महिला अस्पताल रायबरेली।**

# पंचायत कर्मी से अभद्रता व मारपीट में घिरे अध्यक्ष

## हंगामा: आक्रोशित सफाई कर्मचारियों ने खोला मोर्चा, अमर्यादित व्यवहार करने का लगाया आरोप

बछरावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा सफाई कर्मी से अमर्यादित व्यवहार करना महंगा पड़ गया। आक्रोशित सफाईकर्मियों ने गाली गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए परिसर में ही हंगामा कर दिया। वहीं लामबंद होते हुए अध्यक्ष के खिलाफ हाईवे पर झाड़ू उठाकर "मुर्दाबाद" के नारे लगाए और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इससे कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

हालांकि अध्यक्ष के व्यवहार से खफा होकर लामबंद सफाई कर्मचारियों ने अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत बछरावां राम आशीष वर्मा को प्रार्थना पत्र सौंपा। इसमें बताया गया कि शुक्रवार सुबह अध्यक्ष ने कर्मचारियों से चाय लाने को कहा। ओराप है कि जब कर्मचारी चाय लेकर पहुंचे, तो अध्यक्ष ने अकारण उन्हें जाति सूचक गालियां दीं और मारपीट करने की कोशिश की। कर्मचारियों के अनुसार अध्यक्ष ने उन्हें दौड़ाकर मारने की धमकी भी दी, जिससे सभी मानसिक और सामाजिक रूप से आहत हुए। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी अध्यक्ष द्वारा मारपीट और गाली-गलौज की कई घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसे रवैये से कर्मचारियों में भारी आक्रोश है और उनके कामकाज में बाधा उत्पन्न हो रही है।

इतना ही नहीं घटना के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में कर्मचारी नाक रगड़कर माफी मांगने की बात कहते नजर आए, जिससे घटना की गंभीरता सामने आई। कर्मचारियों ने अधिशाषी अधिकारी से मांग की है कि मामले की जांच कर उचित वैधानिक कार्रवाई की जाए।


बछरावां नगर पंचायत कार्यालय परिसर में प्रदर्शन करते सफाई कर्मी। अमृत विचार

अधिशाषी अधिकारी राम आशीष वर्मा ने मामले पर कोई टिप्पणी नहीं दी है।

**विवादों में फिर घिरे अध्यक्ष, बढ़ रहा आक्रोश:** यह घटना नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह की छवि और प्रशासनिक रवैये पर सवाल खड़ा करती है। कर्मचारियों का विरोध और वायरल वीडियो यह साफ दिखाते हैं कि कार्यालय में अनुशासनहीनता और अमर्यादित व्यवहार ने कर्मचारियों और जनता के विश्वास को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। वहीं एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं।

> मामला संज्ञान में नहीं है। यदि शिकायती पत्र आता है तो जांच कराकर नियमानुसार उचित कदम उठाया जाएगा।
>
> **-गौतम सिंह, उपजिलाधिकारी, महराजगंज।**

### दुकानदार पर महिला को पीटने का आरोप

**सलोन।** सलोन कस्बे में शुक्रवार की दोपहर अनीता पत्नी रमेश कुमार निवासी अतर थरिया अपने बेटे अनुज व गांव की एक अन्य महिला के साथ सलोन बाजार आई थी। जिसके बाद महिला उक्त दुकान में बेटे और एक महिला के साथ खरीददारी करने चली गई। आरोप है कि रस्सी खरीद की बात दो सौ रुपये में दुकानदार से हुई थी। जिसके बाद महिला ने पांच सौ रुपये दुकानदार को देकर तीन सौ रुपये वापस मांगे, लेकिन दुकानदार महिला को ढाई सौ रुपये वापस करने लगा। जिसका महिला ने विरोध किया। बस इसी बात पर व्यापारी द्वारा अभद्रता की जाने लगी। आरोप है कि व्यापारी के लड़के ने महिला के बाल पकड़कर सड़क पर धकेल दिया। जिसके बाद युवक ने महिला को सड़क पर ही पीटकर घायल कर दिया। इस दौरान बीच बाजार में पिट रही महिला का लोग वीडियो बनाती रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव, फैली सनसनी


परिजन व ग्रामीणों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के माझगांव मजरे जमुरांवा में संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब के पास युवक का शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे ग्रामीणों ने मांझगांव के खदराताल के किनारे शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान मंशाराम (40) पुत्र दशऊ निवासी नाथगंज के रूप में हुई है। मंशाराम अपनी ससुराल सिरसोई के पास स्थित एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी

**जांच शुरू**

का काम करता था। परिजनों के अनुसार वह गुरुवार शाम घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। शुक्रवार की सुबह खदरा ताल के पास उसका शव पाया गया। शव के पास मंशाराम के कपड़े, चप्पल और मछली पकड़ने का जाल बरामद हुआ है। इसकी सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गल्ला व्यापारी की मौत, शव रखकर सड़क की जाम

जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में गल्ला व्यापारी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे आक्रोशित लोगों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मान मनौव्वल कर सभी को शांत कराया। इस दौरान करीब दो घंटे तक सड़क जाम रहा। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

थाना क्षेत्र के छिछौरा मजरे झरहा निवासी सुरेश पुत्र अयोध्या प्रसाद की गुरुवार देर रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगतपुर ले गए, जहां से हालत गंभीर देखते हुए रायबरेली रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और शव को जगतपुर-डलमऊ मार्ग पर विश्वनाथगंज कस्बे में रखकर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पर क्षेत्राधिकारी ऊंचाहार गिरजा शंकर त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक ऊंचाहार व जगतपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक पंकज त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर किसी तरह शांत कराया, जिसके बाद जाम समाप्त हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक कारोबार बढ़ाने के लिए बैंक से लोन लिया था। अन्य लोगों से भी पैसे लेने की बात बताई जा रही है। बैंक की तरफ से लोन का ब्याज जमा करने की बात कही गई थी। इसको लेकर वह काफी परेशान रहता था। जगतपुर थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि पूरे मामले में जांच की जा रही है।


जगतपुर में आक्रोशित परिजनों से पूछताछ करती पुलिस व मौजूद भीड़। अमृत विचार

**● हालत बिगड़ने पर पहुंचाया गया था अस्पताल, इलाज के दौरान मौत**

सीएचसी अधीक्षक एलपी सोनकर ने बताया कि अधेड़ की बीपी बढ़ी हुई थी। जिसे जिला अस्पताल भेजा गया था, जहां पर परिजनों द्वारा किसी निजी चिकित्सालय में इलाज कराने ले गए लेकिन मौत हो गई।

**मृतक के बेटे ने बैंक अधिकारियों समेत चार के खिलाफ दी तहरीर:** सीओ गिरजा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के बेटे अमित कुमार ने थाने में तहरीर देकर पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर, फील्ड ऑफिसर व गांव के बगल के दो लोगों को नामजद किया। पूरे मामले में जांच की जाएगी। उधर, पीएनबी बैंक मैनेजर जितेंद्र यादव का कहना है कि बैंक से कोई कर्मचारी वसूली के लिए नहीं गया था। ना ही नोटिस दी गई है।

### सहायक उपकरण पाकर दिव्यांगों के खिले चेहरे


दिव्यांगों को उपकरण प्रदान करते खंड विकास अधिकारी और ब्लॉक प्रमुख।

**लालगंज।** विकासखंड परिसर में ब्लॉक प्रमुख शिवानी सिंह और खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह ने संयुक्त रूप से 10 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, स्मार्ट स्टिक और व्हीलचेयर प्रदान की। ब्लॉक प्रमुख शिवानी सिंह ने बताया कि दिव्यांग कल्याण विभाग की ओर से समय-समय पर दिव्यांगों को उपकरण प्रदान किए जाते हैं। दिव्यांगों ने उपयोगी उपकरण मिलने पर ब्लॉक प्रमुख और खंड विकास अधिकारी के प्रति प्रसन्नता जताई और कहा कि उपकरण मिलने से उनके लिए बहुत ही सहूलियत होगी। वहीं खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सदैव गरीब और दिव्यांगों के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। सरकार की मंशा के अनुसार गरीब कल्याण योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस कार्यक्रम के तहत 10 दिव्यांगों को विभिन्न प्रकार के उपकरण प्रदान किए गए हैं जो उनके दैनिक उपयोग में बहुत ही काम आएंगे। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के सहायक विकास अधिकारी रवि भूषण और वरिष्ठ लिपिक निर्मल कुमार अवस्थी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सदर विधायक ने चौपाल में सुनीं समस्याएं


ग्रामीणों की समस्या सुनतीं विधायक अदिति सिंह। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** राही ब्लॉक क्षेत्र के मुलिहामऊ, जरौला, अयासपुर डीही सहित आधा दर्जन से अधिक गांव का सदर विधायक अदिति सिंह ने भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान गांव के बुजुर्ग व वरिष्ठजनों से मुलाकात की। सभी ही गांव में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना। चौपाल में बिजली, पानी, सड़क, पेंशन सहित सभी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि डीपी सिंह, संदीप यादव, श्रीराम मौर्या, लक्ष्मी शंकर, बाबू राम यादव मौजूद रहे।

### नेशनल हाईवे की हरी झंडी मिलते ही रेलवे ब्रिज फिर से होगा चालू, लोगों को जगी उम्मीद


अनूप पांडे।


दीप प्रकाश शुक्ला।


कैलाश बाजपेई।


दल बहादुर सिंह।

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** न्यू बाईपास स्थित रेलवे ओवर ब्रिज तीसरी बार बनकर तैयार हो गया है। नेशनल हाईवे के अधिकारियों की हरी झंडी मिलते ही न्यू बाईपास का रेलवे ब्रिज लोगों के लिए फिर से खोल दिया जाएगा। हालांकि दो बार पुल के टूट जाने से नेशनल हाईवे के अधिकारी इस बार किसी भी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं और रेलवे ओवरब्रिज पर डाली गई स्लैब के मजबूत होने पर ही रेलवे पुल को आम जनता के लिए खोलने को तैयार होंगे। पुल निर्माण करा रही एजेंसी के इंजीनियर विवेक वर्मा का कहना है कि नेशनल हाईवे के अधिकारियों की हरी झंडी मिलते ही रेलवे पुल आम लोगों के लिए फिर से चालू हो जाएगा। अधिकारी भली भांति पुल के स्लैब की जांच पड़ताल कर रहे हैं। नेशनल हाईवे के अधिकारी फूल पर पेस्टिंग और लोड टेस्टिंग कर रहे हैं। वास्तव में लगातार पुल के बार-बार टूटने के चलते नेशनल हाईवे के अधिकारियों की किरकिरी हो रही है और आम जनता पुल के निर्माण में लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप लगा रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता अनूप पांडे, भाजपा नेता जेपीसिंह, भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिलाध्यक्ष रोहित सोनी, महामंत्री शिवम गुप्ता, पुष्कर गुप्ता का कहना है कि पुल बंद होने से लालगंज में जाम की स्थिति बनी रहती है। पुल के चालू हो जाने से आवागमन में आसानी हो सकेगी।, भाजपा नेता राजेश सिंह फौजी, रामप्रताप सिंह, प्रो. अविनाश सिंह, पूर्व सभासद कैलाश बाजपेई, दल बहादुर सिंह, मंटू बाजपेई, कौशलेंद्र कंचन, सुरेंद्र गुप्ता, देवी कुमार गुप्ता आदि ने शीघ्र पुल को चालू किए जाने की मांग की है। वहीं बता दें कि लालगंज रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण 2018 में हुआ था और प्रधानमंत्री ने स्वयं रेल कोच कारखाने में एक जनसभा के दौरान रेलवे ओवर ब्रिज और लालगंज फतेहपुर नेशनल हाईवे का लोकार्पण किया था। लेकिन 2019 में ही पुल में दरार आने के कारण बंद कर दिया था। तमाम शिकायतों के बाद सितंबर 2025 में पुल का निर्माण कराकर आम जनता के लिए बाईपास मार्ग खोला गया। महज 15 दिन बाद फिर क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद 3 जनवरी को बंद कर दिया गया, जो अभी तक चालू नहीं हो सका।

### नवरात्र में प्रवेश पर बच्चों को मिलेगी विशेष छूट

**लालगंज, अमृत विचार।** कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में नवरात्र के अवसर पर सत्र 2026-27 के लिए प्री-प्राइमरी व प्राइमरी तक की कक्षाओं में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं के प्रवेश शुल्क में विशेष छूट दी जा रही है। प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने बताया कि अभिभावक अपने बच्चों का एडमिशन स्कूल में करा कर अच्छी शिक्षा प्राप्त करा सकते हैं। पीआरओ यशबहादुर यादव ने बताया कि यह व्यवस्था बीएमपीएस की सभी शाखाओं में सिर्फ नवरात्रि भर लागू है। अभिभावक अपनी सुविधा अनुसार किसी भी शाखा में अपने पाल्य का प्रवेश करा कर इस स्कीम का लाभ ले सकते हैं। उल्लेखनीय है कि बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की शाखा लालगंज के साथ-साथ सरेनी और डलमऊ में भी है।

**सख्ती** | जनगणना से सम्बन्धित तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर दिए दिशा-निर्देश

# डीएम ने जनगणना प्रशिक्षण केन्द्र में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने शुक्रवार को जनगणना के लिए कार्मिकों को दिए जा रहे प्रशिक्षण केन्द्र, पंचायत सभागार दरीबा का निरीक्षण किया। इस दौरान जनगणना से सम्बन्धित तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना-2027 के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के दृष्टिगत जनपद रायबरेली में व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रथम बैच का प्रशिक्षण 16 से 18 मार्च तक आयोजित किया गया था, जिसमें सलोन एवं महाराजगंज तहसील के कुल 36 फील्ड ट्रेनरों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण में शासन स्तर से प्रशिक्षित 04 मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जो आगे चलकर अन्य कार्मिकों को प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना की समस्त प्रक्रियाओं, डेटा संकलन की विधियों, डिजिटल उपकरणों के प्रभावी उपयोग, मोबाइल एप्लिकेशन के संचालन तथा शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जा रही है। द्वितीय चरण में 19, 20 और 23 मार्च को दो बैचों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें तहसील सदर, लालगंज, सलोन एवं ऊँचाहार के 62 अन्य कार्मिकों/फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है, अतः इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी उपजिलाधिकारी (न्यायिक) सलोन सचिन यादव नामित किए गए हैं, जिनके निर्देशन में प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है।



जनगणना प्रशिक्षण केंद्र में जानकारी लेतीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

### डीएम-एसपी ने मस्जिदों और बाजारों में देखी सुरक्षा व्यवस्था

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने ईद-उल-फितर त्यौहार के मद्देनजर एवं सुरक्षा के दृष्टिगत शहर के विभिन्न मस्जिदों व प्रमुख मार्केट का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आम जनमानस से त्यौहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि अफवाहों से दूर रहकर सभी जन पूर्व के भांति भाईचारा कायम रखने के साथ ही गंगा जमुनी तहजीब को भी कायम रखें। उन्होंने कहा कि त्योहार हम सभी के जीवन को हर्षोल्लास से भर देते हैं और हम सभी के जीवन में नवीनता और उमंगता का संचार करते हैं, सभी लोग आपसी भाईचारे व एकता का परिचय देते हुए प्रेम पूर्वक त्यौहार को मनाये। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में प्रतिदिन प्रशासन एवं पुलिस के द्वारा विभिन्न स्थानों पर रूट मार्च किया जा रहा है, जिससे त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाया जा सके। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया है कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है, किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होने दी जायेगी। जिलाधिकारी ने एसडीएम व सीओ से कहा कि ईद उल फितर के पर्व को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाया जाने के लिए आम जनमानस को प्रेरित किया जाए। ईद का त्योहार हर वर्ष की भांति बहुत ही हर्षोल्लास शांति व भाईचारे के साथ मनाया जाता है। इस मौके पर एएसपी संजीव कुमार सिन्हा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा, सीओ सिटी अरुण कुमार आदि उपस्थित रहें।

न्यूज ब्रीफ

### स्कूल वैन की टक्कर से छात्र घायल, रेफर

**महराजगंज (रायबरेली):** शुक्रवार दोपहर बाद बाल जी पब्लिक स्कूल में छुट्टी होने पर बच्चे घर जा रहे थे। तभी चालक द्वारा वैन बैक करने के दौरान कक्षा एक का छात्र विवान चपेट में आ गया। विद्यालय प्रबंधक विवेक पांडेय व विद्यालय के शिक्षक आनन फानन में उसे रायबरेली के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। घायल छात्र के चाचा राहुल यादव ने बताया कि विद्यालय प्रबंधक द्वारा छात्र का इलाज कराया जा रहा है।

### हत्या के विरोध में कैंडल मार्च का आयोजन आज

**अमेठी:** शनिवार को जिला अध्यक्ष अमेठी राम सुमेर चौहान एवं जिला अध्यक्ष सुल्तानपुर विनोद चौहान के नेतृत्व मे कैंडल मार्च गौरीगंज के मुसाफिरखाना मोड़ से शुरू होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक निकाला जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। आपको बताते चले कि गोरखपुर के ग्राम बरगदवा (थाना चिनुवापार) में प्रॉपर्टी डीलर स्व. राजकुमार चौहान की नृशंस हत्या के विरोध में शनिवार को सायं 4:00 बजे से शोक सभा एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जन जनवादी पार्टी के तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। यह शोक सभा और कैंडल मार्च स्व. राजकुमार चौहान को न्याय दिलाने की मांग को लेकर आयोजित किया जा रहा है।

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**डलमऊ (रायबरेली):** मिशन शक्ति के तहत शुक्रवार को घुरवारा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत जागरूक किया गया। इस दौरान उन्हें कानूनी अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया गया। इस मौके पर उप निरीक्षक रंजीत कुमार, महिला आरक्षी प्रीति राणा व विद्यालय के समस्त छात्राएं व विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रही

### बदला मौसम, बारिश से बढ़ी चिंता

**अमेठी:** जिले में शुक्रवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ले ली। अमेठी, शुकुल बाजार, संग्रामपुर, भेंटुआ, जगदीशपुर और जायस सहित कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। आसमान में घने बादलों की आवाजाही के बीच तेज झोंकों ने मौसम को पूरी तरह बदल दिया। इस बदलाव ने खासकर किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इस समय खेतों में गेहूं और सरसों की फसल तैयार खड़ी है, ऐसे में बारिश और तेज हवा से फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। तेज हवाओं के कारण फसल गिर सकती है, जिससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा। अचानक आई इस बारिश से किसानों को अपनी मेहनत पर पानी फिरने का डर सता रहा है। स्थानीय कृषि विभाग ने किसानों को सतर्क रहने और जरूरी सावधानियां बरतने की सलाह दी है। वहीं मौसम विभाग ने ऐसे ही हालात बने रहने की संभावना जताई है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है।

### 20 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सिंहपुर (अमेठी):** इन्हौना पुलिस ने बीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसओ विवेक सिंह ने बताया कि पकडे गए अभियुक्त की पहचान इन्हौना कस्बे के मोहल्ला मिल्कियाना निवासी गुफरान के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ मिला है। सम्बंधित धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# घर-घर जाकर लोगों को करें जागरूक: डीएम

## जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रामप्रसाद ने बताया कि 1 से 30 अप्रैल 2026 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों के समन्वय से वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम, बचाव व उपचार के प्रति आमजन को जागरूक किया जाएगा। इसकी मॉनिटरिंग डब्ल्यूएचओ व यूनीसेफ जैसी संस्थाओं द्वारा की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करें और रोगियों की पहचान सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि आशा व एएनएम टीम बुखार आदि के मरीजों को चिह्नित कर उपचार हेतु भेजेंगी। साथ ही साफ-सफाई, जलभराव रोकने व फॉगिंग पर विशेष जोर दिया



समीक्षा बैठक करते डीएम एवं मौजूद संबंधित अधिकारी। अमृत विचार

**श्रीअन्न को बढ़ावा देने हेतु निकाला गया रोड शो, अमेठी:** जनपद में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के तहत शुक्रवार को श्रीअन्न (मिलेट्स) को बढ़ावा देने और इसके पोषण लाभों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भव्य रोड शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट परिसर, गौरीगंज से हरी झंडी दिखाकर किया।

यह रोड शो लगभग 100 दोपहिया वाहनों के साथ कलेक्ट्रेट से कृषि भवन ताला तक निकाला गया। इसमें कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार और जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। उप कृषि निदेशक ने बताया कि रोड शो का मुख्य उद्देश्य किसानों और आमजन को श्रीअन्न जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, सांवा, कुटकी आदि की खेती और उपयोग के प्रति प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि मिलेट्स को "सुपर फूड" माना जाता है, क्योंकि यह ग्लूटेन-फ्री होने के साथ विटामिन, खनिज और फाइबर से भरपूर होते हैं। उन्होंने बताया कि श्रीअन्न के नियमित सेवन से पाचन तंत्र मजबूत होता है, डायबिटीज और ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है तथा हृदय रोगों से बचाव में मदद मिलती है। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को इसकी खेती अपनाने और आमजन को इसे दैनिक आहार में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया।

### संग्रामपुर में ग्राम चौपाल बनी औपचारिकता

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** विकास खंड संग्रामपुर क्षेत्र में प्रत्येक शुक्रवार को दो पंचायत भवनों पर आयोजित होने वाला ग्राम चौपाल कार्यक्रम अब केवल औपचारिकता बनकर रह गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निस्तारण करना तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाना है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते यह व्यवस्था पटरी से उतरती नजर आ रही है। शुक्रवार को ग्रामसभा पुन्नपुर और धौरहरा के पंचायत भवनों पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, लेकिन यहां किसी भी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी की उपस्थिति नहीं रही। हालात यह रहे कि चौपाल की अध्यक्षता पंचायत सहायकों को करनी पड़ी, जिससे कार्यक्रम की गंभीरता पर सवाल खड़े हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि जब जिम्मेदार अधिकारी ही चौपाल से दूरी बनाएंगे तो उनकी समस्याओं का समाधान कैसे होगा। ऐसी स्थिति में सरकार की मंशा पर भी सवाल उठने लगे हैं। फिलहाल, संग्रामपुर विकास खंड में ग्राम चौपाल कार्यक्रम पूरी तरह राम भरोसे चलता दिखाई दे रहा है, जिससे ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

# पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप

संवाददाता, अमेठी

ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** गौरीगंज तहसील के ब्लॉक जामों अंतर्गत ग्राम पंचायत परसरामपुर के रानीपुर स्थित पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल निर्माण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि आधी बाउंड्री पहले ही पीली ईंटों और घटिया सामग्री से मानकविहीन तरीके से बनाई गई थी। इस मामले में सरकारी धन के दुरुपयोग और अधिकारियों-ग्राम प्रधान की मिलीभगत का आरोप है।

ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण में गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया गया। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी जामों, लोकपाल मनरेगा गौरीगंज और मुख्य विकास अधिकारी गौरीगंज से शिकायत की थी। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्रवाई करने के बजाय, खराब निर्माण पर प्लास्टर करवा दिया गया। इसका उद्देश्य घटिया ईंटों की सच्चाई को छिपाना था। अब शेष बाउंड्रीवाल का निर्माण भी उसी तरह की पीली ईंटों से कराया जा रहा है। जब ग्रामीणों ने इस संबंध में सचिव से सवाल किया, तो उन्होंने बिना किसी जांच के पीली ईंटों के उपयोग से इन्कार कर दिया। शुक्रवार को किसान यूनियन लोकतांत्रिक के अमेठी जिलाध्यक्ष शिव बहादुर लोधी सहित कई ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। मुख्य विकास अधिकारी ने मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल के निर्माण में घटिया पीली ईंटों का इस्तेमाल किया गया है। निर्माण कार्य मानकविहीन तरीके से किया जा रहा है। शिकायत के बावजूद अधिकारियों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले में अधिकारियों और ग्राम प्रधान की मिलीभगत का आरोप लगाया है। जबकि सचिव ने भी पीली ईंटों के उपयोग से इन्कार कर दिया, जबकि मौके पर स्थिति स्पष्ट था। मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह ने जांच का आश्वासन दिया है।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो ठेकेदारों की गई जान

जगदीशपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** रायबरेली अयोध्या राजमार्ग पर शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। गिट्टी लदे एक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह दर्दनाक घटना जगदीशपुर के मुबारकपुर के पास हुई।

मृतकों की पहचान रायबरेली के हरचंदपुर थाने के सत्तू गांव निवासी विजय कुमार (35) और चंदिका प्रसाद (50) के रूप में हुई है। दोनों देवरिया से मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर रायबरेली जा रहे थे। शुक्रवार रात करीब दो बजे यह हादसा हुआ, जब उनका बाइक वाहन ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। परिजन इंदु कुमार के अनुसार दोनों मृतक एक ही गांव के थे जो भट्टे पर ठेकेदारी का कार्य करते हैं सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल ट्रॉमा सेंटर जगदीशपुर पहुंचाया। हालांकि, वहां मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाल जगदीशपुर धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

**ट्रेन से कटकर महिला की मौत, शिनाख्त नहीं हो पाई, अमेठी :** लखनऊ वाराणसी रेल खंड पर स्थित बारामासी के पास एक दुखद घटना सामने आई है। यहां निरांचल एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस को सूचना मिलते ही वह तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। यह घटना बारामासी क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर घटित हुई। एक महिला ट्रेन से कटकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लिया। टीम ने मृतका की पहचान कराने का प्रयास किया। हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी। एसएचओ रवि सिंह ने कहा मृतका के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास जारी है।

# 1000 दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** सांसद किशोरी लाल शर्मा की पहल पर अमेठी में जनसेवा का एक सराहनीय उदाहरण देखने को मिला। 18, 19 और 20 मार्च को आयोजित तीन दिवसीय निशुल्क दिव्यांग सहायतार्थ शिविर में लगभग 1000 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। शिविर के दौरान लाभार्थियों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, बैसाखी, छड़ी और कृत्रिम हाथ-पैर उपलब्ध कराए गए। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने प्रत्येक दिव्यांगजन का परीक्षण कर उनकी आवश्यकता के अनुसार उपकरण प्रदान किए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाकर उनके जीवन को सरल, सम्मानजनक और सशक्त बनाना रहा। इस शिविर का आयोजन शिव महेश शैक्षिक संस्थान के तत्वावधान में किया गया, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने सक्रिय सहयोग दिया। सांसद की धर्मपत्नी किरन बाला शर्मा ने भी तीनों दिनों तक उपस्थित रहकर दिव्यांगजनों का उत्साहवर्धन किया। समापन अवसर पर सांसद ने कहा कि यह आयोजन पूरी तरह जनसेवा की भावना से प्रेरित है। उन्होंने अमेठी में आगे भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्य जारी रखने का संकल्प दोहराया।



दिव्यांगों को उपकरण प्रदान करते सांसद किशोरी लाल शर्मा। अमृत विचार

आयोजन

**सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कालिकन धाम में की पूजा-अर्चना, संग्रामपुर :** चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अमेठी लोकसभा से सांसद किशोरी लाल शर्मा अपने एक दिवसीय दौरे पर संग्रामपुर क्षेत्र पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र अमेठी के विकास खंड संग्रामपुर स्थित प्रसिद्ध शक्ति पीठ कालिकन धाम में पहुंचकर विधि-विधान से मां कालिका की पूजा-अर्चना की और आरती उतारी। मंदिर परिसर में सांसद ने पीठाधीश्वर श्री महाराज से मुलाकात कर मंदिर के विकास कार्यों को लेकर चर्चा भी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास क्षेत्र की आस्था के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा देता है। दौरे के दौरान सांसद किशोरी लाल शर्मा ने बताया कि अमेठी से एआरओ (सैनिक भर्ती केंद्र) हटाए जाने की सूचना पर उन्होंने गंभीरता से पहल की है। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरविंद चतुर्वेदी, राजीव सिंह कसारा, बृजेश मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष संग्रामपुर, विजेंद्र सिंह लोहा, दिलीप तिवारी, कपिल पांडेय, रविंद्र सिंह भौसिंहपुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धलुओं की भीड़

**जगदीशपुर (अमेठी) अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम पूरे लादी शुक्ल ग्राम सभा कटेहही में शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा के दौरान महिलाएं सिर पर कलश धारण कर पारंपरिक वेशभूषा में भक्ति गीत गाते हुए गांव का भ्रमण करती नजर आईं। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला, जिससे आयोजन की भव्यता और श्रद्धा का विशेष दृश्य प्रस्तुत हुआ। आयोजकों के अनुसार श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 20 मार्च से प्रारंभ होकर 27 मार्च तक चलेगा। कथा का समापन पूर्णाहुति एवं हवन के साथ किया जाएगा। इस धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान श्रीमती प्रभा शुक्ला एवं श्री राम सुघारे शुक्ला हैं, जो आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वहीं कथा वाचन का दायित्व वृंदावन धाम के प्रसिद्ध कथा वाचक उज्जवल कृष्ण शास्त्री द्वारा निभाया जाएगा। कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में दिलीप कुमार शुक्ला, सुशील कुमार शुक्ला, सतीश कुमार शुक्ला, संजीव कुमार शुक्ला, रवि कुमार शुक्ला, शशांक शुक्ला (शेखर) एवं समीर शुक्ला (जैकप) सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

### पुलिस ने शोहदे को भेजा जेल

**सिंहपुर (अमेठी):** इन्हौना पुलिस ने अहोरवा भवानी मंदिर आने जाने वाली महिलाओं व लड़कियों से अश्लील हरकतें व अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। एसओ विवेक सिंह ने बताया कि कमरौली थाना क्षेत्र के मलावा निवासी राम कृष्ण रास्ते से आने जाने वाली महिलाओं व लड़कियों पर अभद्र छीटाकशी कर रहा था जिसे गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

### डॉ. प्रवीन्द्र को मिली पीएचडी की उपाधि

**अमेठी, अमृत विचार।** जनपद के लिए गर्व का विषय है कि आर आर पी जी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (मिथुन)को सैन्य विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। उन्होंने अपना शोध कार्य "भारत की सुरक्षा के संबंध में नेपाल का महत्व एवं नेपाल का वर्तमान परिदृश्य (21वीं सदी के परिप्रेक्ष्य में)" विषय पर सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह शोध कार्य साकेत महाविद्यालय, अयोध्या के पूर्व प्राचार्य एवं सैन्य विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अभय कुमार सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। उनके शोध में भारत-नेपाल संबंधों की सामरिक, भौगोलिक और वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में अहम भूमिका का गहन विश्लेषण किया गया है, जो भविष्य की सुरक्षा नीतियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। डॉ. प्रवीन्द्र कुमार पाण्डेय अमेठी के जयरामपुर निवासी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजकुमार पाण्डेय के सुपुत्र हैं। वर्तमान में वे आरआरपीजी कॉलेज, अमेठी में सैन्य विज्ञान विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि से अमेठी जनपद में हर्ष का माहौल है।



डॉ. प्रवीन्द्र कुमार।

### वर-वधु परिचय सम्मेलन संपन्न

**अमेठी, अमृत विचार।** नवदम्पत्तियों को स्वावलंबी बनाकर उन्हें स्वयं के साथ समाज, देश और राष्ट्र में भागीदारी निभाने जैसे विशिष्ट उद्देश्यों के चलते उत्तर प्रदेशीय श्री कान्यकुब्ज वैश्य ( हलवाई )मोदनवाल महासभा के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। शुक्रवार को मोदनवाल समाज सुल्तानपुर, अमेठी द्वारा आयोजित 18 से 35 वर्ष के बेटे एवं बेटियों का वर वधु परिचय सम्मेलन एवं स्वालंबन प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोदनवाल महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष आलोक कुमार आर्य ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों पर व्यापक प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री ज्ञान प्रकाश मोदनवाल ने किया। विशिष्ट अतिथि अमेठी जनपद के जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला, राष्ट्रीय महामंत्री हरि शंकर, राष्ट्रीय मंत्री राजेंद्र, उपाध्यक्ष राम जी, प्रांतीय मंत्री माखनलाल, रमेश, जिला अध्यक्ष सुल्तानपुर अनिल मोदनवाल जिला महामंत्री सतीश, लालजी, राम शंकर के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिरण बाबू ने किया। संयोजक राष्ट्रीय महामंत्री चिरौंजी लाल ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

### सपाइयों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**अमेठी, अमृत विचार।** शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के नेता जयसिंह प्रताप यादव की अगुवाई में सपाइयों ने अमेठी में संचालित हटाए जा रहे सेना भर्ती केंद्र को रोकने के लिए तहसील परिसर में प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी अमेठी के माध्यम से देश रक्षामंत्री जी को संबोधित ज्ञापन सौंपा ! सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने देश के रक्षामंत्री को संबोधित ज्ञापन के माध्यम से कहा कि अमेठी जिले के अमेठी शहर में स्थित सेना भर्ती कार्यालय की बिल्डिंग को जर्जर बताकर उसे अयोध्या जिले में लेजाकर संचालित करने की सूचना प्राप्त हुई है,इस सेना भर्ती कार्यालय से अमेठी सहित पूरे प्रदेश के हजारों नौजवान सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा में अपना योगदान दे रहे हैं. सपा नेता जयसिंह ने कहा कि यह सेना भर्ती कार्यालय अमेठी निवासी सेना में भर्ती के तैयारी कर रहे नौजवानों के भविष्य व उनके परिवारों से भावनात्मक जुड़ाव है। इस मौके पर अधिवक्ता मो. रेहान, अंकुश कोरी, अनिल पांडेय, अमित सिंह,मोहिद, समीर, जेडी,आमिर, प्रदीप यादव, सनी, शाहबाज, सुरेश पाल, शोएब सहित कई लोग मौजूद रहे।

### प्रशिक्षु आईएएस ने निफ्ट का किया भ्रमण

**रायबरेली।** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) का प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने भ्रमण किया। संस्थान पहुंचने पर सभी 10 नवागंतुक अधिकारियों का स्वागत अमिताव चौधरी और प्रवीण श्रीवास्तव द्वारा किया गया। अखिलेंद्र प्रताप ने एक विस्तृत 'इंस्टीट्यूट ओवरव्यू' के माध्यम से भावी प्रशासकों को संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों, नवाचारों और डिजाइन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर निफ्ट के योगदान से अवगत कराया। इस दौरान 'मटेरियल विंग' में अजय कुमार ने 'क्राफ्ट इंटीग्रेशन' (शिल्प समन्वय) पर एक विशेष सत्र लिया, जिसमें उन्होंने पारंपरिक भारतीय शिल्पों को आधुनिक वैश्विक बाजार के अनुरूप ढालने की प्रक्रियाओं को साझा किया। इसके बाद बीएफटी लैब के द्वितीय तल पर आयोजित प्रिंटिंग कार्यशाला में सपना कुशवाहा ने अधिकारियों को वस्त्र छपाई की अत्याधुनिक तकनीकों का प्रायोगिक प्रदर्शन दिखाया।

# हेड इंजरी को लेकर किया जागरूक

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** एम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग द्वारा 20 मार्च को "हेड इंजरी जागरूकता दिवस" के अवसर पर एक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. सुयश सिंह की अध्यक्षता में तथा कार्यकारी निदेशक प्रो. अमिता जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जन-जागरूकता गतिविधि के अंतर्गत सिविल लाइंस चौराहे पर पुलिस कर्मियों, डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ के सहयोग से बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे चालकों को हेलमेट वितरित किए गए। इस पहल के माध्यम से सिर की गंभीर चोटों की रोकथाम में हेलमेट के महत्व को रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के न्यूरोसर्जरी विभागाध्यक्ष प्रो. अवधेश जायसवाल तथा प्रो. अंकुर बजाज आमंत्रित थे। प्रो. जायसवाल, जो एक प्रख्यात एंडोस्कोपिक न्यूरोसर्जन हैं। उन्होंने ब्रेन ट्यूमर के लिए उन्नत ट्रांस-ऑर्बिटल सर्जिकल एप्रोच पर व्याख्यान दिया। प्रो. बजाज, जो एक सुप्रसिद्ध न्यूरोट्रॉमा सर्जन हैं, ने पेनिट्रेटिंग हेड इंजरी के प्रबंधन में अपने व्यापक अनुभव साझा किए। इस अवसर पर हेड इंजरी जागरूकता विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें श्वेता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विभाग द्वारा उत्कृष्ट सेवाओं के लिए नर्सिंग स्टाफ में सुश्री आकांक्षा, शैलेन्द्र एवं सुरभि को "बेस्ट नर्सिंग अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया।

कार्यकारी निदेशक प्रो. अमिता जैन ने विभाग को इस महत्वपूर्ण पहल के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में एएमएस डॉ. नीरज कुमार श्रीवास्तव, वित्त सलाहकार कर्नल यूएन राय, डॉ. कालीचरण, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. अरविंद कंचन आदि लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम



हेड इंजरी पर सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी।

# 1.47 करोड़ से कालिकन धाम मंदिर का किया जाएगा विकास

संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** विकास खंड संग्रामपुर स्थित लगभग 300 वर्ष पुराने प्रसिद्ध कालिकन धाम मंदिर के दिन अब बदलने वाले हैं। उत्तर प्रदेश शासन के पर्यटन विभाग ने मंदिर के समग्र विकास के लिए 1.47 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) की परियोजना को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस निर्णय से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलने के साथ ही श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

परियोजना के अंतर्गत मंदिर परिसर को आकर्षक, व्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मूलभूत ढांचे को मजबूत किया जाएगा। इस विकास योजना का सबसे प्रमुख कार्य यात्री हाल (कॉमन टॉयलेट सहित) का निर्माण है, जिस पर लगभग 79.44 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा परिसर में साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं को भी सुदृढ़ किया जाएगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि मंदिर के विकास से न केवल श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। व्यापारियों और आसपास के ग्रामीणों को रोजगार के नए अवसर मिलने की उम्मीद है।

गूंजे जयकारे

विधायक अशोक कुमार व अन्य ने माता दुर्गा की महाआरती में भाग लिया

# मनकामेश्वरी देवी के मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

सलोन (रायबरेली)

**अमृत विचार।** सलोन नगर में चैत्र नवरात्र के शुभारंभ के साथ ही माहौल भक्तिमय हो गया है। सुबह से ही प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सलोन कस्बे में विराजमान आदि शक्ति मां मनकामेश्वरी देवी के मंदिर में दर्शन के लिए लंबी कतारें देखी गईं, जहां भक्तों ने माता के जयकारों के साथ पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर विधायक सलोन अशोक कुमार, बीजेपी नेता सुधीर सिंह अंजनी साहू ने माता दुर्गा की महाआरती में भाग लिया। इस दौरान विधायक ने कहा नवरात्रि शक्ति, भक्ति और आस्था का पर्व है। मां दुर्गा से मेरी यही प्रार्थना है कि हमारे क्षेत्र में हमेशा शांति, सौहार्द और भाईचारा बना रहे। मैं कामना करता हूं कि मां की कृपा से हर घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आए। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भक्ति गीतों से वातावरण और भी मनोरम बन गया है। मनकामेश्वरी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया है कि मंदिर में विराजित प्रतिमाएं 12 सदी की है। ऐसी मान्यता है कि देवी मां के मंदिर से कोई भक्त खाली हाथ नही लौटता है। उन्होंने बताया कि भव्य पंडाल आकर्षण का केंद्र है। जिसे स्थानीय लोगो के सहयोग से बनाया गया है।



मंदिर में पूजा-अर्चना करते सलोन विधायक अशोक कुमार व अन्य।



झकरासी गांव में कलश यात्रा निकालतीं श्रद्धालु महिलाएं। अमृत विचार

**श्रीमद् भागवत कथा में सुमधुर भजनों से गूंजा पंडाल, झूमे श्रद्धालु, रायबरेली:** राही ब्लॉक के झकरासी गांव में श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का धूमधाम से शुभारंभ किया गया। अवधूता छतरपुर मध्य प्रदेश से आए परम पूज्य गुरू राजन जी महराज की अगुवाई में कलश यात्रा निकाली गई। गांव व आसपास के गांव की सैकड़ो महिलाए व पुरुष कलश यात्रा का हिस्सा बने। परम पूज्य गुरु राजन जी महराज ने श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का बडा ही सुंदर वर्णन करते हुए श्रीमद्भागवत का महात्म्य सुनाया। श्रीमद्भागवत महापुराण का महात्म्य सुनाते हुए उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत पुराण में भगवान श्री हरि ने कहा है, जो भजते मुझको भाव से, मैं उनका ही हो जाता हूं। इस मौके पर एसएन सिंह, प्राचार्य शांति सिंह, दिलीप बाजपेई, अनिल तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

### शिक्षामित्र संघ की बैठक में संपन्न

**लालगंज (रायबरेली)।** प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ शाखा लालगंज की एक आवश्यक बैठक बीआरसी में संरक्षक राज बहादुर यादव व ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सेवानिवृत्ति शिक्षा मित्र साथियों के विदाई समारोह पर गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में संगठन विस्तार भी किया गया। बैठक में ब्लॉक मीडिया प्रभारी सुनील कुमार त्रिवेदी, मदन कुमार तिवारी उपाध्यक्ष, अमितेश कुमारी उपाध्यक्ष, (महिला) संजय सिंह संगठन मंत्री, मनोज शर्मा संगठन मंत्री, संगठन मन्त्री, सीमा यादव संगठन मंत्री (महिला), गीता देवी संगठन मंत्री (महिला) का दायित्व दिया गया। बैठक में राज बहादुर यादव, सुनील वर्मा, राज नारायण, बाबू शंकर, सुनील कुमार त्रिवेदी, महेश कुमार मिश्रा रहे।



कुछ मत मांगो, बदले में कुछ मत चाहो। जो कुछ तुम्हारे पास देने को है, वह दो, वह तुम्हें वापस मिल जाएगा, लेकिन अभी इसके बारे में मत सोचो। **–स्वामी विवेकानंद**, दार्शनिक

## ऊर्जा सुरक्षा पर संकट

पश्चिम एशिया एक बार फिर वैश्विक अस्थिरता का केंद्र बनता दिख रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी गैस फील्ड साउथ पर्स पर इजराइली हमले के बाद ईरान द्वारा नौ देशों में तेल और गैस प्रतिष्ठानों को निशाना बनाना क्षेत्रीय तनाव के साथ वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक गंभीर चेतावनी है। यह संकट जितना भू-राजनीतिक है, उतना ही मानवीय भी, क्योंकि इसकी सीधी चोट आम उपभोक्ता की जेब और जीवन पर पड़ेगी। साउथ पर्स, समरेफ रिफाइनरी और कतर का रास लफान जैसे संयंत्र विश्व ऊर्जा आपूर्ति की धुरी हैं। इन पर हमले से सप्लाई चेन बाधित होती है, बीमा लागत बढ़ती है और समुद्री परिवहन जोखिमपूर्ण हो जाता है। परिणामस्वरूप, बाजार में अनिश्चितता बढ़ती है और कीमतों में उछाल आता है। इंडियन बास्केट का ब्रेंट क्रूड 146 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुका है, जिसका सीधा असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ेगा, जहां कुल तेल जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत आयात होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा फ्रांस, कतर और मलेशिया जैसे देशों के साथ शांति की अपील सकारात्मक कूटनीतिक पहल है। भारत की "संतुलित और संवाद-प्रधान" विदेश नीति इस समय महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हालांकि, यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि केवल कूटनीति से तत्काल युद्धविराम हो जाएगा। फिर भी, भारत की अपील है कि नागरिक और ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना न बनाया जाए। नैतिक दबाव जरूर बनाती है, विशेषकर तब जब वैश्विक समुदाय भी इसी चिंता को साझा करता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह आश्वासन कि इजराइल साउथ पर्स पर दोबारा हमला नहीं करेगा, राजनीतिक बयान अधिक प्रतीत होता है। जमीनी हकीकत यह है कि जब तक क्षेत्रीय अविश्वास और प्रतिद्वंद्विता बनी रहेगी, ऐसे हमलों की आशंका बनी रहेगी। ऊर्जा कीमतों में वृद्धि का असर बहुआयामी होता है। भारत में पेट्रोल-डीजल के दामों पर तत्काल प्रभाव पड़ सकता है, हालांकि सरकार करों में कटौती या सब्सिडी के माध्यम से अस्थायी राहत दे सकती है, विशेषकर चुनावी राज्यों में, लेकिन यह राहत स्थायी नहीं होती। तेल महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ती है, जिससे खाद्यान्न, दवाइयां और दैनिक उपभोक्ता वस्तुएं महंगी हो जाती हैं।

महंगाई का यह चक्र अंततः आम आदमी की क्रय शक्ति को कमजोर करता है। यह भी एक यथार्थ है कि चुनावों तक कीमतों को नियंत्रित रखने की कोशिश की जाएगी, परंतु वैश्विक बाजार की ताकतें घरेलू नीतियों पर भारी पड़ सकती हैं इसलिए यह मान लेना कि कीमतें नहीं बढ़ेंगी, व्यावहारिक नहीं है। इस संकट से उबरने के लिए भारत को बहुस्तरीय रणनीति अपनानी होगी। पहला, रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को मजबूत करना और वैकल्पिक आपूर्ति स्रोतों जैसे अफ्रीका और लैटिन अमेरिका की ओर रुख करना। दूसरा, नवीकरणीय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को तेजी से बढ़ावा देना, ताकि आयात पर निर्भरता कम हो। तीसरा, ऊर्जा कूटनीति को और सक्रिय बनाना, ताकि संकट के समय विश्वसनीय साझेदार उपलब्ध रहें। यह केवल तेल और गैस का संकट नहीं है, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता की परीक्षा है। भारत को एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में अपने हितों की रक्षा के साथ शांति और सहयोग का मार्ग भी प्रशस्त करना होगा।

### प्रसंगवश

## रिश्तों की गरिमा और स्त्री सम्मान का प्रतीक गणगौर

भारतीय संस्कृति में पर्व केवल तिथियों का क्रम नहीं होते, वे जीवन के सूक्ष्मतम भावों, रिश्तों की गरिमा और प्रकृति के साथ मनुष्य के आत्मीय संबंध का जीवंत उत्सव होते हैं। इन्हीं उत्सवों की श्रृंखला में 'गणगौर' एक ऐसा लोकपर्व है, जिसमें आस्था के साथ-साथ प्रेम, समर्पण, सौंदर्य और सामाजिक संवेदनशीलता का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला यह पावन पर्व इस वर्ष 21 मार्च को मनाया जाएगा।

गणगौर का नाम ही अपने भीतर एक दिव्य अर्थ समेटे हुए है 'गण' अर्थात् भगवान शिव और 'गौर' अर्थात् माता पार्वती। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि शिव-पार्वती के आदर्श दांपत्य, प्रेम और अटूट विश्वास का प्रतीक है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी और इसी तपस्या के दौरान उन्होंने गणगौर व्रत का पालन किया। उनकी निष्ठा और समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया और उन्हें अखंड सौभाग्य का वरदान दिया। तभी से यह व्रत स्त्रियों के लिए सौभाग्य, सुख-समृद्धि और पारिवारिक मंगलकामना का प्रतीक बन गया। गणगौर का उत्सव विशेष रूप से स्त्रियों के जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ है। विवाहित महिलाएं अपने पति की दीर्घायु, सुख और समृद्धि की कामना से यह व्रत करती हैं, वहीं अविवाहित युवतियां एक योग्य, स्नेही और आदर्श जीवनसाथी की प्राप्ति के लिए माता गौरी की पूजा करती हैं। इस दिन स्त्रियां पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर, हाथों में मेहंदी रचाकर और लोकगीतों की मधुर स्वर लहरियों के साथ गणगौर माता का स्वागत करती हैं। उनके गीतों में केवल भक्ति ही नहीं, जीवन की अनुभूतियों, आशाओं और संबंधों की मिठास भी झलकती है। राजस्थान में गणगौर का उत्सव मानो रंगों, परंपराओं और लोकजीवन की जीवंत झांकी बन जाता है। यहां यह पर्व होली के अगले दिन से आरंभ होकर लगभग सोलह दिनों तक चलता है। शहरों और गांवों की गलियों में स्त्रियां सिर पर कलश रखकर, ईसर-गणगौर की प्रतिमाएं लेकर निकलती हैं। ढोल, नगाड़ों और लोकगीतों के बीच जब शोभायात्राएं निकलती हैं, तो पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से भर उठता है। विशेष रूप से जयपुर, उदयपुर और बीकानेर में यह उत्सव एक भव्य सांस्कृतिक आयोजन का रूप ले लेता है।




श्वेता गोयल
शिक्षाविद


मध्य प्रदेश के मालवा और निमाड़ अंचल में गणगौर का स्वरूप और भी अधिक भावनात्मक और पारिवारिक हो जाता है। यहां माता पार्वती को 'रणुबाई' और भगवान शिव को 'धनीयर राजा' के रूप में पूजा जाता है। यह परंपरा केवल देवी-देवताओं की पूजा तक सीमित नहीं, बल्कि बेटी और दामाद के सम्मान की भी प्रतीक है। निमाड़ में गणगौर के अवसर पर भगवान शिव को दामाद और माता पार्वती को बेटी मानकर उनका स्वागत किया जाता है। यह परंपरा भारतीय समाज में बेटियों के प्रति आदर और सम्मान की उस गहरी भावना को प्रकट करती है, जो सदियों से हमारी संस्कृति की आधारशिला रही है। यहां गणगौर के नौ दिनों तक विशेष उत्सव का आयोजन होता है। माता की बाड़ी में ज्वारे बोए जाते हैं, जो उर्वरता, नवजीवन और समृद्धि के प्रतीक होते हैं। प्रतिदिन महिलाएं वहां एकत्रित होकर लोकगीत गाती हैं। इन गीतों में भक्ति के साथ-साथ जीवन की सहजता और सांस्कृतिक स्मृतियां भी जीवंत हो उठती हैं। आज के समय में जब समाज में रिश्तों की संवेदनशीलता और स्त्री सम्मान जैसे मूल्य चुनौती के दौर से गुजर रहे हैं, गणगौर का यह उत्सव और भी अधिक प्रासंगिक हो उठता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि परिवार केवल संबंधों का ढांचा नहीं, बल्कि विश्वास, सम्मान और प्रेम की नींव पर टिका एक जीवंत संसार है। (यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

## रोटी, बेटी और माटी बनाम मां, माटी और मानुष






अमित नारायण
राजनीतिक विश्लेषक


2011 के विधान सभा चुनाव में मां, माटी और मानुष का नारा पश्चिम बंगाल के मतदाताओं के दिलों दिमाग पर छा गया था। उन्होंने राज्य की सत्ता पर काबिज वाम सरकार को उखाड़ फेंकते हुए इस नारे को गढ़ने वाली तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी को सत्ता सौंप दी थी। तब से लगातार तीन बार ममता बनर्जी मुख्यमंत्री बन चुकी हैं और इस मर्तबा चौथी बार पश्चिम बंगाल के सीएम के रूप में शपथ लेने के लिए फिर से मैदान में उतर गई हैं, लेकिन माना जा रहा है कि इस बार उन्हें भाजपा से सबसे कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मुकाबला कांटे का और बेहद नजदीकी होने के कयास लगाए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ममता के मां माटी और मानुष के जवाब में रोटी, बेटी और माटी का नारा दिया है। रोटी का आशय रोजगार से है, तो माटी को वे बांग्लादेश से आने वाले घुसपैठियों से जोड़ रहे हैं, जिन्होंने बंगाल की भूमि पर अवैध रूप से डेरा जमा लिया है, जबकि बेटी का आशय महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से है। ममता सरकार में आए दिन बेटियों के साथ दुष्कर्म के मामले सामने आते रहे हैं। बंगाल में बेरोजगारी चरमसीमा पर है। बड़े पैमाने पर वहां के लोग दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू जैसे बड़े शहरों में रोजगार के लिए पलायन करने को विवश हैं। भाजपा राज्य के युवाओं से औद्योगिक विकास और अन्य माध्यमों से रोजगार देने का वादा कर रही है, लेकिन ममता बनर्जी फिर से मां, माटी और मानुष का ही तीर इस्तेमाल कर रही हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प है कि प्रधानमंत्री मोदी के रोटी, बेटी और माटी के नारे के आगे उनका दांव कितना सटीक बैठता है।

2021 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने 215 सीटें जीतीं थीं, तो गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (तमांग) को एक, भाजपा को 77 और भारतीय धर्मनिरपेक्ष मोर्चा को एक सीट मिली थी। वामपंथियों और कांग्रेस का सफाया हो गया था। तब भाजपा को उम्मीद थी कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और टीएमसी से अलग होकर साथ आए सुभेंदु अधिकारी के दम पर वह ममता बनर्जी को सत्ता से उखाड़ फेंकेगी, लेकिन यह संभव नहीं हो सका, क्योंकि पार्टी के पुराने नेता टीएमसी, कांग्रेस से आए नेताओं के साथ तालमेल नहीं बैठा सके। सत्ता से दूर रह जाने की वजह पार्टी की आंतरिक कलह माना गया। यही वजह है कि इस बार दूसरे दलों के नेताओं को पार्टी में शामिल कराने के बजाय अपने स्थापित नेताओं पर ही भाजपा दांव लगाने को आतुर है। भाजपा की निगाह असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम पर भी टिकी है। बिहार विधान सभा में पांच सीटों पर जीत दर्ज करने वाले ओवैसी टीएमसी के बागी हुमायूं कबीर की पार्टी के साथ गठबंधन करने जा रहे हैं। इससे टीएमसी के लिए थोड़ा मुश्किल खड़ी होगी, क्योंकि इस गठबंधन से भाजपा को फायदा होगा। इसके साथ ही भाजपा को एंटी इनकंबेंसी का लाभ मिलने की उम्मीद है। 15 सालों से सत्ता में रहकर टीएमसी अभी तमाम मूलभूत समस्याओं को हल नहीं कर पाई है।

हालांकि पार्टी इस चुनाव में ममता बनर्जी पर व्यक्तिगत हमला करने से बच रही है, लेकिन उनके मुकाबले मुख्यमंत्री का चेहरा भी घोषित नहीं कर रही है। पार्टी की रणनीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ने की है। चेहरा घोषित कर रणनीतिकार आतंरिक कलह को बढ़ावा नहीं देना चाहते हैं, जो रूठे हैं, उन्हें मना लिया गया है। इस कारण टिकट की घोषणा के बाद नाराजगी की खबरें सामने नहीं आईं। भाजपा ने ममता को सत्ता से हटाने के लिए उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा आदि राज्यों के जिला स्तर के पदाधिकारियों को भी काम सौंपा है। पार्टी के छोटे-छोटे पदाधिकारी भी बंगाल की गलियों में घूम रहे हैं और मतदाताओं को यह बताने में जुटे हैं कि भाजपा सरकार आने पर कैसे उनके हित में काम होंगे। ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार की किन कल्याणकारी योजनाओं को अपने यहां लागू न करके उन्हें उनके लाभ से वंचित किया है। बांग्लादेश के घुसपैठियों को संरक्षण मिलने से कैसे वे उनके रोजगार को छीन रहे हैं और उनकी भूमि पर कब्जा करके उनका हक मार रहे हैं।

उधर, सत्ता में बने रहने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कर्मचारियों को उनके बकाया देयों का भुगतान करने की घोषणा के साथ ही महिलाओं के लिए बड़ी घोषणाएं कर दी हैं। अभी तमाम लोक लुभावने वादे भाजपा, टीएमसी और कांग्रेस द्वारा किए जाएंगे। घोषणा पत्र तैयार हो रहे हैं। इन्हें तैयार करने में जनता की राय भी ली जा रही है। मुख्यमंत्री ने एंटी इनकंबेंसी से बचने के लिए तमाम विधायकों के टिकट काट दिए हैं। आपराधिक छवि वाले विधायकों को टिकट देने से भी परहेज किया गया है। हालांकि ममता की चिंता हुमायूं कबीर और ओवैसी बढ़ा रहे हैं। बाबरी मस्जिद बनाने की घोषणा के साथ ही उसकी नींव रखकर हुमायूं कबीर ने बड़ा दांव चल दिया है। मुस्लिमों का रहनुमा बनने के लिए वह लगातार मुस्लिम बहुल इलाकों में भ्रमण कर रहे हैं। यदि दो-चार प्रतिशत वोट भी हुमायूं और ओवैसी के खाते में गए तो इसका नुकसान ममता को होगा और फायदा भाजपा को मिलेगा।

अभी वामपंथी दलों ने यहां अपने पत्ते नहीं खोले हैं। कांग्रेस एकला चलो नीति को लागू कर चुकी है। ममता बनर्जी ने कांग्रेस को आधा दर्जन सीटों का ऑफर दिया था, लेकिन पार्टी ने प्रस्ताव ठुकरा दिया था। भाजपा को लग रहा है कि मोदी के चेहरे, ओवैसी-कबीर की जुगलबंदी, एंटी-इनकंबेंसी और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर रोटी, बेटी और माटी के नारे के साथ वह इस बार बंगाल का किला आसानी से फतह कर लेगी, इसके मुकाबले ममता बनर्जी भाजपा की रणनीति को कमजोर करने के साथ पहले की तरह आक्रामक चुनावी अभियान को दिशा देने में जुटी हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

भाजपा को लग रहा है कि मोदी के चेहरे, ओवैसी-कबीर की जुगलबंदी, एंटी-इनकंबेंसी और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर रोटी, बेटी और माटी के नारे के साथ वह इस बार बंगाल का किला आसानी से फतह कर लेगी।

### आमने सामने



नाव पर इफ्तार मनाने में क्या दिक्कत है? उन लोगों ने पुलिस की हथेली पर ईदी नहीं रखी होगी। रख देते तो सब सही चलता। अखिलेश ने कहा कि प्रशासन को खुश करने के लिए इस तरह की कार्रवाई की जाती है। त्योहार कहीं भी मनाया जा सकता है, चाहे वह घर की छत हो या नाव पर हो। **– अखिलेश यादव**, पूर्व सीएम, उप्र

मां गंगा हमारी पवित्र नदी है। करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है और उस आस्था से कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। हिंदू गंगा में स्नान कर पुण्य कमाते हैं, कोई अगर उसमें मांस के टुकड़े फेंकेगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अखिलेश जी को कम से कम इस कृत्य की निंदा करनी चाहिए। वोट के लिए तुष्टिकरण नहीं करना चाहिए। **– ब्रजेश पाठक**, डिप्टी सीएम, उप्र



## विधान सभाओं में वंदे मातरम् का नया अध्याय




डॉ. कैलाश चन्द सैनी
पूर्व मुख्य अन्वेषण एवं संदर्भ अधिकारी, राजस्थान विधानसभा


लोकतंत्र के मंदिर जब राष्ट्रभक्ति के स्वरों से गुंजायमान होते हैं, तो वे केवल विधिक प्रक्रियाओं का निर्वाह नहीं करते, बल्कि राष्ट्र की सामूहिक चेतना को स्वर प्रदान करते हैं। वर्तमान में 'वंदे मातरम्' को लेकर देश की विभिन्न विधान सभाओं में जो नई परंपराएं शुरू हो रही हैं, वे केवल औपचारिक बदलाव नहीं, बल्कि हमारी विधायी संस्थाओं के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक हैं। यह उस संगीतमय संविधानवाद की पुनर्स्थापना है, जिसकी नींव 24 जनवरी, 1950 को संविधान सभा के अंतिम दिन अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने रखी थी। उन्होंने घोषणा की थी कि 'जन-गण-मन' के साथ-साथ 'वंदे मातरम्' को भी समान रूप से सम्मान और पद प्राप्त होगा, जिसने भारतीय गणराज्य की संप्रभुता को स्वाधीनता संग्राम की भावनात्मक विरासत से जोड़ दिया।

संसदीय परंपराओं के विकास में अगस्त 1992 को मील का पत्थर कहा जा सकता है, जब लोकसभा की सामान्य प्रयोजन संबंधी समिति ने राष्ट्रीय प्रतीकों के विधायी उपयोग की अनुशंसा की थी। 24 नवंबर, 1992 को तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष शिवराज पाटिल द्वारा सदन में यह घोषणा की गई कि लोकसभा के सत्र का शुभारंभ राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' से और समापन राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' से किया जाएगा। राज्यसभा के 165 वें सत्र में 25 नवंबर, 1992 को इस प्रथा की शुरुआत हुई तथा सत्र के समापन पर 23 दिसंबर, 1992 को पहली बार सभा में वंदे मातरम् बजाया गया।

इस परंपरा के निर्वाह में मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश विधानसभा की भूमिका ऐतिहासिक रूप से अग्रणी रही है। इन राज्यों ने संसदीय स्वायत्तता का परिचय देते हुए इस परंपरा को संसद द्वारा अपनाए जाने से पूर्व ही अंगीकार कर लिया था। मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष बृजमोहन मिश्रा की पहल पर 2 सितंबर, 1992 को, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष हरिशंकर भाभड़ा के नेतृत्व में 16 सितंबर, 1992 को तथा उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष केसरी नाथ त्रिपाठी द्वारा 28 अक्टूबर, 1992 को सत्र की शुरुआत 'वंदे मातरम्' से करने की अनूठी परिपाटी शुरू हुई।

इन विधान सभाओं ने सांस्कृतिक वंदना को विधायी कार्य का प्रेरक स्रोत मानते हुए राष्ट्रीय गीत से सत्र का शुभारंभ किया, जिसे संसद के 'रिवर्स प्रोटोकॉल' के रूप में देखा गया। इस परंपरा का अनुसरण करते हुए बाद में छत्तीसगढ़ (27 फरवरी, 2001) और कर्नाटक (25 नवंबर, 2013) विधानसभा ने भी इसे अपनाकर यह सिद्ध किया कि संघीय ढांचे में राज्य अपनी सांस्कृतिक विशिष्टता के अनुसार राष्ट्रीय प्रतीकों को गौरवान्वित कर सकते हैं। राष्ट्रीय गीत के प्रस्तुतीकरण में एकरूपता और ऐतिहासिक शुद्धता के लिए 28 जनवरी, 2026 को गृह मंत्रालय द्वारा जारी नए दिशा-निर्देशों ने एक वैश्विक मानक स्थापित किया है। इन निर्देशों में 'वंदे मातरम्' के सभी छह छंदों के गायन हेतु 3 मिनट 10 सेकंड की अवधि निर्धारित की गई, जो इसे मात्र एक समूहगान से ऊपर उठाकर एक पूर्ण अनुष्ठान का दर्जा प्रदान करती है। इस दिशा में राजस्थान विधानसभा ने 10 मार्च, 2026 को एक नया इतिहास रचा जब पांचवें सत्र के समापन पर पहली बार 'वंदे मातरम्' के संपूर्ण छह छंदों और उसके तुरंत बाद राष्ट्रगान भी बजाया गया। यह परिवर्तन मात्र समय का विस्तार नहीं, बल्कि इस गीत के उस पूर्ण स्वरूप के प्रति सम्मान है, जिसे स्वाधीनता सेनानी अक्सर गुनगुनाया करते थे। इसी गौरवशाली परंपरा के अनुसरण में मेघालय (16 फरवरी, 2026) और हरियाणा (20 फरवरी, 2026) विधानसभा ने भी अपने-अपने बजट सत्र की शुरुआत राष्ट्रीय गीत के साथ कर एक नए विधायी युग का सूत्रपात किया है। विचारणीय है कि जिन राज्य विधानमंडलों में अभी तक राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के नियमित गायन अथवा वादन की परंपरा विकसित नहीं हुई है, वहां यह स्वस्थ संसदीय परंपरा कब और किस रूप में प्रारंभ होगी और यह भी कि क्या वह केवल औपचारिकता रहेगी या जीवंत परंपरा का रूप लेगी।

भारतीय संसदीय संस्थाओं में राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के प्रयोग की कोई एक जैसी परंपरा प्रचलन में नहीं है। संसद में 1992 में शुरू हुई प्रथा के अनुसार सत्र का प्रारंभ राष्ट्रगान से और समापन राष्ट्रीय गीत से होना एक प्रकार की संतुलित संसदीय परंपरा है, जिसमें राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति समान रूप से सम्मान की भावना अभिव्यक्त होती है। इसके विपरीत, कुछ राज्य विधान सभाओं में यह क्रम उलट कर सत्र का आरंभ 'वंदे मातरम्' से तथा समापन 'जन-गण-मन' से करने की परंपरा प्रचलन में है।

'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है, जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नैतिक ऊर्जा और सांस्कृतिक आधार प्रदान किया। यदि हमारी संसदीय संस्थाएं और उनके प्रतिनिधि संसदीय शुचिता, कर्त्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रहित के प्रति निःस्वार्थ समर्पण को अपने आचरण से परिलक्षित करें, तो 'वंदे मातरम्' का आदर्श केवल एक उद्घोष न रहकर लोकतंत्र की जीवंत प्रेरणा बन सकता है। इसकी सार्थकता तभी है, जब राष्ट्रीय गीत के स्वर सदन की गरिमा और शुचिता में भी अनुगूंजित हों।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है, जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नैतिक ऊर्जा और सांस्कृतिक आधार प्रदान किया।

### सोशल फोरम

## संकट के काले बादल

इजरायल-अमेरिका व ईरान युद्ध की स्थिति इतनी जटिल हो गई है, कि आज कोई भी पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा। एक समय लगने लगा था कि अमेरिका अब युद्ध समाप्ति की ओर बढ़ रहा है, परंतु उसकी मंशा को भांपते हुए, इजराइल कोई न कोई ऐसी हरकतें कर देता है, जिससे युद्ध और भी भड़कता जा रहा है। इसी क्रम में ही उसने ईरान के वरिष्ठ सुरक्षा चीफ अली लारीजानी की हत्या कर डाली, उसके बाद ईरान के गैस फील्ड पर मिसाइल दाग दिए। जवाबी कार्यवाही में ईरान ने भी इजराइल के गैस व पेट्रोल संयंत्रों पर मिसाइल दागे हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, कतर और सऊदी अरब के भी गैस संयंत्रों को भारी क्षति पहुंचाई है। ऐसा लगता है अब यह युद्ध एक-दूसरे के गैस व कच्चे तेल को नष्ट करने की तरफ केंद्रित हो गया है। यद्यपि राष्ट्रपति ट्रंप इजरायल की इन हरकतों को समझ गए हैं और उन्होंने इसके लिए इजराइल से चेतावनी भरे लहजे में अपनी नाराजगी भी जाहिर की है, परंतु स्थिति की जटिलता और उनकी स्वयं की असमंजसता, उन्हें किंकर्तव्यविमूढ़ बनाए हुए हैं।




विजय सिंह
रुद्रपुर


ईरान तो बर्बाद हो ही रहा है। ऐसे में अब उसके पास खोने को कुछ भी नही बचा है, अतः उसने भी ठान लिया है कि चाहे कुछ भी हो, दुश्मनों की मंशा पूरे नही होने देंगे। जीत का श्रेय लेने के लिए इसके अलावा और कोई चारा भी तो उसके पास नहीं बचा है। इस युद्ध की भयावहता की बात की जाए, तो जिस प्रकार से आज इसमें प्रत्यक्ष रूप से संलिप्त देश एक-दूसरे की ऊर्जा संयंत्र और उसकी सप्लाई लाइन को ही नष्ट करने पर तुले हैं, पूरे विश्व में ही घोर ऊर्जा संकट के बादल छा गए हैं। खाड़ी देशों में गैस व कच्चा तेल का उत्पादन और उनकी सप्लाई निरंतर कम होती जा रही है, यही कारण है कि इनकी कीमतें आसमान छूने लगी हैं। यदि युद्ध लंबा खिंचता है, ऐसी स्थिति में विश्व के सभी मुल्कों में महंगाई और उनकी आर्थिक स्थिति बद से बदतर होने से कोई भी रोक नहीं सकता। इसकी थोड़ी बहुत झलकियां अभी से दिखनी शुरू हो गई हैं। गनीमत यही है कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित अधिकांशतः देश अभी काफी संयम दिखा रहे हैं, अन्यथा नेतन्याहू और ट्रंप ने उन्हें भी इस युद्ध में झोंकने के लिए, कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। इसके विपरीत भारत की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। भले ही लोगों द्वारा इस युद्ध से लाख फायदे गिनाए जा रहे हों, परंतु वास्तविकता यही है कि संकट की इस घड़ी में, जहां आम जनता को अकल्पनीय महंगाई की मार झेलनी होंगी, वहीं देश की डांवाडोल आर्थिक स्थिति से निपटने के लिए सरकार को भी तैयार रहना होगा।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## सुरक्षित कल की नींव रखती है हर नन्हीं सांस

भारत ने एक बार फिर इतिहास रचा है और इस बार यह उपलब्धि किसी युद्ध, अर्थव्यवस्था या तकनीकी क्रांति की नहीं, बल्कि मानवता की सबसे कोमल धरोहर हमारे बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी है। जिस देश में कभी हजार में सैकड़ों बच्चे पांच वर्ष की आयु तक पहुंचने से पहले ही जीवन की जंग हार जाते थे, आज वही भारत अपने बचपन को पहले से कहीं अधिक सुरक्षित और आश्वस्त बना चुका है। पिछले लगभग तीन दशकों में बाल मृत्यु दर में 79 प्रतिशत की ऐतिहासिक गिरावट केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों की आंखों में लौटी मुस्कान और अनगिनत सपनों के पुनर्जन्म की कहानी है।

बीते वर्षों में भारत ने जिस गति से प्रगति की है, वह सचमुच प्रेरणादायक है। 1990 में जहां 1000 में से 127 बच्चों की मृत्यु पांच वर्ष की आयु से पहले हो जाती थी, वहीं 2024 तक यह संख्या घटकर मात्र 27 रह गई है। नवजात शिशुओं की मृत्यु दर भी 57 से घटकर 17 प्रति 1000 हो गई है। ये आंकड़े केवल संख्याएं नहीं हैं, बल्कि उन असंख्य जीवनों की गवाही हैं, जिन्हें समय रहते बचा लिया गया। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि जब नीतियां सही दिशा में हों और इरादे मजबूत हों, तो असंभव भी संभव बन सकता है। इस उपलब्धि को वैश्विक स्तर पर भी सराहा गया है। संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट ने भारत के इस परिवर्तन को न केवल स्वीकार किया है, बल्कि इसे एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया है। 2025 की यूएन आईजीएमई रिपोर्ट के अनुसार, अंडर-5 मृत्यु दर में 79 प्रतिशत और नवजात मृत्यु दर में लगभग 70 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। दक्षिण एशिया में इस सुधार में भारत की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही है। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है, क्योंकि इतनी विशाल और विविध आबादी वाले देश में इस स्तर का सुधार आसान नहीं होता। इस बदलाव के पीछे भारत सरकार की योजनाओं और स्वास्थ्य ढांचे की निर्णायक भूमिका रही है। जननी सुरक्षा योजना और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम ने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दिया, जिससे प्रसव के दौरान होने वाले जोखिमों में कमी आई। यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के माध्यम से बच्चों को समय पर टीकाकरण मिला, जिसने कई घातक बीमारियों को नियंत्रित किया। स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट्स और टेली-एसएनसीयू जैसी पहलों ने दूरदराज क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाईं। साथ ही, आईएमएनसीआई जैसी रणनीतियों ने बच्चों के बीमार होने पर त्वरित और प्रभावी उपचार सुनिश्चित किया।




कृति जैन
लेखिका


यदि क्षेत्रीय दृष्टिकोण से देखा जाए, तो दक्षिण एशिया में भी भारत की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही है। वर्ष 2000 में जहां इस क्षेत्र की बाल मृत्यु दर 92 प्रति 1000 थी, वह 2024 तक घटकर 32 रह गई, जिसमें भारत का योगदान प्रमुख रहा है। वैश्विक स्तर पर भी भारत की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय कमी आई है। यह दिखाता है कि एक विकासशील देश भी सुनियोजित प्रयासों से विश्व स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। जमीनी स्तर पर इन उपलब्धियों का असर साफ दिखाई देता है। हालांकि इस सफलता के बावजूद चुनौतियां पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं। वैश्विक स्तर पर अभी भी लाखों बच्चों की मृत्यु हो रही है और भारत के कुछ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र ने भी सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रयासों की गति बनाए रखने पर जोर दिया है। भारत की यह यात्रा केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है। यह दुनिया को सिखाती है कि यदि नीतियां समावेशी हों और प्रयास निरंतर हों, तो बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## जहांआरा के सपनों में आई थीं मां बाल सुंदरी

औरंगजेब की बहन जहांआरा का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा था। औरंगजेब ने बड़े-बड़े वैद्य और हकीमों को बुलाया, लेकिन उसकी बहन पर दवाओं का कोई असर नहीं हुआ। कुछ दिनों बाद औरंगजेब की बहन के सपने में मां बाल सुंदरी ने बाल रूप में दर्शन दिए। मां ने सपने में आकर कहा कि उसका भाई औरंगजेब मंदिर का जीर्णोद्धार कराए, तो वह पूरी तरह से स्वस्थ हो जाएगी। अगले दिन यह बात जहांआरा ने औरंगजेब को बताई, जिसके बाद औरंगजेब ने तुरंत मंदिर के लिए अपने श्रमिक भेजकर मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। मंदिर के ऊपर बनी मस्जिद नुमा आकृति एवं तीन गुंबद इस बात को प्रमाणित करते हैं।

# शक्तिपीठों में से एक मां बाल सुंदरी

ऊधम सिंह नगर के काशीपुर में कुंडेश्वरी मार्ग पर मां बाल सुंदरी मंदिर स्थित है। यह 52 शक्तिपीठों में से एक है। माता का यह नाम उनके द्वारा बाल रूप में की गई लीलाओं की वजह से पड़ा है। इसे पूर्व में उज्जैनी एवं उनकी शक्तिपीठ के नाम से भी जाना जाता था। यहां प्रतिवर्ष चैत्र मास की नवरात्र में चैती मेले का आयोजन किया जाता है। धार्मिक एवं पौराणिक काल में इसे गोविषाण नाम से भी जाना जाता था। महाभारत काल का इतिहास समेटे काशीपुर में मुगल शासक औरंगजेब जैसे मूर्तिभंजक शासक को नतमस्तक होना पड़ा था। यहां उज्जैनी शक्तिपीठ के नाम से प्रसिद्ध मां भगवती बाल सुंदरी का मंदिर शक्तिपीठ भी माना जाता है। किवदंतियां हैं कि औरंगजेब की बहन का स्वास्थ्य खराब हुआ, तो मां बाल सुंदरी ने उनकी बहन को सपने में दर्शन दिए। तब उन्होंने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया।







कुंदन बिष्ट
काशीपुर

### मंदिर में गिरी थी माता सती की बायीं भुजा

मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री ने बताया कि चैती परिसर में भगवान विष्णु द्वारा सुदर्शन चक्र से माता सती के अंगों को काट दिए जाने के बाद माता की बायीं भुजा यहां गिरी थी। तब यहां माता की कोई मूर्ति नहीं, बल्कि एक शिला पर उनकी बायीं भुजा की आकृति गढ़ी हुई है, जिसकी श्रद्धालु पूजा करते हैं।

### अष्टमी से उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़

मुख्य पंडा विकास बताते हैं कि शाक्य संप्रदाय से संबंधित अधिकांश मंदिरों में नवरात्रि में मेले लगते हैं। इसी तरह मां बाल सुंदरी मंदिर भी नवरात्र में अष्टमी, नवमी व दशमी के दिन श्रद्धालुओं की भारी संख्या मंद भीड़ उमड़ती है। माता पक्काकोट मंदिर से सप्तमी की अर्धरात्रि को पहुंचती हैं।

### मंदिर परिसर में स्थित है खोखला कदंब वृक्ष

लोक मान्यता अनुसार जो लोग इस मंदिर के वर्तमान पंडा है, उनके पूर्वज मुगलों के समय से यहां आए थे, तभी से मां बाल सुंदरी मंदिर में पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। इस मंदिर परिसर में एक कदंब वट, पीपल आदि के पेड़ स्थित हैं। कदंब का तना और पतली टहनी तक सब खोखला है। पंडा पेड़ के संबंध में मान्यता बताते हैं कि एक बार एक महात्मा आए उन्होंने मंदिर के पंडा को शक्ति दिखाने को कहा, तो पंडा ने कदंब के पेड़ पर सरसों मारी तो पेड़ तुरंत सूख गया। उन्होंने फिर उसे हरा करने को कहा, तो पंडा ने पानी छिड़का, इसके बाद पेड़ हरा हो गया, लेकिन पेड़ खोखला रह गया।



### बुक्सा जनजाति की कुलदेवी

आदि शक्ति की बाल रूप में पूजा होने के कारण ही इसे बाल सुंदरी कहा जाता है। मां बाल सुंदरी बुक्सा समाज की कुलदेवी है। आज भी बुक्सा समाज के लोग वर्ष में एक बार माता की विधिवत पूजा करने आते हैं और जागरण व भंडारे का आयोजन करते हैं। बताया कि गदरपुर, बाजपुर और रामनगर में बुक्सा समाज के लोग रह रहे हैं। माघ से फाल्गुन तक इन गांव के प्रत्येक घर में चिरागी (पूजा) कर उठावनी होती है। बुक्सा समाज के लोग चैत्र नवरात्र में अष्टमी, नवमी, दशमी पर पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

### समय के साथ मंदिर का किया जा रहा जीर्णोद्धार

जैसे-जैसे समय गुजरता गया मंदिर का भी जीर्णोद्धार होता रहा। आज मंदिर का स्वरूप काफी हद तक बदल गया है। मुख्य पंडा विकास के मुताबिक इस बार श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर परिसर में यात्रियों की सुविधा के लिए दो नए यात्री निवास बनाए गए हैं, जहां श्रद्धालु नि:शुल्क ठहर सकेंगे। इन यात्री निवासों में पंखों सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही मुंडन संस्कार के लिए एक बड़ा हॉल भी तैयार किया जा रहा है ताकि छोटे बच्चों और उनके परिवारों को भीड़भाड़ से अलग व्यवस्थित स्थान मिल सके। इसके साथ मंदिर के दक्षिण द्वार के पास श्रद्धालुओं के लिए एक नया प्याऊ बनाया जा रहा है। इसके लिए करीब 300 फुट गहरा बोर कराया गया है।

**बंटवारे के बाद बची कम भूमि :** भूमि बंटवारे के बाद चैती मंदिर में लगने वाले मेले के लिए अब पहले से कम भूमि बची है। खासतौर पर जिस स्थान पर नखासा बाजार लगता था। वहां लगभग कई निर्माण हो चुके हैं।

### मेले में बरेली और झारखंड की मशहूर है लाठी

चैती मेले में एक दशक पूर्व तक लाठी-डंडों का बाजार खासा प्रसिद्ध था। लोग सालभर इसका इंतजार करते थे। खासतौर पर बरेली और झारखंड की लाठियां मशहूर थीं। लाठी कारोबारी वहां से लाठी थोक में लेकर आते थे।

### वर्ष 2018 से मेले का आयोजन करा रहा प्रशासन

वर्ष 2018 से पूर्व मंदिर के पंडाओं द्वारा मेले का आयोजन किया जाता था, लेकिन वर्ष 2018 के बाद प्रशासन मेले का आयोजन कर रहा है। हालांकि मेले का आयोजन कौन करेगा इसका वाद हाईकोर्ट में अभी भी विचाराधीन चल रहा है, लेकिन प्रशासन के मेला आयोजन करने के बाद दुकानदारों को मेले में दुकाने लेने के लिए भारी कीमतें चुकानी पड़ रही है।

### 12 वां उप ज्योतिर्लिंग

चैती मैदान परिसर में ही महाभारत कालीन मोटेश्वर महादेव मंदिर का शिवलिंग 12 वां उप ज्योतिर्लिंग है। शिवलिंग की मोटाई अधिक होने के कारण यह मोटेश्वर महादेव मंदिर के नाम से विख्यात है। स्कंद पुराण में भगवान शिव ने कहा कि जो भक्त कांवड़ कंधे पर रखकर हरिद्वार से गंगा जल लाकर यहां चढ़ाएगा उसे मोक्ष मिलेगा।



### हाईकोर्ट के बाद बलि प्रथा पर लगी रोक

चैती मेला में मां बाल सुंदरी से मन्नतें मांगने वाले लोग मन्नत पूरी होने पर बकरों की बलि देते थे, लेकिन वर्ष 2009 में उत्तराखंड हाईकोर्ट द्वारा बलि प्रथा पर रोक लगाने के बाद मंदिर में बलि प्रथा पर पूरी तरह रोक लगा दी गई। हालांकि लोग आज भी मन्नतें पूरी होने पर बकरे लाते हैं, लेकिन उन्हें छोड़ जाते हैं।

### डाकू सुल्ताना से लेकर फुलन देवी तक आते थे नखासा बाजार में घोड़े खरीदने



चैती मेले में लगे आ रहे नखासा बाजार का भी अपना इतिहास है। मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री के मुताबिक पंडा परिवार नौ पीढ़ियों से भी अधिक माता की सेवा करता आ रहा है। इस दौरान लगने वाले चैती मेले में नखासा बाजार भी लगता था। जहां राजस्थान, गुजरात समेत यूपी के अन्य जगहों से घोड़ों की कई तरह की नस्ल बेचने को लाई जाती थीं। पंडा अग्निहोत्री ने बताया कि नखासा बाजार में मशहूर डाकू सुल्ताना और फूलन देवी भी घोड़े खरीदने आया करते थे।

---

**जॉब का पहला दिन**

## सीखने के सफर की शुरुआत

मेरी नौकरी का पहला दिन मेरे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण और यादगार दिनों में से एक था। उस दिन मेरे भीतर उत्साह, जिज्ञासा और हल्की घबराहट तीनों का अनोखा मिश्रण था। जब मैं पहली बार ऑफिस पहुंची, तो सब कुछ नया और अलग-सा लगा। लोगों की तेज चाल, कंप्यूटर की लगातार चलती आवाजें और हर किसी का अपने काम में डूबा होना। यह सब मेरे लिए एक नया अनुभव था।



भावना
हल्द्वानी

पहली बार किसी न्यूज रूम में मौजूद होना अपने आप में रोमांचक था। वहां का माहौल बेहद तेज और व्यस्त था, जहां हर खबर को समय पर और सटीक तरीके से तैयार करना सबसे बड़ी प्राथमिकता होती है। मुझे शुरुआत में यह समझने में थोड़ी कठिनाई हुई कि किस तरह हर व्यक्ति बिना समय गंवाए अपने-अपने काम में जुटा रहता है, लेकिन धीरे-धीरे मैं उस वातावरण को महसूस करने लगी। पहले ही दिन मुझे खबरें लिखने, तथ्यों की पुष्टि करने और उन्हें सही ढंग से प्रस्तुत करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। यह सब मेरे लिए बिल्कुल नया था। कभी जानकारी अधूरी मिलती, तो कभी समय की कमी के कारण उसे जल्दी से संकलित करना पड़ता। ऐसे में कई बार लगा कि यह काम मेरी अपेक्षा से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है, लेकिन मैंने इसे एक अवसर के रूप में लिया और हर कठिनाई को सीखने का जरिया बनाया। दिनभर के काम के दौरान कई बार ऐसा महसूस हुआ कि समय बहुत तेजी से भाग रहा है और मैं उसे पकड़ने की कोशिश कर रही हूं। फिर भी, मैंने खुद को संभाला और हर कार्य को समझने की पूरी कोशिश की। वरिष्ठों का मार्गदर्शन और सहयोग भी मुझे लगातार मिलता रहा, जिसने मेरे आत्मविश्वास को बढ़ाया।

इस पहले दिन ने मुझे सिखाया कि पत्रकारिता केवल खबर लिखने का काम नहीं है, बल्कि यह जिम्मेदारी, सतर्कता और धैर्य की परीक्षा भी है। सही निर्णय लेना और हर जानकारी को परखना इस क्षेत्र की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

दिन के अंत में जब मैंने अपने काम को पूरा किया, तो एक अलग ही संतोष की अनुभूति हुई। थकान के बावजूद मन में खुशी थी कि मैंने एक नए सफर की शुरुआत कर ली है। यह पहला दिन मेरे लिए न केवल एक अनुभव था, बल्कि एक प्रेरणा भी, जो आगे बढ़ने की राह दिखाता रहेगा।




---

## नारी शक्ति की सशक्त मिसाल अंजू

नवरात्र का पावन पर्व शक्ति, साहस और समर्पण की आराधना का प्रतीक है। इसी भाव को साकार करती हुईं डॉ. अंजू चौहान आज के दौर में नारी शक्ति की जीवंत मिसाल बनकर उभरी हैं। अपने ज्ञान, मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र और देश का नाम रोशन किया है। डॉ. अंजू चौहान की सफलता की कहानी उनकी प्रारंभिक शिक्षा से ही शुरू हो जाती है। उनकी प्राथमिक व इंटरमीडिएट तक की शिक्षा पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बाजपुर में हुई। बचपन से ही वह पढ़ाई में बेहद मेधावी रहीं और हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती थीं। विद्यालय स्तर पर ही उनकी प्रतिभा और लगन ने यह संकेत दे दिया था कि वह भविष्य में कुछ बड़ा हासिल करेंगी। शैक्षिक वातावरण उन्हें विरासत में मिला। वह राजकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय, रेहटा के प्रधानाचार्य धूम बहादुर चौहान की पुत्री हैं, जिसके कारण शिक्षा और अनुशासन उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा। परिवार से मिले संस्कार और मार्गदर्शन ने उनके व्यक्तित्व को मजबूत आधार प्रदान किया। आगे चलकर उन्होंने डेटा साइंस में मानद डॉक्टरेट (केनेडी यूनिवर्सिटी ग्लोबल अवार्ड) प्राप्त कर एक नई पहचान बनाई। वह एक राष्ट्रीय बैंक में लाइफ फाइनेंशियल कंसल्टेंट, मनोवैज्ञानिक और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा परामर्शदाता के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। उनके कार्यों ने समाज के विभिन्न वर्गों को नई दिशा और प्रेरणा दी है।

### नवरात्र और नारी शक्ति का साकार रूप

नवरात्र में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा होती है, जो शक्ति, ज्ञान और करुणा के प्रतीक हैं। डॉ. चौहान का जीवन भी इन्हीं गुणों का प्रतिबिंब है। उन्होंने अपने ज्ञान से समाज को सशक्त किया और अपने कार्यों से यह साबित किया कि नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है।

### सम्मानों से सजी उपलब्धियां

डॉ. अंजू चौहान को देश रत्न पुरस्कार 2025, अदम्य नारी रत्न पुरस्कार 2025, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम राष्ट्रीय विशिष्ट पुरस्कार 2025, पीएम मोदी विजन ऑफ इंडिया 2025, राष्ट्रीय प्रतिभा पुरस्कार 2025 सहित कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा जा चुका है। यह सभी सम्मान उनके उत्कृष्ट कार्यों और राष्ट्र के प्रति समर्पण को दर्शाते हैं।

### युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत

डॉ. चौहान की यात्रा यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। वह आज के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए एक प्रेरणास्रोत हैं, जो अपने सपनों को साकार करना चाहती हैं।

*-जीवन सिंह सैनी, बाजपुर*

### नवरात्र का संदेश

नवरात्र हमें यह सिखाता है कि हर नारी में अद्भुत शक्ति निहित होती है। डॉ. अंजू चौहान इस सत्य का सजीव उदाहरण हैं, जिन्होंने अपने परिश्रम और समर्पण से यह सिद्ध कर दिया कि नारी शक्ति असीमित है। इस नवरात्र, हमें भी डॉ. अंजू चौहान जैसी प्रेरणादायी शख्सियतों से प्रेरणा लेकर अपने भीतर की शक्ति को पहचानना और समाज व राष्ट्र के उत्थान में योगदान देना चाहिए।




---

# 'परछाइयां': साहिर लुधियानवी की सृजन स्थली



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

मुंबई कभी रुकती नहीं। यह शहर मानो समय की धड़कन पर दौड़ता रहता है- दिन-रात, बिना ठहरे, बिना थके। सड़कों पर भागती कारें, देर रात तक जगती रोशनियां और काम में डूबे लोग इस शहर की पहचान हैं, लेकिन जब आप जूहू की तरफ मुड़ते हैं और अरब सागर के किनारे पहुंचते हैं, तो अचानक सब कुछ बदल जाता है। शहर का शोर पीछे छूट जाता है। हवा में एक धीमी नमी है और लहरें एक अनवरत संगीत रचती रहती हैं। इसी शांत इलाके में छिपा है वह घर, जहां मशहूर शायर साहिर लुधियानवी ने अपने जीवन का लंबा और रचनात्मक समय बिताया। उस घर का नाम है- 'परछाइयां'।



**'परछाइयां' की तलाश में-** रास्ते में कई लोगों से पूछते हैं। कोई कंधे उचकाकर कहता है-'पता नहीं।' कोई मुस्कराकर आगे बढ़ जाता है, लेकिन जिद है उस घर को देखने की, जहां साहिर ने अनेक कालजयी गीत और गजलें लिखीं। दीवारों को छूने की, उन कमरों की हवा में सांस लेने की। चलते रहते हैं, गलियों से गुजरते हैं। अजीब संयोग जैसे ही पूछना छोड़ देते हैं, रास्ता खुद खुल जाता है। अचानक एक बड़े, सलेटी रंग के शांत बंगले की नेमप्लेट पर नजर ठहर जाती है। काले अक्षरों में रोमन लिपि में लिखा है- 'परछाइयां'।

'परछाइयां' अर्थात साये। यह नाम पढ़ते ही साहिर की कई पंक्तियां जेहन में उभर आती हैं। उनकी शायरी में गहरी उदासी थी, पर वह उदासी निराशा नहीं, बल्कि संवेदना की रोशनी थी। यह बंगला लगभग पांच सौ वर्ग गज में फैला है। मुंबई में रहने वाले वास्तु विशेषज्ञ डॉ. जेपी शर्मा लाल धागेवाले साहिर साहब के बंगले को गुजरे कई दशकों को देख रहे हैं। वे बताते हैं कि "इसकी बालकनियों से कभी अरब सागर साफ दिखता होगा। ऊपर की मंजिलों में साहिर अपनी मां के साथ रहते थे। शाम ढलती, समुद्र से ठंडी हवा आती और कमरों में किताबों, कागजों और स्याही की हल्की गंध फैल जाती। यही वह जगह थी, जहां रातें जागती थीं और शब्द धीरे-धीरे कविता का रूप ले लेते थे।"




**सृजन का माहौल और अमर गीत :** इस घर के दरवाजे दोस्तों के लिए हमेशा खुले रहते थे। फिल्मकार, संगीतकार, कवि और शायर यहां आया करते। कोई धुन गुनगुनाता, कोई राजनीति पर बहस छेड़ देता, तो कोई नई कविता सुनाता। साहिर चुपचाप सुनते, फिर अचानक एक पंक्ति कहते और कमरे में सन्नाटा छा जाता, क्योंकि वह पंक्ति सीधे दिल में उतरती थी। इसी माहौल में कई अमर फिल्मी गीत जन्मे। जैसे 'उड़ें जब जब जुल्फें तेरी' (फिल्मः नौटंकी), जो प्रेम की मस्ती को बयां करता है, या 'तुमसा नहीं देखा' (फिल्मः तुमसा नहीं देखा), जिसमें साहिर की रोमांटिक संवेदना झलकती है। उनकी पंक्तियां आदर्शों की टूटन, समाज की विडंबना और प्रेम की कोमलता को एक साथ बोलती थीं। उनकी कलम विरोध भी करती थी और इंसानियत की लौ बचाए रखती थी। फिल्म प्यासा के 'ये दुनिया अगर मिल भी जाए तो क्या है' जैसे गीत इसी घर की दीवारों में गूंजे होंगे, जहां सामाजिक अन्याय पर उनकी तीखी टिप्पणियां शब्दों में ढलती थीं। या 'अभी न जाओ छोड़कर' (फिल्मः हम दोनों), जो प्रेम की उदासी और बेचैनी को इतनी गहराई से व्यक्त करता है कि सुनकर दिल भर आता है।

**मां के प्रति समर्पण और व्यक्तिगत जीवन :** साहिर का निजी संसार भी इसी घर में बसता था। उन्होंने विवाह नहीं किया। उनकी सबसे बड़ी ताकत उनकी मां सरदार बेगम थीं। कहा जाता है कि किसी भी बड़ी चर्चा या निर्णय से पहले वे मां की राय अवश्य सुनते थे। मेहमान बैठे हों, बहस चल रही हो- वे उठकर मां के कमरे में जाते और पूछते, 'आप क्या सोचती हैं?' मां के प्रति यह सम्मान उनके व्यक्तित्व की कोमलता को उजागर करता है। जब 1976 में उनकी मां का निधन हुआ, तो साहिर भीतर से खाली हो गए। चार वर्ष बाद, 25 अक्टूबर 1980 को दिल का दौरा पड़ने से उनका जीवन थम गया।

### खामोशी और विरासत

साहिर के जाने के बाद 'परछाइयां' पर लंबी खामोशी छा गई। कभी जिन कमरों में संगीत और कविता की गूंज रहती थी, वहां सन्नाटा बस गया। विरासत को लेकर विवाद हुए, विशाल लाइब्रेरी बिखर गई। कुछ पांडुलिपियां संयोग से मिलीं, जिन्हें चाहने वालों ने सहेज लिया। आज यह बंगला थोड़ा थका हुआ खड़ा है, जैसे समय की धूल उस पर जम गई हो। फिर भी दीवारें उन शब्दों की आहट संभाले हुए हैं। नेमप्लेट पर लिखे 'परछाइयां' को छूते हुए लगता है कि सच्ची कविता दीवारों में नहीं, लोगों की स्मृतियों में रहती है। शायद इसलिए यह घर आज भी एक स्मारक की तरह खड़ा है, याद दिलाता हुआ कि एक शायर की सच्ची विरासत उसकी कविताएं और लोगों के दिल होते हैं। जब शब्द दिल से निकले हों, तो वे मुंबई की भीड़ में भी कभी खोते नहीं।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,532.96 | 23,114.50 |
| बढ़त | 325.72 | 112.35 |
| प्रतिशत में | 0.44 | 0.49 |

सोना 1,52,650 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,40,500 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, शनिवार, 21 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### रिजर्व बैंक करेगा एक लाख करोड़ रुपये की वीआरआर नीलामी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक 23 मार्च को एक लाख करोड़ रुपये की एक दिन के लिए परिवर्तनीय रेपो दर (वीआरआर) नीलामी का आयोजन करेगा। केंद्रीय बैंक के अनुसार, यह नीलामी सुबह साढ़े नौ बजे से 10:00 बजे के बीच होगी और इन निधियों की वापसी 24 मार्च को होगी। आरबीआई ने वर्तमान और बदलती बैंकिंग प्रणाली की मजबूत स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह नीलामी आयोजित करने की घोषणा की है। वर्तमान में, बैंकिंग प्रणाली में अनुमानित तरलता लगभग 16,875.36 करोड़ रुपये के अधिशेष में है।

### टाटा स्टील ने पंजाब में शुरू की 3,200 करोड़ रुपये की परियोजना

**लुधियाना/नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को टाटा स्टील के अत्याधुनिक 'इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस' संयंत्र का उद्घाटन किया। करीब 3,200 करोड़ रुपये के निवेश वाली यह इकाई पूरी तरह इस्पात कबाड़ पर आधारित है। टाटा स्टील के अनुसार, 7.5 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता वाली इस इकाई में कार्बन उत्सर्जन प्रति टन इस्पात पर 0.3 टन से भी कम होगा। कंपनी ने इस संयंत्र को पर्यावरण के अनुकूल इस्पात निर्माण की दिशा में मील का पत्थर बताया है।

### लघु वित्त संस्थानों के लिए 20,000 करोड़ रुपये की ऋण गारंटी

**मुंबई।** सरकार ने सूक्ष्म वित्त संस्थानों को सहायता देने के लिए सीमित अवधि के लिए 20,000 करोड़ रुपये की ऋण गारंटी योजना को मंजूरी दी। ये संस्थान पिछले कुछ समय से धन जुटाने में आ रही कठिनाइयों की शिकायत कर रहे थे। सार्वजनिक क्षेत्र की राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी ने कहा कि सूक्ष्म वित्त संस्थानों के लिए ऋण गारंटी योजना 2.0 के तहत सदस्य ऋणदाता संस्थानों ने जून के अंत तक दिए ऋण शामिल किए जाएंगे।

# तेल की आपूर्ति पर दबाव कम करने के लिए लागू करें वर्क फ्रॉम होम, हवाई यात्रा घटाएं

## ईरान युद्ध से पैदा हुए संकट को कम करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने सुझाए उपाय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने पश्चिम एशिया में व्यवधान के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति पर पड़ रहे दबाव के प्रभाव को कम करने के लिए दुनिया भर में घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) और हवाई यात्रा घटाने जैसे कदम उठाने का सुझाव दिया है।

अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर हमले और तेहरान की व्यापक जवाबी कार्रवाई के बाद तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से काफी ऊपर पहुंच गईं। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है और उसके लिए वैश्विक कीमतों में यह उछाल बड़ा व्यापक आर्थिक जोखिम उत्पन्न करता है और चालू खाते के घाटे को बढ़ाता है। इसके साथ रुपये पर दबाव डालता है और घरों व व्यवसायों के लिए ईंधन लागत भी बढ़ाता है। पिछले दिनों देश में रसोई गैस एलपीजी के दाम 60 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ाए गए थे। अब प्रीमियम पेट्रोल और औद्योगिक डीजल के दामों में भी वृद्धि की गई है। इस



बीच आईईए ने अपनी नई रिपोर्ट में पश्चिम एशिया के संघर्ष के कारण आपूर्ति बाधा को वैश्विक तेल बाजार के इतिहास में सबसे बड़ा संकट करार दिया है क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है।

आम तौर पर हर दिन करीब 1.5 करोड़ बैरल कच्चा तेल और 50 लाख बैरल तेल उत्पाद इस जलडमरूमध्य से गुजरते थे, जो वैश्विक तेल खपत का लगभग 20 प्रतिशत है। भारत का कच्चे तेल का आधा आयात, 40 प्रतिशत गैस आयात और 85-90 प्रतिशत एलपीजी की आपूर्ति इसी मार्ग से होती थी। आईईए ने कहा, यह प्रवाह बहुत कम रह गया है। आपूर्ति में कमी का वैश्विक बाजारों पर बड़ा असर पड़ रहा है, जिससे कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई हैं और डीजल, विमान ईंधन तथा एलपीजी जैसे कुछ परिष्कृत उत्पाद की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। आईईए ने कहा कि ऊंची कीमतों के घरों, व्यवसायों तथा व्यापक अर्थव्यवस्था पर असर को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। इसी को देखते हुए सरकारों, व्यवसायों एवं लोगों को ईंधन खपत घटाने और कीमतों के दबाव को कम करने के लिए कदम उठाने का सुझाव दिया गया है।

### ईंधन खपत घटाने को सुझाए 10 कदम


मुख्य उपायों में आवागमन के लिए ईंधन खपत कम करने, घर से काम (वर्क फ्रॉम होम/रिमोट वर्क) के लिए दूरस्थ कार्य को बढ़ावा देना, राजमार्गों पर गति सीमा कम से कम 10 किमी प्रति घंटा घटाना, सार्वजनिक परिवहन एवं साझा वाहन उपयोग को प्रोत्साहित करना तथा बड़े शहरों में निजी वाहनों की आवाजाही सीमित करना शामिल है। अन्य उपायों में वाहन चलाने की दक्षता बढ़ाना, व्यावसायिक हवाई यात्राएं कम करना, गैरजरूरी उपयोग में एलपीजी के विकल्प अपनाना और औद्योगिक ईंधन दक्षता बढ़ाना शामिल है।

### इन कोशिशों से इन नतीजों की उम्मीद

- आईईए ने कहा, राष्ट्रीय स्तर पर जिन कामों में संभव हो, सप्ताह में तीन अतिरिक्त दिन घर से काम करने से कारों से तेल खपत में दो से छह प्रतिशत की कमी आ सकती है, जबकि व्यक्तिगत चालकों के लिए औसतन करीब 20 प्रतिशत तक कमी संभव है।
- राजमार्गों पर गति सीमा 10 किमी घंटा कम करने से व्यक्तिगत चालक की तेल खपत पांच से 10 प्रतिशत और निजी कारों की खपत एक से छह प्रतिशत तक घट सकती है। मालवाहक ट्रकों में भी कम गति के कारण पांच प्रतिशत बचत हो सकती है।
- निजी कारों से यात्रा कम कर सार्वजनिक अपनाने से कारों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तेल खपत एक से तीन प्रतिशत तक घट सकती है। व्यावसायिक हवाई यात्राओं में 40 प्रतिशत कमी संभव है, इससे विमान ईंधन की मांग सात से 15 प्रतिशत तक घट सकती है।
- आईईए ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से आवागमन बहाल करना बाजार को स्थिर करने के लिए महत्वपूर्ण है। इस बीच, सदस्य देशों ने आपात भंडार से 40 करोड़ बैरल तेल जारी किया है जो एजेंसी के इतिहास में सबसे अधिक है।

## भारत में सरकार का लॉजिस्टिक्स प्रणाली में सुधार और लागत कम करने पर जोर

**नई दिल्ली।** सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने के मद्देनजर देश की लॉजिस्टिक्स प्रणाली एवं उसकी लागत में सुधार पर जोर दिया है।



अधिकारियों ने बताया कि भारत की लॉजिस्टिक्स प्रणाली अब संरचनात्मक बदलाव के दौर में प्रवेश कर चुकी है जिसे समन्वित नीतिगत सुधार, संस्थागत पुनर्संरचना, डिजिटल मंचों एवं बड़े पैमाने पर अवसंरचना योजना से गति मिली है। इन प्रयासों का उद्देश्य लंबे समय से जारी चुनौतियों जैसे विखंडित योजना, विभिन्न प्रणालियों की अक्षमताएं, आपूर्ति श्रृंखला में सीमित पारदर्शिता एवं उच्च लॉजिस्टिक्स लागत को दूर करना है। आधिकारिक अध्ययन के अनुसार, भारत में लॉजिस्टिक्स लागत जीडीपी का 7.97 प्रतिशत है, जो कुल मिलाकर लगभग 24.01 लाख करोड़ रुपये बैठती है।

अधिकारियों ने बताया कि भारत के लॉजिस्टिक्स सुधार आपस में जुड़े नीतिगत उपायों, डिजिटल मंचों एवं अवसंरचना पहलों पर आधारित हैं। इनका उद्देश्य दक्षता बढ़ाना, लागत घटाना तथा आपूर्ति श्रृंखला के एकीकरण को मजबूत करना है।

### पश्चिम एशिया संघर्ष से कीटनाशक की लागत में हो सकती है 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि: क्रॉपलाइफ

- गुणवत्ता के साथ देश में उपज भी हो सकती है प्रभावित

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष भारत के फसल सुरक्षा उद्योग के लिए लागत में 20 से 25 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि कर सकता है। क्रॉपलाइफ इंडिया ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि प्रमुख समुद्री मार्गों में व्यवधान के कारण महत्वपूर्ण कृषि सत्र के दौरान जरूरी कीटनाशकों की कमी हो सकती है, जिससे पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। क्रॉपलाइफ इंडिया के चेयरमैन अंकुर अग्रवाल ने कहा, इन व्यवधानों के कारण एक महत्वपूर्ण कृषि सत्र के दौरान कुछ फसल सुरक्षा उत्पादों की कमी हो सकती है, जिससे उपज और उत्पाद की गुणवत्ता प्रभावित होगी। उद्योग पहले से ही संयंत्रों में कम क्षमता उपयोग के लिए तैयार है, जिसका कमाई और रोजगार पर व्यापक असर पड़ेगा। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इससे प्रभावित होंगे।

# देश में एलपीजी संकट बरकरार

**नई दिल्ली।** देश में एलपीजी की आपूर्ति में कमी शुक्रवार को लगातार तीसरे सप्ताह भी जारी रही। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण कच्चे माल की आपूर्ति में बाधा बनी रहने से होटल सहित व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति प्रतिबंध जारी हैं। हालांकि सिलेंडर भरवाने को लेकर बुकिंग में कुछ कमी आई है।

ईरान युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया है, जो एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। इसके जरिए भारत अपने आयात का 60 प्रतिशत प्राप्त

**व्यवसायों को नहीं मिल पा रही गैस**

करता है। इतनी बड़ी मात्रा में आपूर्ति अचानक बंद होने से सरकार ने घरेलू रसोई के लिए आपूर्ति को प्राथमिकता दी है। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को आपूर्ति शुरू में पूरी तरह रोक दी गई थी लेकिन बाद में उनकी जरूरत का पांचवां हिस्सा बहाल किया गया। इससे घरेलू उपभोक्ताओं में घबराहट में सिलेंडर बुक करवाना शुरू कर दिया क्योंकि उन्हें इसकी उपलब्धता सीमित होने का डर था।



प्रयागराज में एलपीजी सिलेंडर के लिए बारिश में इंतजार करता युवक।

### आरबीआई ने आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा की

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल ने शुक्रवार को दुनिया के मौजूदा हालात और उनसे घरेलू बाजार पर पड़ने वाले असर की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान बदलते अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों और वित्तीय बाजारों पर उनके प्रभाव के साथ-साथ संबंधित चुनौतियों का आकलन किया गया। आरबीआई के बोर्ड की 622वीं बैठक शुक्रवार को पटना में गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में हुई।

### मुनाफाखोरी के लिए सरकार ने बढ़ाए पेट्रोल के दाम, ये जनता के साथ अन्याय : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी ने प्रीमियम पेट्रोल के 2.35 रुपये प्रति लीटर तक महंगा होने पर सरकार की आलोचना करते हुए उस पर मुनाफा कमाने का आरोप लगाया है। तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए शुक्रवार को की गई पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि को मुनाफाखोरी और अवसरवादिता करार दिया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 110 से 120 डालर के बीच होने के बावजूद सरकार की ओर से प्रीमियम पेट्रोल पर प्रति लीटर दो रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी जनता के साथ अन्याय है। तिवारी ने सवाल उठाया कि अगर यही काम कोई डीलर करता तो उसे मुनाफाखोर और अवसरवादी कहा जाता लेकिन केंद्र सरकार ने जानबूझकर मुनाफाखोरी करते हुए यह फैसला लिया है।

# आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन की वृद्धि दर घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन में फरवरी में सालाना 2.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो तीन महीने का निचला स्तर है। पिछले साल फरवरी में आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 3.4 प्रतिशत और इस साल जनवरी में 4.7 प्रतिशत बढ़ा था।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों में सीमेंट और इस्पात उत्पादन में बड़ी वृद्धि देखी गई है, जबकि कच्चे तेल और



- फरवरी में हुई 2.3 प्रतिशत वृद्धि जनवरी में बढ़ी थी 4.7 प्रतिशत

प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट रही। एक साल पहले की तुलना में फरवरी में सीमेंट का उत्पादन 9.3 प्रतिशत और इस्पात का 7.2 प्रतिशत बढ़ गया। उर्वरक उत्पादन में 3.4 फीसदी और कोयला उत्पादन में 2.3 प्रतिशत की वृद्धि रही। बिजली उत्पादन 0.5 प्रतिशत बढ़ा। कच्चे तेल के उत्पादन में 5.2 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में पांच प्रतिशत की गिरावट रही।

रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में अप्रैल से फरवरी के बीच औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 2.9 प्रतिशत रही है। पिछले वित्त वर्ष में इसी अवधि में यह आंकड़ा 4.4 प्रतिशत रहा था। इस्पात उत्पादन 9.7 प्रतिशत और सीमेंट उत्पादन 9.2 प्रतिशत बढ़ा। पहले 11 महीने में उर्वरक उत्पादन में दो प्रतिशत और बिजली में 0.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। प्राकृतिक गैस के उत्पादन में 3.5 प्रतिशत और कच्चे तेल में 2.5 प्रतिशत की गिरावट रही। रिफाइनरी उत्पादों में 0.1 प्रतिशत की वृद्धि रही। कोयला उत्पादन वित्त वर्ष में अब तक स्थिर रहा है।

## अवैध जुए, सट्टेबाजी पर कार्रवाई 300 वेबसाइट और एप ब्लॉक

**नई दिल्ली।** सरकार ने अवैध जुए और सट्टेबाजी की वेबसाइट के खिलाफ एक बड़े अभियान के तहत ऐसी 300 वेबसाइट और एप्लीकेशन को ब्लॉक कर दिया है।

ब्लॉक की गई वेबसाइट और एप ऑनलाइन स्पोर्ट्स सट्टेबाजी मंच, ऑनलाइन कैसीनो और सट्टा बाजारों की तरह काम करने वाले बेटिंग एक्सचेंज से संबंधित हैं। सूत्रों ने बताया कि सट्टा/मटका जुआ नेटवर्क और रियल-मनी कार्ड एवं कैसीनो गेम एप पर भी कार्रवाई की गई है। सरकार ने अवैध जुआ और सट्टेबाजी की वेबसाइट पर कड़ा रुख अपनाते हुए ऐसी 300 वेबसाइट और एप्लीकेशन को ब्लॉक कर दिया है। अब तक ऐसी लगभग 8,400 वेबसाइट को ब्लॉक किया जा चुका है, जिनमें से अधिकांश (लगभग 4,900) ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम पारित होने के बाद ब्लॉक की गई हैं।

# पेट्रोल की कीमत बढ़ते ही ठंडी हुई शेयर बाजार की गरमी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में शुक्रवार को गिरावट थमी और बीएसई सेंसेक्स 326 अंक लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 112 अंक चढ़ा। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, सूचना प्रौद्योगिकी और धातु कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई।

- 1,079 अंकों की ली थी उछाल 325 अंकों की बढ़त पर ठहरा

बाजार में एक समय अच्छी बढ़त देखने को मिली लेकिन ईंधन कीमतों में उछाल के कारण महंगाई बढ़ने की आशंका के बीच दोनों मानक सूचकांकों ने बढ़त का बड़ा हिस्सा गंवा दिया। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 325.72 अंक यानी 0.44 प्रतिशत चढ़कर 74,532.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,079.15 अंक यानी 1.45 प्रतिशत उछलकर 75,286.39 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 112.35 अंक यानी 0.49 प्रतिशत बढ़कर 23,114.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 343 अंक यानी 1.49 प्रतिशत चढ़कर 23,345.15 अंक तक पहुंच गया था।



### दिल्ली: चांदी 1,800 रुपये किलो मजबूत, सोना 650 रुपये सस्ता

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक चांदी की कीमत 1,800 रुपये बढ़कर सभी करों सहित 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। बृहस्पतिवार को यह 2,38,700 रुपये थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही। यह 650 रुपये टूटकर सभी करों सहित 1,52,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। पिछले सत्र में सोना 1,53,300 रुपये पर बंद हुआ था।

# इत्र कारोबार पर ईरान युद्ध की मार, ज्यादातर निर्यात ऑर्डर हुए रद्द

**भोपाल, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और तनाव का सीधा असर मध्य प्रदेश के पारंपरिक इत्र कारोबार पर पड़ा है। क्षेत्र में बिगड़ते हालात के कारण न केवल बड़े पैमाने पर निर्यात ऑर्डर रद्द हो रहे हैं, बल्कि इत्र की बोतलों की आपूर्ति और कच्चे माल की उपलब्धता भी बुरी तरह प्रभावित हुई है।

'हाउस ऑफ हेरत परफ्यूम्स' के सैयद मोहम्मद अल्तमश जलाल ने शुक्रवार को कहा, बाजार की स्थिति काफी खराब है। विदेशी ऑर्डर रद्द होने की वजह से हमारे पास स्टॉक जमा हो गया है। आमतौर पर रमजान के महीने में इत्र की मांग बहुत अधिक रहती है, लेकिन इस बार हमें भारी नुकसान की आशंका सता रही है। उन्होंने बताया कि कन्नौज के गुलाब और ऊद जैसे प्राकृतिक इत्र की इस मौसम में विदेशी बाजारों में जबरदस्त मांग रहती है। लेकिन, अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने इस पूरे कारोबार की कमर तोड़ दी है।

जलाल ने बताया कि वे जिन



- रमजान के सीजन में रहती थी भारी मांग, इस बार निर्यात ठप

इकाइयों से इत्र और परफ्यूम खरीदते हैं, उनमें से अधिकांश उत्तर प्रदेश के कन्नौज में स्थित हैं, जो इत्र का प्रमुख केंद्र है। कन्नौज से जुड़े और 'ओरिस्का' ब्रांड के संस्थापक अब्दुल मुगीस फारूकी ने कहा, अगर यह अनिश्चितता लंबे समय तक बनी रहती है, तो मेरे स्टार्टअप पर इसका बुरा असर पड़ेगा। हम अपने नए उत्पादों को बाजार में उतारने के आखिरी चरण में हैं, लेकिन मौजूदा हालात चिंताजनक हैं। इंदौर स्थित 'शिवम फॉर्मुलेशंस' के शैलेन्द्र पाठक ने भी आगाह किया है कि यदि पश्चिम एशिया में स्थिति जल्द सामान्य नहीं हुई, तो कच्चे माल की कमी की समस्या और ज्यादा गहरा सकती है।

### कांच की बोतलों की बढ़ी कीमत भी बनी मुसीबत

जलाल के अनुसार, कारोबारी इस समय कांच की बोतलों की बढ़ती कीमतों से भी परेशान हैं। ये बोतलें गुजरात के कारखानों में बनती हैं, जो ईंधन के लिए एलपीजी पर निर्भर हैं और मौजूदा संकट से इसकी आपूर्ति बुरी तरह बाधित हुई है। उन्होंने कहा कि इत्र के व्यापार में कांच की बोतलें सबसे अहम कड़ी हैं। यदि पश्चिम एशिया में यह तनाव लंबा खिंचा, तो आने वाले दिनों में कारोबार के सामने गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।

## पीएनजी कनेक्शन में तेजी लाने को सड़क मरम्मत शुल्क माफ

**नई दिल्ली।** एनडीएमसी ने पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) के विस्तार के लिए पाइपलाइन बिछाने को लगने वाले सड़क मरम्मत शुल्क को तीन महीने के लिए माफ कर दिया है।

शुक्रवार को जारी एक परिपत्र में यह जानकारी दी गई। नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनएमडीसी) के बयान के अनुसार, यह निर्णय तीन महीने तक प्रभावी रहेगा। उम्मीद है कि इस कदम से इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) द्वारा पीएनजी कनेक्शन देने के काम में तेजी आएगी।

# एस्सार की मेसाबी मेटैलिक्स को 10 अरब डॉलर तक मदद की घोषणा

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका ने मिनेसोटा में एक बड़े खनिज एवं विनिर्माण परियोजना के लिए एस्सार समूह की कंपनी मेसाबी मेटैलिक्स को 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक के समर्थन की घोषणा की है। अमेरिकी निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम) ने यह घोषणा पिछले सप्ताह टोक्यो में आयोजित हिंद-प्रशांत ऊर्जा सुरक्षा मंत्रिस्तरीय एवं व्यापार मंच के दौरान की। एक्जिम की यह घोषणा अमेरिका के ऊर्जा प्रभुत्व को बढ़ाने की ओर कदम है।

एक्जिम ने कहा कि उसके ऋण करीब 30 अरब डॉलर के रणनीतिक समझौतों को आगे बढ़ा रहे हैं जिनका उद्देश्य हिंद-प्रशांत सहयोगियों के साथ

- अमेरिकी निर्यात-आयात बैंक का अपने देश के ऊर्जा प्रभुत्व को बढ़ाने की ओर कदम

मिलकर अमेरिका की आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा को मजबूत करना है। टोक्यो में आयोजित इस मंच में एक्जिम के चेयरमैन जॉन जोवानोविच, वरिष्ठ अधिकारियों सहित आंतरिक मामलों के मंत्री डग बर्गम और पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के प्रशासक ली जेल्डिन उपस्थित थे। एक्जिम ने कहा कि मेसाबी मेटैलिक्स एक एकीकृत लौह अयस्क खनन एवं प्रसंस्करण संयंत्र का निर्माण कर रही है। इसे हर साल 70 लाख टन उच्च गुणवत्ता वाले प्रत्यक्ष अपचयन लौह अयस्क पेलेट्स के उत्पादन के लिए तैयार किया गया है।

### देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट जारी, अब सात अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर पर आया

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 मार्च को समाप्त सप्ताह में 7.05 अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 11.68 अरब डॉलर घटकर 716.81 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 728.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। 13 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 7.68 अरब डॉलर घटकर 555.57 अरब डॉलर रह गईं।



**मुश्किल हुई हवाई यात्रा**

## हवाई क्षेत्रों पर लागू की गई हैं कई पाबंदियां, विमान ईंधन की बढ़ी कीमतों ने भी बढ़ाई चुनौती

# पश्चिम एशिया : उड़ानों में जोखिम के साथ बढ़ी लागत भी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हवाई क्षेत्रों पर अचानक लगी पाबंदियों, विमान ईंधन की ऊंची कीमतों और भारी बीमा राशि के कारण विमानन कंपनियां पश्चिम एशिया में उड़ानें संचालित करने में बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही हैं। क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच विमान सेवाओं में पहले ही कटौती की गई है और अब परिचालन से जुड़ी उलझनें और बढ़ गई हैं।

विमान कंपनियों के अधिकारियों का कहना है कि स्थिति बहुत तेजी से बदल रही है और पश्चिम एशिया के लिए उड़ानें भरने में कई तरह के जोखिम बने हुए हैं। विमानन नियामक



डीजीसीए ने सुरक्षा जांच के आधार पर विमान कंपनियों को क्षेत्र के नौ हवाई क्षेत्रों से बचने और आपात स्थिति के लिए पुख्ता वैकल्पिक योजना तैयार रखने को कहा है। उसने 28 मार्च तक बहरीन, ईरान, इराक, इजराइल, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, कतर और यूएई के हवाई रास्तों का उपयोग न करने को कहा गया है। नियामक ने कहा कि भारतीय विमान कंपनियां कुछ शर्तों के साथ ओमान और सऊदी अरब के हवाई रास्तों का उपयोग कर सकती हैं, लेकिन उन्हें 32,000 फीट से कम ऊंचाई पर उड़ान भरने की अनुमति नहीं होगी।

नौ हवाई क्षेत्रों के संबंध में डीजीसीए ने स्पष्ट किया है कि विमान कंपनियों को प्रभावित क्षेत्र में किसी भी ऊंचाई पर उड़ान भरने से परहेज करना चाहिए। यदि कोई कंपनी उड़ान जारी रखती है तो यह पूरी तरह उसकी जिम्मेदारी और सुरक्षा जोखिम के आकलन पर निर्भर होगा।

### एक फेरे की उड़ान पर 30 लाख से एक करोड़ तक का अतिरिक्त खर्च

अधिकारियों के मुताबिक, युद्ध के कारण बीमा की रकम में भारी उछाल आया है। विमान के आकार के हिसाब से यह अतिरिक्त खर्च 30 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। एक अधिकारी ने बताया कि अब 'युद्ध जोखिम शुल्क' के रूप में छोटे विमान की एक फेरे की उड़ान पर 30-40 लाख रुपये और बड़े विमान पर 90 लाख से एक करोड़ रुपये तक का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। इसके साथ ही, पश्चिम एशिया क्षेत्र में चलने वाले छोटे विमानों के उपयोग में भी काफी कमी आई है। एक अन्य बड़ी चुनौती कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण विमान ईंधन की बढ़ती लागत है।

### यात्रियों पर बढ़ा बोझ

- भारतीय विमान कंपनियों के कुल खर्च में ईंधन का हिस्सा लगभग 40% होता है। बढ़ते बोझ की भरपाई के लिए कंपनियों ने ईंधन शुल्क और अतिरिक्त अधिभार लागू किया है।
- एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने घरेलू टिकट पर 399 रुपये का ईंधन शुल्क लगाया है, विदेशी उड़ानों के लिए भी दरें बढ़ा दी गई हैं। इससे यात्रा महंगी हो गई है।
- इंडिगो 425 से 2,300 और अकासा एयर 199 से 1,300 रुपये तक का ईंधन शुल्क वसूल रही हैं। यह राशि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए अलग-अलग तय की गई है।

## दुर्लभ खनिज के विनिर्माण बढ़ावा देने को बोलियां आमंत्रित

**नई दिल्ली।** सरकार ने 7,280 करोड़ रुपये की सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट (आरईपीएम) की विनिर्माण प्रोत्साहन योजना के तहत 6,000 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष (एमटीपीए) क्षमता के दुर्लभ खनिज (चुंबक) विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं।

भारी उद्योग मंत्रालय ने एकीकृत सिंटर्ड एनडीएफईबी (नियोडिमियम-आयरन-बोरोन) दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट) विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए लाभार्थियों के चयन के लिए प्रस्ताव आमंत्रण (आरएफपी) जारी किया है।



> हमारे कई प्रमुख खिलाड़ी नहीं खेल रहे हैं लेकिन हमारे पास अच्छे खिलाड़ियों की कमी नहीं है। पिच शुरू में थोड़ी मुश्किल लग रही थी। यह अच्छी बात थी कि दोनों खिलाड़ियों (कॉनवे और लैथम) ने इसे बखूबी संभाला।
> **– मिशेल सैंटनर, न्यूजीलैंड के कप्तान**

स्टेडियम

लखनऊ, शनिवार, 21 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

# आईपीएल के जरिये वनडे विश्व कप संभावितों को तलाशेंगे चयनकर्ता

## चयन समिति के सदस्य अपने-अपने बेस में मैचों के दौरान मौजूद रहेंगे, बाकी टीवी पर देखेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



वनडे विश्व कप में अभी एक साल का समय है, लेकिन भारत के 20 संभावित खिलाड़ियों का अनुमान लगाया जा चुका है। पांचों राष्ट्रीय चयनकर्ता 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में इन खिलाड़ियों पर नजर रखेंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने शुक्रवार को पीटीआई को यह जानकारी दी।

अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति में एस एस दास, आर पी सिंह, अजय रात्रा और प्रज्ञान ओझा हैं। विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में 2027 अक्टूबर नवंबर में होगा।

चयन समिति के सदस्य अपने अपने बेस में मैचों के दौरान मौजूद रहेंगे जबकि बाकी मैच टीवी पर देखेंगे। आईपीएल के पहले मैच में गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। सीनियर अधिकारियों ने इन अटकलों को भी खारिज किया कि टी20 विश्व कप जीतने के बाद अगरकर ने अपना कार्यकाल 50 ओवरों के विश्व कप तक बढाने की मांग की है।

बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा चयन समिति बीसीसीआई की एक उप समिति है और चयनकर्ताओं का अनुबंध इस साल सितंबर तक है। अजित का करार सितंबर में खत्म हो रहा है जिसके बाद बीसीसीआई सचिव और अजित तय करेंगे कि वह अगले साल वनडे विश्व कप तक रहेंगे या नहीं। एक सीनियर चयनकर्ता चार साल तक पद पर रह सकता है और उसे करार बढ़ाने का अनुरोध करने की जरूरत नहीं है।

अगरकर जुलाई 2023 में चयन समिति के अध्यक्ष बने थे और उन्होंने विराट कोहली तथा रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद टेस्ट और टी20 में बदलाव का दौर देखा है। अगरकर मुंबई में रहते हैं जबकि दास कोलकाता के रहने वाले हैं। आर पी और रात्रा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहते हैं जबकि ओझा अपने हिस्से के आईपीएल मैच बेंगलुरू और हैदराबाद में देखेंगे। बीसीसीआई चाहता है कि हर चयनकर्ता कम से कम हर सप्ताह एक मैच देखे जिससे पांच मैच प्रति सप्ताह हो जाएंगे। इसके अलावा टीवी पर मैच देख सकते हैं। टी20 विश्व कप 2028 और उसी साल ओलंपिक को देखते हुए इस साल आईपीएल में उन 20 खिलाड़ियों को तलाशने पर नजर होगी जो 50 ओवरों का विश्व कप खेलेंगे। चयन समिति मुल्लांपुर में छह से 10 जून तक अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए भी सर्वश्रेष्ठ टीम उतारेगी हालांकि इस मैच से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अंक नहीं मिलने हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के स्टार क्रिकेटर मिचेल स्टार्क शुरुआती मैच नहीं खेलेंगे

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड समेत चार तेज गेंदबाज इस महीने के आखिर में शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के सत्र के शुरुआती मैच नहीं खेल सकेंगे, जिससे उनकी टीमों को करारा झटका लगा है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की रिपोर्ट के अनुसार स्टार्क, कमिंस और हेजलवुड आईपीएल की शुरुआत में उपलब्ध नहीं होंगे, जबकि नाथन एलिस पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया आगामी व्यस्त सत्र को देखते हुए काफी संभलकर अपने तेज गेंदबाजों का कार्यभार प्रबंधन कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया को अगले एक साल में 21 टेस्ट खेले हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड का दौरा करेगी जबकि 2027 में वनडे विश्व कप होना है। रिपोर्ट में कहा गया ये तीनों तेज गेंदबाज अगले कुछ सप्ताह में लौटेंगे। टेस्ट कप्तान कमिंस ने कमर की चोट के कारण पिछले सत्र में एक ही टेस्ट खेला है जबकि हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गए थे। दोनों ने टी20 विश्व कप भी नहीं खेला। स्टार्क ने पांचों एशेज टेस्ट खेले और बिग बैश लीग में भी हिस्सा नहीं। टी20 क्रिकेट से संन्यास के कारण वह विश्व कप का हिस्सा नहीं थे। आस्ट्रेलियाई चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने कहा कि कमिंस और हेजलवुड की उपलब्धता 'टाइमिंग' का मसला है।

### हमारी गेंदबाजी को काफी निखार रहे भरत सर : ऋषभ पंत

लखनऊ। आईपीएल के पिछले सत्र में गेंदबाजी लखनऊ सुपर किंग्स की कमजोर कड़ी थी, लेकिन कप्तान ऋषभ पंत का कहना है कि सहयोगी स्टाफ में भरत अरुण के आने से इस विभाग में टीम को मजबूत करने में काफी मदद मिल रही है। पंत ने जियोस्टार से बातचीत में लखनऊ टीम के चेन्नई में लगाये गए शिविर और भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच अरूण के जुड़ने से टीम के युवा तेज गेंदबाजों को मिल रही मदद के बारे में बताया। पंत ने कहा तेज गेंदबाजों के साथ शिविर बेहतरीन रहा। भरत अरुण सर के आने से काफी मदद मिल रही है। हमने इस पर काफी बात की है कि मैं गेंदबाजों से क्या चाहता हूं और वह इसमें क्या मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा वह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी कोचों में से एक हैं और उनके साथ काम करने के अनुभव के कारण मुझे पूरा भरोसा है। वह अपने साथ अपार अनुभव लाये हैं। गेंदबाजों को उन पर भरोसा है और वे उनसे बात करते हैं। आपको एक गेंदबाजी कोच से यही चाहिए होता है। पंत ने कहा पिछले सत्र का प्रदर्शन देखें तो हमें गेंदबाजी में सुधार की जरूरत थी। इसमें अरुण सर हमारी मदद कर सकते हैं और मुझे खुशी है कि वह टीम के साथ हैं। ड्रेसिंग रूम में सबसे मजाकिया इंसान पंत ने कहा कि इससे तनाव के पलों में माहौल हल्का करने में मदद मिलती है।



कोलकाता नाइट राइडर्स के असिस्टेंट कोच शेन वॉटसन, हेड कोच अभिषेक नायर मेंटर ड्वेन ब्रावो और कप्तान अजिंक्य रहाणे (बाएं से क्रमश:)। एजेंसी

# हर्षित राणा आईपीएल के पूरे सत्र से बाहर

**कोलकाता, एजेंसी**



तेज गेंदबाज हर्षित राणा टी20 विश्व कप से पहले अभ्यास मैच के दौरान लगी चोट के कारण शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं जो कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए बड़ा झटका है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के टी20 विश्व कप अभ्यास मैच के दौरान इस तेज गेंदबाज के दाहिने घुटने के लिगामेंट में खिंचाव आ गया था। इसके बाद फरवरी में उनकी सर्जरी हुई और उन्हें लंबे समय तक रिहैबिलिटेशन के लिए जाना पड़ा।

केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने कहा यह बड़ा झटका है क्योंकि हर्षित राणा पिछले कुछ सत्र से टीम के अभिन्न अंग रहे हैं। इनमें वह सत्र भी शामिल है जिसमें टीम चैंपियन बनी थी। पिछले एक साल में उन्होंने एक क्रिकेटर के रूप में काफी तरक्की की है। उन्होंने कहा हमें हर्षित राणा की कमी खलेगी। उनकी जगह भरना आसान नहीं है। लेकिन पिछले कुछ दिनों में हमने कई गेंदबाजों को परखा है कि कौन इस भूमिका में फिट बैठता है और कौन अपनी पूरी क्षमता से यह काम कर सकता है। उम्मीद है कि हम कुछ दिनों में फैसला ले लेंगे।

### कप्तानी की चुनौती के लिए तैयार रहाणे

कोलकाता। पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन और टीम में कई बदलाव करने के बावजूद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कप्तान अजिंक्य रहाणे पर अपना भरोसा बरकरार रखा है, जिन्होंने शुक्रवार को यहां कहा कि वह शांति और सकारात्मकता के साथ जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हैं। रहाणे ने पिछले सत्र में 390 रन बनाए लेकिन उनकी टीम केवल पांच मैच ही जीत पाई और आखिर में आठवें स्थान पर रही। इस अनुभवी बल्लेबाज ने कहा कि उन पर किसी तरह का दबाव नहीं है और वह सही मानसिकता के साथ चुनौतियों का सामना करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## हाईलाइट

### आईएमएल के दूसरे सत्र में भाग लेंगे दिग्गज क्रिकेटर

मुंबई। सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, युवराज सिंह, शेन वाटसन, क्रिस गेल और कुमार संगकारा जैसे धुरंधर पूर्व क्रिकेटर 24 अक्टूबर से 14 नवंबर तक होने वाले इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) के दूसरे सत्र में भाग लेंगे। ये मैच मुंबई, वडोदरा और विशाखापत्तनम में खेले जाएंगे। लीग के कमिश्नर सुनील गावस्कर ने कहा आईएमएल के पहले सत्र ने साबित कर दिया कि दिग्गज क्रिकेटरों का जादू अभी भी प्रशंसकों के सिर चढकर बोलता है। दूसरे सत्र में फोकस उस अनुभव को बेहतरीन प्रतिस्पर्धा, यादगार पलों और खेल के लिये उसी जुनून से जोड़ने पर रहेगा। दूसरे सत्र में छह फ्रेंचाइजी टीमें भारत, आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और श्रीलंका की होंगी।

### श्रीलंका ने चमीरा निसंका और मेंडिस को एनओसी जारी की

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने शुक्रवार को दुशमंथा चमीरा, पथुम निसंका और कामिंदु मेंडिस को आईपीएल में भाग लेने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी कर दी, क्योंकि यह तीनों खिलाड़ी फिटनेस परीक्षण में सफल रहे थे। तेज गेंदबाज चमीरा और सलामी बल्लेबाज निसंका दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा हैं, जबकि ऑलराउंडर कामिंदु मेंडिस को सनराइजर्स हैदराबाद ने अपनी टीम में बनाए रखा है। हालांकि नुवान तुषारा (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), वानिंदु हसरंगा (लखनऊ सुपर जाइंट्स), ईशान मलिंगा (सनराइजर्स हैदराबाद) और मथीशा पथिराना (कोलकाता नाइट राइडर्स) को अपनी एनओसी के लिए इंतजार करना होगा। इन सभी खिलाड़ियों को फिटनेस परीक्षण में सफल रहने के बाद ही एनओसी जारी की जाएगी।

### तन्वी ऑरलियन्स मास्टर्स के सेमीफाइनल में

ऑरलियन्स। भारत की तन्वी शर्मा ने जापान की छठी वरीयता प्राप्त नात्सुकी निदैरा को सीधे गेम में हराकर शुक्रवार को यहां 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी ऑरलियन्स मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता इस 17 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने महिला एकल क्वार्टर फाइनल में 43 मिनट में 21-14 21-14 से जीत दर्ज की। तन्वी का अगला मुकाबला जापान की पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा और वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### कजाखस्तान हॉकी टीम भारत में कर रही हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग

नई दिल्ली। कजाखस्तान की सीनियर पुरुष हॉकी टीम एशियाई खेलों के क्वालीफायर के लिये भारतीय खेल प्राधिकरण के सोनीपत स्थित उत्तर क्षेत्र केंद्र पर 10 से 21 मार्च तक हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग कर रही है। भारत के प्रमुख हॉकी अभ्यास केंद्रों में से एक पर वल रहे इस शिविर में आधुनिक अनुकूलन सुविधायें, विश्व स्तरीय कृत्रिम टर्फ और बेहद प्रतिस्पर्धी माहौल है जिससे कजाखस्तान को अच्छा अभ्यास मिल रहा है। अंतर्राष्ट्रीय टीमों की मेजबानी और मदद के जरिये भारत को खेलों में श्रेष्ठता का वैश्विक केंद्र बनाने के खेल मंत्रालय के विजन के तहत यह पहल की गई है।

### गोल्फर रिधिमा ने वर्ष 2026 का तीसरा खिताब जीता

नोएडा। रिधिमा दिलावरी ने खराब शुरुआत (बोगी -बोगी) के बाद शानदार वापसी करते हुए लगातार तीसरा राउंड 71 के स्कोर के साथ पूरा किया और जेपी विशटाउन गोल्फ कोर्स में हीरो विमेंस प्रो गोल्फ टूर के छठे चरण में जैस्मिन शेखर को पीछे छोड़ दिया। पर -71 लेआउट पर खेलते हुए, रिधिमा, जो फाइनल राउंड की शुरुआत में जैस्मिन से तीन शॉट पीछे थीं, सिर्फ दो होल के बाद पांच शॉट पीछे हो गई थीं। इसके बाद रिधिमा ने शानदार वापसी करते हुए बाकी के 16 होल में दो बर्डी बनाईं और कोई बोगी नहीं की, जबकि जैस्मिन ने 4-ओवर 75 का स्कोर बनाया, जिसका अंत एक बोगी के साथ हुआ। जब जैस्मिन और रिधिमा 18वें टी पर पहुंचीं, तो वे इवन पार पर बराबरी पर थीं।

# न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर श्रृंखला में बढ़त बनाई

**ऑकलैंड (न्यूजीलैंड), एजेंसी**



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते न्यूजीलैंड के बल्लेबाज टॉम लैथम। एजेंसी

टॉम लैथम की 63 रन की नाबाद पारी और डेवोन कॉनवे के साथ उनकी पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को यहां तीसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका पर आठ विकेट से आसान जीत हासिल की।

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज फिर से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और उसकी टीम नौ विकेट पर 136 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 137 रन बनाकर 22 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर दिया और इस तरह से पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त हासिल कर ली।

कॉनवे ने 39 रन बनाए जबकि लैथम ने अपना चौथा टी20 अर्धशतक बनाया। टिम रॉबिंसन ने 17 रन का योगदान दिया। इस श्रृंखला में अभी तक बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां अनुकूल नहीं रही हैं। दक्षिण अफ्रीका को पहले मैच में केवल 91 रन का लक्ष्य मिला था जो उसने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया था। दक्षिण अफ्रीका की टीम दूसरे मैच में 107 रन पर आउट हो गई और न्यूजीलैंड ने 68 रन से जीत हासिल की।

दक्षिण अफ्रीका ने इस श्रृंखला में शुक्रवार को पहली बार 20 ओवर तक बल्लेबाजी की। उसकी तरफ से नकोबानी मोकोएना ने 20 गेंद पर सर्वाधिक नाबाद 26 रन बनाए। लैथम और कॉनवे ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले दो ओवरों में पांच रन और पहले तीन ओवरों में 12 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने चौथे ओवर में मोकोएना पर 14 रन और लुथो सिपामला द्वारा किए गए पांचवें ओवर में 21 रन बनाकर न्यूजीलैंड को आसान जीत की राह पर अग्रसर किया। कॉनवे ने 11वें ओवर में केशव महाराज की गेंद पर सीमा रेखा पर कैच दिया। जब स्कोर बराबर था तब रॉबिंसन भी आउट हो गए। निक केली ने विजयी रन बनाया। चौथा मैच रविवार को वेलिंगटन में खेला जाएगा।

### महिला क्रिकेट टीम दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका जाएगी

नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम 20 से 23 दिसंबर तक गकेबेरहा में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार है। इस दौरे में तीन मैचों की वनडे सीरीज भी शामिल है। आईसीसी महिला चैंपियनशिप का हिस्सा ये वनडे मैच 9 से 15 दिसंबर तक पोचेफ्सट्रूम, ब्लूमफोंटेन और केपटाउन में खेले जायेंगे। यह टेस्ट मैच इस फ़ॉर्मेट में दोनों टीमों के बीच सिर्फ़ चौथी भिड़ंत होगी, और सेंट जॉर्ज पार्क में खेला जाने वाला सिर्फ़ दूसरा महिला टेस्ट मैच होगा। इस दौरे की शुरुआत 6 दिसंबर को बेनोनी में साउथ अफ्रीका इमर्जिंग टीम के खिलाफ एक वार्म-अप मैच से होगी। भारत का यह दौरा दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के लिए एक हाई-प्रोफ़ाइल घरेलू सीजन का पहला हिस्सा होगा<bha>;</bha> इसके बाद नए साल में 18 मार्च से 11 अप्रैल, 2027 तक ऑस्ट्रेलिया की टीम एक पूरे मल्टी-फ़ॉर्मेट दौरे के लिए आएगी। ऑस्ट्रेलिया के इस दौरे में तीन टी20, तीन वनडे और एक टेस्ट मैच शामिल होंगे। टी20 सीरीज़ किम्बर्ली, बेनोनी और ईस्ट लंदन में खेली जाएगी।

# भारत की अंडर-20 महिला टीम एशियाई कप खेलने थाईलैंड पहुंची

**बैंकॉक, एजेंसी**



भारत की 24 सदस्यीय अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम थाईलैंड में अगले महीने होने वाले एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप से पहले 15 दिन के शिविर में भाग लेने शुक्रवार को यहां पहुंच गई।

भारतीय टीम ने दो दशक बाद इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। यह टीम दो अप्रैल को जापान के खिलाफ ग्रुप सी के पहले मुकाबले से पूर्व13 दिन अनुकूलन शिविर में भाग लेगी। भारत को पांच अप्रैल को आस्ट्रेलिया से और आठ अप्रैल को चीनी ताइपै से खेलना है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीसरे स्थान की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल खेलेंगी। क्वार्टर फाइनल जीतने वाली टीमें पोलैंड में इस साल होने वाले फीफा अंडर 20 विश्व कप में जगह बनाएंगी। भारतीय टीम ने इंडियन वुमैंस लीग के पहले चरण के बाद बेंगलुरु में स्वीडिश कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन के मार्गदर्शन में अभ्यास किया है। इसके अलावा स्वीडन में एक महीने का अभ्यास शिविर भी लगा था।

- दो दशक बाद इस टूर्नामेंट के लिए भारत ने किया क्वालीफाई

**टीम**

गोलकीपर : मोनालिसा देवी एम, नंदिनी, रिबांसी जामू, डिफेंडर : अलका इंदवार, सिंडी आर कोलनी, निशिमा कुमारी, रेमी थोकचोम, रूचि यादव, सहीना टीएच, शुभांगी सिंह, टी चानू तोइजाम, मिडफील्डर : अंजू चानू कायेनपेइबाम, अरिना देवी एन, भूमिका देवी, मोनिशा सिंघा, नेहा, पूजा, श्रुति कुमारी, फॉरवर्ड : बबीता कुमारी, दीपिका पाल, लिंगदेइकिम, शिलजी शाजी, सिबानी देवी एन, सुलांजना राउल।

### ईरान की महिला फुटबॉल टीम का तेहरान पहुंचने पर भव्य स्वागत

तेहरान। ईरान की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम का यहां लौटने के बाद भव्य स्वागत किया गया जबकि कई खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगी थी। मिडफील्डर फातिमा शबान ने कहा सबसे पहले तो मैं ईरान आकर बहुत खुश हूं क्योंकि यह हमारा देश है। दर्शकों ने झंडे लहराये और कुछ खिलाड़ियों के हाथ में गुलदस्ते भी थे। शबान ने अनुवादित बयान में कहा मैंने सोचा नहीं था कि इतने लोग हमारा स्वागत करने आयेंगे। मुझे ईरान की बेटी होने की खुशी है।

**तैयारी**

बोले- आपसी संबंधों को मजबूत करने पर दे रहे ध्यान

# श्रेयस अय्यर का लक्ष्य पंजाब किंग्स को ट्रॉफी दिलाना

**मोहाली, एजेंसी**



पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने शुक्रवार को कहा कि उनकी नज़र ट्रॉफी पर है और उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले मैदान के बाहर आपसी संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

अय्यर ने मोहाली में फ्रेंचाइजी की जर्सी के अनावरण समारोह में कहा यह वह समय है जब हम दो महीने तक एक परिवार की तरह रहते हैं। जितना अधिक समय हम साथ बिताते हैं, उतना ही हम एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जान पाते हैं। यही वह समय है जब हम अपने बीच सौहार्दपूर्ण संबंध मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा हम अपना अधिकतर समय गेम रूम में फीफा और अन्य गेम खेलते हुए बिताते हैं। मैचों के लिए रणनीति आमतौर पर मैच से एक या दो दिन पहले बनती है, लेकिन मैदान के बाहर यह मजबूत रिश्ता हमें आखिर में बेहतर परिणाम हासिल करने में मदद करता है। पंजाब किंग्स अपने अभियान की शुरुआत 31 मार्च को घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटन्स के खिलाफ करेगा। अय्यर को उनके प्रशंसकों ने ''सरपंच साहब'' का उपनाम दिया है और वह जानते हैं कि उनसे काफी उम्मीद की जा रही है। उन्होंने कहा हमसे काफी उम्मीद की जा रही है जो अच्छा भी है। मुझे चुनौती पसंद है। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि जब भी हम मैदान में उतरें, हमें जीतना होगा। मेरी नज़र ट्रॉफी पर है। अय्यर को हाल के दिनों में चोटों से भी जूझना पड़ा लेकिन अब वह पूरी तरह से फिट हैं।

उन्होंने कहा चोट के बाद वापसी करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। मेरा वजन लगभग सात किलो कम हो गया था और उसे वापस पाने में काफी मेहनत लगी। लेकिन मुझे चुनौतियां पसंद हैं। मुझे खुशी है कि मैंने अपने जीवन के उस दौर को पार कर लिया है और मैं पूरी तरह फिट होकर टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए यहां वापस आया हूं।

### राजस्थान रॉयल्स के लिए नहीं खेल सकेंगे चोटिल सैम करेन

जयपुर। इंग्लैंड के करिश्माई हरफनमौला सैम करेन ग्रोइन की चोट के कारण राजस्थान रॉयल्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का अगला सत्र नहीं खेल सकेंगे जबकि टीम विकल्प पर विचार कर रही है। भारत से टी20 विश्व कप सेमीफाइनल हारने वाली इंग्लैंड टीम के सदस्य रहे करेन को राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स से खरीदा था। उनके बदले में संजू सैमसन अब चेन्नई टीम के लिये खेलेंगे। पंजाब किंग्स और चेन्नई के लिए खेल चुके 27 वर्ष के कुरेन को आईपीएल 2023 सत्र के पहले 18 .5 करोड़ रुपये में खरीदा गया था लेकिन चोट के कारण वह बाहर ही रहे।